# पवित्र आत्मा पर प्रश्न और उत्तर

और कल रात के बाद हम बस सभी भर गए हैं। मैंने आज बहुत से लोगों की अच्छी खबर सुनी हैं जिन्होंने पवित्र आत्मा को पाया है। और हम इसके लिए खुश हैं।

2 आज रात हमारे साथ भाई ग्राहम को पाकर खुश है, जो यहाँ हमारे सहयोगीयों में से एक आराधनालय से है, जो यूटिका में होलीनेस कलीसिया के पास्टर है। और भाई जैक्सन, वो यहाँ कल रात को थे, मैं सोचता हूँ कि वे थे, या वो यहाँ श्रोतागणों के बीच कहीं तो पीछे बैठे हुए है, किसी ने बताया, में... हां, मैं अब श्रोतागणों में भाई जैक्सन को पीछे देखता हूं। और—और भाई रुडेल, क्या वो आज रात यहाँ पर है? यह हमारे एक और सहयोगियों में से एक है जो यहाँ "62" पर है। हमें उन्हें यहाँ अंदर पाकर ख़ुशी हुई। और हमारे साथ... ओह, भाई पैट, और ये सभी दुसरे भाई लोग, हमारे—और बाहर श्रोतागणों में है। हम आज रात आप सभी को यहां पाकर खुश हैं।

3 अब, यदि मैं इस बात को उचित समझू, तो मैं उन में से कुछ अच्छे प्रचारकों को आप से बात करने के लिए यहाँ ऊपर लाऊंगा, क्योंकि मेरा कल रात इतना अधिक समय लेने से गला ख़राब हो गया है।

4 अब, मेरी पत्नी, वह मेरा सुधार करती है; आप समझते होंगे, भाइयों, कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूँ। उसने कहा कि पिछली रात को पीछे बैठे हुए लोग मुझे नहीं सुन पाए, क्योंकि मैं इस माइक में बोल रहा था। और अब, इससे पहले कि मैं शुरू करूं, मैं कुछ प्रयास करने जा रहा हूं। अब, मैं सोचता हूँ कि क्या यह बेहतर है। क्या यह बेहतर तरीका है जो सबसे पीछे की ओर लोग है? या फिर यह माइक बेहतर है? क्या यह बेहतर है? अब, प्रिय, यह एक बार मुझे तुम्हारे सामने एक संकेत मिला है। अब, वे कहते हैं कि यह बेहतर है। तो ठीक है। ओह, प्रभु! यह एक महिला है। यह एक अच्छी महिला है, क्योंकि यह एक लंबे समय से मेरे साथ रही है। वो अक्सर सही होती है।

5 तो ठीक है, हमने निश्चित रूप से उन तीन रातों की सभा में बहुत अच्छा समय बिताया है; मैंने बिताया। और अब, पिछली रात की टेप को

छोड़कर सारे टेप... मैंने भाई गोआड को फोन किया और उनसे कहा कि आकर आराधनालय के लिए टेप ले लीजिये। लेकिन ऐसा हुआ कि मैं समझता हूँ कि बिली पॉल अपनी कार को लेकर और चला गया, इसलिए जहां तक मैं समझता हूं टेप को नहीं लिया गया था। तो हम उस एक से चूक गए। मैंने इसे कलीसिया में रखना पसंद किया क्योंकि कलीसिया के लिए क्योंकि—यदि कोई कहे—हम किस पर विश्वास करते हैं।

6 अब, आज रात मैं *वो महान वार्तालाप* पर बोलने जा रहा हूँ, यदि मैं समय पर प्रश्नों को ले सकता हूँ। और उसके बाद, कल सुबह एक चंगाई की सभा है। और हम बीमारों के लिए प्रार्थना करने जा रहे हैं। इसलिए, हम बाहर नहीं दे सकते—या बस जाकर और कहे, "अब, मैं आपको, और आपको, और आपको प्रार्थना के लिए लेने जा रहा हूँ।" यह सही नहीं होगा। लेकिन हम कार्डों के एक वर्ग को लोगो को देते हैं, और जहाँ कहीं वे उन कार्डों के साथ है, मैं कुछ लोगो को मंच पर बुलाता हूं। और फिर, यदि पवित्र आत्मा प्रकट करना आरंभ करता है, फिर यह श्रोतागणों में से होकर जाता है और श्रोतागणों में से लोगों को चंगाई की सभा के लिए लेता है। और फिर, कल सुबह, मैं प्रचार करने वाला हूँ, प्रभु ने चाहा तो, चंगाई सभा से ठीक पहले।

7 मैं अपनी पत्नी को हंसते हुए देखता हूं। प्रिय, क्या तुम मुझे बिल्कुल नहीं सुन सकती हो? ओह, तुम मुझे सुन रही हो। अच्छा, यह अच्छी बात है। वह पीछे की ओर बैठती है और यदि ये—मुझे सुन नहीं पाती है, वो अपना सिर को हिलाती है, "आपको... आपको सुन नहीं पा रही हूँ, आपको सुन नहीं पा रही हूँ।"

8 तो कल—कल की रात पानी के बपतिस्मा सभा के साथ एक सुसमाचारक की सभा है। और उसके बाद, जैसे ही मैं कल रात को प्रचार में से होकर समाप्त करता हूँ, हम पर्दों को पीछे खींचेंगे और कल रात को यहाँ पर पानी का बपतिस्मा लेंगे। यदि प्रभु ने चाहा तो, यदि प्रभु की इच्छा हुई, तो सुबह को मैं चाहता हूं—या कल रात मैं इस विषय पर बोलना चाहता हूँ: *एक—एक चिन्ह को दिया गया था।* और फिर, यदि हम बुधवार की रात यहां हैं, यदि परमेश्वर मुझे बुधवार की रात यहां रहने की अनुमति देता हैं, मैं इस विषय पर बोलना चाहता हूं: *हमने पूर्व में उसके तारे को*

*देखा है और उसकी आराधना करने को आए हैं।* अब, यह बस क्रिसमस की पूर्व संध्या है।

9 और फिर, क्रिसमस के तुरंत बाद क्रिसमस की छुट्टी का सप्ताह है। जहाँ हम सारे पत्रों को लेते हैं... भाई मर्सिएर और वे आमतौर पर उन सभी पत्रों को निकालते हैं। और हम उन सभी को बिछा देते हैं, और हम इन पत्रों पर प्रार्थना करते हैं और प्रभु से मांगते है कि हमें संसार में उस स्थान की ओर अगुवाही करे जहां हमें जाना होगा।

10 अब, वे, क्रिश्चियन बिजनेस मेन, के पास एक बड़ी श्रृंखला है, यही मुझे उनके सम्मेलन के लिए तुरंत फ्लोरिडा में होना है। वहाँ से किंग्स्टन जाना है, उसके बाद वहां से हैती पर, और आगे प्यूर्टो रिको में, दक्षिण अमेरिका के अंदर, मेक्सिको में से होकर ऊपर वापस।

11 लेकिन ऐसा लगता है कि प्रभु मुझे नॉर्वे की ओर ले जा रहा हैं। मैं नहीं जानता क्यों। आप *परमेश्वर से भेजा गया मनुष्य* नामक छोटी किताब को जानते हैं? यह नॉर्वे में सबसे ज्यादा धार्मिक प्रकाशित हुई किताब है। इस पर सोचे, कि प्रभु ने वहां क्या किया है। और जब मैं वहां पर था, तो वे मुझे बीमारों पर हाथ नहीं रखने देते थे। मैं वहां पर तीन रातों तक था। और उन्होंने मुझे बीमारों पर हाथ रखने नहीं दिया। तो आप देखे कि परमेश्वर क्या कर सकता हैं। भीड़ इतनी अधिक थी कि उन्हें घुड़सवार पुलिस, घोड़े लेने पड़े थे, और लोगों को सड़कों पर से बाहर हटाया गया, जिससे कि मैं उस स्थान पर पहुंच सकूं। और मैंने बीमारों पर हाथ नहीं रखा। हालांकि मैंने उनके लिए प्रार्थना की; उन्हें एक दूसरे पर हाथ रखने दिया।

12 इसलिए... [कोई तो भाई ब्रन्हम से बात करता है—सम्पा।] हाँ, तब, मुझे यकीन है। अब, कल सुबह... अब, आज रात, हो सकता है हम अब इन प्रश्नो के अंदर जायेंगे, क्योंकि हमारे पास कुछ वास्तविक अच्छे प्रश्न हैं। और मैं नहीं जानता कि प्रभु हमें कब तक इस पर रखेगा। और उसके बाद, कल सुबह या तो बिली पॉल, जीन, या लियो, कोई एक, आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक प्रार्थना कार्ड को देने के लिए यहां पर होगा। अब, जो शहर के बाहर के लोग है, मुझे इसे फिर से बताने दें जिससे कि आप भूल न जाएं। यदि आप पंक्ति में आना चाहते हैं, यदि संभव हो तो हम शहर से बाहर के लोगो को लेंगे।

13 अब, कभी–कभी यहाँ कलीसिया में हम एक स्थान पर पहुँच जाते हैं जहाँ वे कहते हैं, “तो ठीक है… ” हम शहर के बाहर के लोगो को लेते हैं, उन्हें ऊपर लाते है… कोई कहेगा, “तो, मैं नहीं जानता कि उनके साथ क्या तकलीफ थी। हो सकता है कि वे कह रहे हों कुछ तो तकलीफ है।” तब तुम शहर के लोगो को पाते हो; कहते हैं, “ओह, आप शायद उन्हें जानते होंगे।” इसलिए… तब वे कहते हैं—इसे बताया गया है, “तो, मैं आपको बताता हूँ, यह प्रार्थना कार्ड में है।” तो ठीक है, उनका क्या, जिनके पास प्रार्थना कार्ड नहीं हैं। और दिन प्रतिदिन ऐसा होता आया है जब यह…

क्या कहा? [भाई ब्रंहम को माइक्रोफ़ोन से पीछे खड़े होने के लिए कहा जाता है—सम्पा।] माइक से पीछे खडा हो जाऊं? ठीक है, आप जानते हैं, मैं हमेशा ही रास्ते के बीच में प्रचार करता हूं। तो हो सकता है मैं इसे इस प्रकार से लूंगा। क्या यह बेहतर है? यह बेहतर है। यह ठीक है। मैं आपको बताऊंगा कि ये क्या है। हमारी—हमारी जनता को संबोधित करने का प्रबंध यहां बहुत ही खराब है, बहुत ही खराब। और हम अब और बेहतर होने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, इसलिए हम चाहते हैं कि नया भवन तुरंत बनाया जाए। और उसके बाद जब हमारे पास बहुत जगह होगी (समझे? ), यदि हम यहाँ पूरा सकते है और इस स्थान को थोड़ा और बड़ा करके, और कुछ और स्थान बना सकते है, और सभाओ के लिए तैयार कर सकते है जब हमारे पास यहाँ वे सभाये होती है।

14 और अब, याद रखना, सुबह को लड़के, उनमें से एक या तीन जन, साढ़े–आठ के बीच कार्ड दे रहे होंगे, या, आठ और आठ–तीस को। इससे सभी को आराम से बैठने का मौका मिलता है। और मैं इस बारे में बात कर रहा था कि वे कार्ड कैसे देते हैं, हम ऐसा क्यों करते हैं। यह व्यवस्था को बनाये रखने के लिए है। देखा? अब, क्या हो यदि मैं यहाँ आकर, ठीक अभी की तरह और कहूँ, “*यह* महिला, *यह* महिला, और *वो* पुरुष, और *यह* महिला आ जाये… ? ” आप देखिए, यह एक प्रकार से—यह थोडा सा कठिन होगा। देखा? और फिर, यदि आप… बहुत सी बार मैंने ऐसा किया है। और यदि वे सुबह के समय बहुत ज्यादा लोग नहीं होते हैं, तो मैं इसी तरह से काम कर सकता हूं। मैं कहूंगा, “यहां कितने लोग शहर से बाहर के हैं आपके साथ कुछ तो गलत हुआ है, आप खड़े हो जाएं।”

15 भाई मर्सिएर, आप मेरे राहत देने के लिए आयेंगें। आप मेरी मदद करेंगे? [भाई मर्सिएर उत्तर देते है—सम्पा।] ओह, आप आ रहे है... वे अपने खुद के राहत के लिए आ रहे है। मैंने आज आपकी महिला मित्र से बात की। अब, बेहतर होगा कि आप मेरे लिए वास्तव में लाभदायक हो। समझे? तो ठीक है। अच्छी बात है। मैं—मैं उस हिम्मत की प्रशंसा करता हूं, भाई लियो। जब यह सही नहीं होता है, तो आओ हम—आओ हम इसे उतना ही सही कर ले जितना हम जानते हैं कि इसे कैसे किया जाए, जितना बेहतर हम कर सकते हैं।

16 सो अब, उसके बाद, शहर के बाहर के लोगों से उनके हाथ उठाने के लिए कहता हूँ जिनके साथ कुछ तो तकलीफ है। और फिर बस वहां खड़े होकर, एक व्यक्ति पर समर्पित करें जब तक पवित्र आत्मा आरंभ नहीं करता और सारी सभा के लोगो को ना ले लें। यहाँ कितने लोग थे जब उन्होंने देखा है ऐसा यहाँ किया गया है? निश्चय ही! देखा, समझे? इसलिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह किस तरह का है। यह बस...

17 मैं चाहता हूं कि आप इसे याद रखें, और मैं सुबह फिर से इस पर जाने की कोशिश करूंगा। अन्यजातियों, जो सुसमाचार उन्हें दिया गया है ये एक विश्वास का सुसमाचार है, काम बिल्कुल भी नहीं। देखा? और जैसा मैंने कल रात कहा था। जब पवित्र आत्मा पेंटीकोस्ट के दिन उतरा, जब वे यहूदियों के पास गए (प्रेरितों के काम 19:5), उन्हें उन पर हाथ रखना था जिससे कि वे इसे पा ले। और जब वे सामरियों के पास गए, उन्हें उन पर हाथ रखना था। लेकिन जब वे अन्यजातियों के पास आये कुरनेलियुस के घर में, "जब पतरस इन वचनों को बोल रहा था... " ना ही उनके ऊपर हाथो रखते हुए।

18 जब वो छोटी लड़की मर गई, याईर की बेटी, वो याजक, उसने कहा, "आकर उस पर हाथ रख, और वह जीवित हो जाएगी।" लेकिन जब रोमी सेनापति, उस अन्यजाति ने कहा, "मैं इस योग्य नहीं हूँ कि तू मेरी छत के नीचे आये, शब्द को बोल।" बस इतना ही। समझे?

19 सूरूफिनी स्त्री, युनानी वास्तव में वो जो थी, जब—जब यीशु ने उससे कहा, कहा, "यह बच्चो की रोटी लेकर कुत्तों के आगे डालना मेरे लिए उचित नहीं है।"

उसने कहा, “यह सच है, प्रभु; लेकिन तौभी कुत्ते भी तो मेज के नीचे बच्चो की रोटी का चूर चार खा लेते हैं।”

उसने कहा, “इस बात के कहने से; दुष्टात्मा तेरी बेटी में से निकल गई है।” तब अच्छी बातों को कहे। किसी के बारे में कुछ तो अच्छा कहो। यीशु के विषय में बात करे। कुछ तो वफादारी से कहे, कुछ तो सच्चा। शैतानों से छुटकारा पाने का यही तरीका है। उसने कभी नहीं कहा—उसने कभी भी लड़की के लिए प्रार्थना नहीं की। उसने उसके चंगे होने के विषय में कभी एक बात भी नहीं कही; उसने इतना ही कहा, “इस बात के कहने से, इस बात के कहने से... ”

20 हैटी राइट, एक दिन, उसने कुछ भी नहीं मांगा। वो बस वहीं पर बैठी हुई थी, लेकिन सही चीज को कहा, जिससे पवित्र आत्मा प्रसन्न हुआ। और पवित्र आत्मा वापस बोला और कहा, “हैटी, जो कुछ भी तुम चाहो मांग लो, जो कुछ भी तुम्हारे पास है और तुम चाहो। पता लगाये कि यह सच है या नहीं। कुछ भी मांग लो (उसकी छोटी अपाहिज बहन की चंगाई जो बुरी अवस्था में वहाँ बैठी हुई है; दस हजार डॉलर ताकि उसे वहां फिर कभी पहाड़ियों पर खुदाई न करना पड़े; या उसके बूढ़े शरीर को जवानी में वापस लाना हो); तुम जो कुछ चाहो मांग लो, तुम इसे ठीक अभी मांग लो। यदि वह अभी आकर और तुम्हें ये नहीं देता, तो मैं एक झूठा नबी हूँ।” यह—यह कुछ तो है, क्या ये नहीं है?

21 यीशु ने कहा, “इस पहाड़ से कहो... ” और आपने सुना है—किस बात ने जगह ली थी; यही वो सेवकाई है जिसमें हम प्रवेश कर रहे हैं। हम अब उस रास्ते पर हैं। जल्द ही प्रभु यीशु का आगमन है। और हमारे पास एक कलीसिया में रेपचर का विश्वास होना चाहिए जो हमें यहाँ से निकलने के लिए पल भर में पलक झपकते ही बदल सके, या तो हम नहीं जाएंगे। लेकिन चिंता मत करो, ऐसा वहाँ होगा। ऐसा वहाँ होगा। और जब *इस* कलीसिया की सामर्थ बढ़ने लगती है, तो यह अपने भाइयों को लाएगी; जब *उस* कलीसिया की सामर्थ बढ़ने लगती है, तो यह अपने भाइयों को लाएगी; *उस* कलीसिया की सामर्थ दूसरे भाइयों को ले आएगी; तब वहां एक सामान्य पुनरुत्थान होगा। और हम इसके लिए आगे देख रहे हैं।

22 अब, मत भूलना, प्रार्थना कार्ड सुबह आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक मिलेगे। फिर मैं उनसे चाहता हूँ जितने भी अंदर थे, उसके बाद बस कार्ड

देना बंद कर दे, और पीछे जाकर, और बैठ जाये (समझे? ), क्योंकि वे उन सभी को शायद उस समय तक किसी भी तरह से कार्ड दे देंगे, या ज्यादा से ज्यादा हम वहां से कहीं से लेने की कोशिश करेंगे। कार्ड बाँटने वाला उठकर, ठीक आपके सामने सारे कार्ड को मिला देगा, फिर यदि आप एक चाहते हैं, आप एक चाहते हैं, या इस तरह से उससे अधिक चाहते हैं... फिर जब मैं अंदर आऊंगा, तो मैं बस... जहां कहीं प्रभु कहता है, कि वहां से बुलाओ... और यदि उसने कहा, "बिल्कुल मत बुलाना," मैं उन्हें बिल्कुल नहीं बुलाऊंगा (देखा? ), बस जो कुछ भी है।

23 और मैं... वो सेवकाई किसी भी तरह लुप्त होने पर है; वहां कुछ तो और बढ़कर आ रहा है। याद रखें, यही है जो हर समय इस मंच पर से या इस पुलपीट पर कहा गया है, और यह अब तक कभी भी विफल नहीं हुआ है। आपको हाथ के बारे में सेवकाई याद है? देखा इसने क्या किया? हृदय के विचार, देखा इसने क्या किया? अब इसे देखें: शब्द को बोलो, और देखें कि यह क्या करता है। देखा? मैंने आपको यहां वर्षों पहले बताया था—कलीसिया (मैं इस भवन के लोगो से बात कर रहा हूँ)—वर्षो पहले, तीन या चार वर्ष पहले, कुछ तो प्रकट रूप लेना तय है; ये होना तय है। और यहाँ यह अब खुलते जा रहा है ठीक... यह अपने आप में आकार ले रहा है। अब, हम इसके लिए आभारी हैं। ओह, हम कितने आभारी हैं। बस बहुत ही खुश।

24 अब, हमारे पास यहां कुछ बहुत ही कठिन प्रश्न हैं, और सीधे हम उन पर जाना चाहते हैं। किसी ने तो इन सभी किताबो को देखा जो मेरे पास थी। मैंने कहा, "तो, एक चतुर व्यक्ति को बस एक की आवश्यकता होती है।" लेकिन मैं एक चतुर व्यक्ति नहीं हूं। मुझे देखने के लिए उनमें से बहुत कुछ होना है। खैर, यह द्विभाषी संस्करण है, और यह एक बाइबिल है, और यह एक तालमेल या सहमति है। तो यह एक... हम बस प्रभु से मागेंगे कि हमारी सहायता करे और हमें इन प्रश्नो के उत्तर देने के लिए निर्देशित करें केवल उसकी दैविक इच्छा और उसके वचन के अनुसार।

25 सो आइए अब हम प्रार्थना के लिए बस एक क्षण के लिए अपने सिरो को झुकाये। प्रभु, हम हमारे हृदय की गहराइयों से आपके धन्यवादित हैं जो कुछ आपने इन पिछले तीन रातों में हमारे लिए किया है। ओह, वहाँ पीछे कमरे में सेवको को भेंट करते हुए देखना और हाथो को मिलाते हुए,

और नए सिरे से विश्वास को देखना, और—और एक नये कदम को उठाते देख। फोन पर बात करते हुए... और हमारे ह्रदय आनंदित हो रहे है, और वे—वे आपके वचन को देखने के बाद लोग पवित्र आत्मा को पा रहे है, किस तरह से यह बिल्कुल ठीक एक, एक करके बताता है कि किस तरह से आपके पवित्र आत्मा को पाना है। हम इसके लिए बहुत ही आभारी हैं, प्रभु।

26 आप हमारे लिए चीजों को इतना साधारण बना देते हैं, क्योंकि हम एक साधारण से लोग हैं। और हम प्रार्थना करते हैं, परमेश्वर कि—कि आप हमेशा ही हमें पूरी तरह से अपने आप को साधारण बनाने देंगे। क्योंकि ये... यही वह जाति है जो खुद को नम्र करती है, उसे ऊंचा किया जाएगा। और संसार का ज्ञान परमेश्वर के लिये मुर्खता है; यह परमेश्वर को प्रसन्न करता है कि मूर्खता के प्रचार करने के द्वारा उन्हें बचाये जो खोये हुये थे।

27 और अब, पिता, यहाँ मेरे अधिकार में बहुत से प्रश्न हैं जो ईमानदार ह्रदय के द्वारा पूछे गए हैं जो मुद्दे हैं। और उनमें से एक गलत दिया गया उत्तर हो सकता है उस व्यक्ति को गलत रास्ते पर फेंक दे, उनके प्रश्न पर गलत दृष्टीकोण डालना यही है जो उन्हें चिंतित कर देता है। इसलिए प्रभु परमेश्वर, मैं प्रार्थना करता हूं कि आपका पवित्र आत्मा हम पर मंडराये और इन बातों को प्रकट करे, क्योंकि ये वचनों में लिखा है, "मांगो और तुम्हें यह दिया जायेगा; और ढूंढ़ो और तुम पाओगे; खटखटाओ और ये तुम्हारे लिये खोला जाएगा।" और यही है जो हम अभी कर रहे हैं, प्रभु, आपकी दया के द्वार पर खटखटा रहे हैं। आपके दैविक न्याय की परछाई में खड़े होकर, हम परमेश्वर के मसीह के लहू और पवित्र आत्मा के लिए याचना करते हैं।

28 और हम आज रात केवल इसलिए नहीं आए हैं क्योंकि हमने पवित्र आत्मा पर प्रचार करने की उन तीन रातों को समाप्त किया है, हम सबसे गहरे आदर और ईमानदारी के साथ आये हैं। हम आते हैं जैसे कि यह आखिरी रात है जो हम धरती पर अब तक रहे है। हम विश्वास करते हुए आते है कि आप हमारी प्रार्थनाओं का उत्तर देंगे। और प्रभु, अब आपसे हम मांगते है कि आपके अनन्त जीवन से हमें संतुष्ट करे। और आपके वचन के उत्तर देने में, होने पाए पवित्र आत्मा... ओह परमेश्वर, जैसा कि हमने पाया कि यह आप ही हमारे बीच में है, हम प्रार्थना करते हैं कि वह आज रात हम

पर उन चीजो को प्रकट करें जिनकी हम इच्छा करते हैं। और हम केवल ये इच्छा रखते है कि हमारे प्राण विश्राम में हो, और हमारे मनो में शांति हो, और परमेश्वर में विश्वास रखते हुए आगे बढ़ने के लिए ताकि उन आशीषों का दावा करे जिसकी उसने प्रतिज्ञा की है। हम इसे यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

29 अब, मेरे पास एक को छोड़ सारे प्रश्न हैं जो मुझे दिए गए थे। और मैंने छोटे भाई मार्टिन को उत्तर दिया, जिसने परसों रात को मुझसे एक प्रश्न पूछा था, केवल एक। कल रात को यहाँ पर बहुत सारे थे, लेकिन यह प्रार्थना की विनंती थी। और भाई मार्टिन ने मुझसे यूहन्ना 3:16 के बारे में प्रश्न पूछा—या यूहन्ना 3, मैं सोचता हूँ, जो इस विषय मे हैं, "जब तक मनुष्य पानी और आत्मा से न जन्मे, वह राज्य को नहीं देख सकता," और उसकी तुलना उस टेप से की जिसे मैंने इब्रानियों पर भेजा था। और मैं कल शाम यहाँ पीछे के कमरे में उनसे मिला, और—इससे पहले मुझे उसे उत्तर देने का मौका मिला, और तब मैंने इस विषय पर वहाँ उत्तर दिया।

30 अब, क्या यहाँ कोई है जो कल रात यहाँ पर नहीं था? आइए आपके हाथो को देखते हैं, जो कल रात यहां पर नहीं थे। ओह, हम, निश्चय ही सोचते है कि आप हमारे साथ होते। हमारे पास बहुत ही शानदार समय था। पवित्र आत्मा...

31 मैं हो सकता है, बस एक मिनट के लिए... इससे दुःख नहीं पहुंचेगा। यह टेप किया गया है। और यदि कोई सेवक ऐसा है—या कोई व्यक्ति जो इस बात से असहमत होता है जो मैं अभी क्या कहना चाह रहा हूँ, या उन प्रश्नो में भी, मैं पूछता हूं, भाई, कि आप इसे अटपटा नहीं समझेंगे, लेकिन यह—याद रखना कि यह टेप यहाँ हमारे आराधनालय में बनाया जा रहा है। हम हमारे लोगों को शिक्षा दे रहे हैं। विभिन्न विश्वास के बहुत से सेवक हर कहीं बैठे हुए हैं। और मैं फिर से इस विषय में जाना चाहूंगा, क्योंकि वहां पर हमारे कुछ लोग हैं जो कल रात को नहीं आ सके, जिन्हें मैं आज रात को देख रहा हूँ। और मैं कुछ समय के लिए इसमें से होकर जाना चाहता हूं, यदि आप इसकी अनुमति दें, जिस पर मैंने पिछली शाम को बताया था; और यह पेंटीकोस्ट पर था, पवित्र आत्मा को प्राप्त करने पर था।

अब, इस यूनानी अनुवाद के *सुसपष्ट द्विभाषी संस्करण* को पढ़ते हुए, जहाँ पर मैं पिछली शाम को था, जो अब मेरे सामने खुला हुआ रखा है।

यह मूल अनुवाद यूनानी से अंग्रेजी में है। यह अन्य अनुवादकों के जरिये से नहीं होता है, यह—और अन्य संस्करण से, यह सीधा यूनानी से अंग्रेजी में है। अब, अंग्रेजी शब्द, बहुत बार उनके लिए ऐसे अर्थ होते हैं, जैसे कि मैं अभी कहूंगा, *बोर्ड*। उस *बोर्ड* शब्द को लें। आप कहेंगे, "तो ठीक है, उसका मतलब कि हम उसे *बोर* कर रहे थे।" नहीं! "ओह, उसने—उसने अपने खाने का बोर्ड या *भुगतान* किया।" नहीं! अच्छा, वह... "यह घर के किनारे पर एक *बोर्ड* है।" तो, देखा? या उनमें से कोई भी... चार या पांच अलग–अलग शब्दों का इस्तेमाल किया जा सकता है; तब आपको वाक्य समझेगा। वो शब्द सी या *देखना*। *देखना* मतलब "समझना," अंग्रेजी में। सी या *समुद्र* का अर्थ है "पानी का समूह।" सी या *देखने* का मतलब देखें "उसकी ओर देखो।" देखा? लेकिन इन अनुवादों पर, यहाँ जिस शब्द का उपयोग किया गया है, जिसके बारे में मैंने पिछली रात प्रेरितों के काम के 2रे अध्याय में बोला था, जहाँ ये कहता है, "उन पर अग्नि की जीभे उन पर ठहर गयी... " अब, मैं बस कुछ क्षण के लिये पीछे जाना चाहूंगा। क्या आप चाहते हैं, बस कुछ क्षण के लिए, और इससे पहले कि हम और आगे बढ़ें, कुछ क्षण के लिए एक प्रकार से दोहराये?

32 अब, आप अपने किंग जेम्स में से या जो भी अनुवाद से आप पढ़ते हैं, उसे खोले... और मैं इसे पढ़ना चाहता हूं। और अब जरा ध्यान से सुनना। गलत मत समझना। आज बहुत लोगो ने, यहाँ तक मेरी बहन भी, उनमें से बहुतों ने फोन किया, कहा... श्रीमती मॉर्गन... उनमें से बहुत से कल शाम को थे। श्रीमती मॉर्गन हमारी बहनों में से एक हैं जिसे छोड़ दिया गया था; और वह सोलह, सत्रह साल पहले लुइसविले में मरने वाले लोगो की सूची में कैंसर के साथ थी। मुझे लगता है कि वह आज रात फिर से यहाँ पीछे बैठी हुई है। वो सुन नहीं पा रही है, उसने कहा, क्योंकि मैं सीधे माइक में से बोल रहा था। और उनके कारण मैं कुछ क्षण के लिए इस माइक पर जाना चाहता हूं।

33 अब, मैं प्रेरितों के काम 2 के इस वचन में से पढ़ रहा हूँ:

> ... *जब पेंटीकोस्ट का दिन पूरी तरह से आया, तो वे सब एक मन में थे*... (अब, मैं इसे पसंद करता हूँ, एक सहमति होने से अधिक ये बेहतर है: क्योंकि आप किसी भी विषय पर सहमति

जता सकते हैं, लेकिन यहां पर उनका मन एक जैसा था।)... *एक* मन और एक ही *स्थान में।*

*और एकाएक वहां आकाश से* तेज आंधी *की* सी सनसनाहट *का शब्द हुआ, और इस से*... सारा *घर जहां वे बैठे थे, भर गया।* (ना ही घुटने टेके हुए, ना ही प्रार्थना कर रहे थे, लेकिन बैठे हुए थे।)...

... बंटी हुई *जीभे*... (टी–ओ–एन–जी–यू–ई–एस—जीभे। "बंटी हुई" अर्थ, "विभाजित।")... जीभे... *उन्हें दिखाई दी... जैसे... आग, और* एक... ("एक," एकवचन)... *उनमें से* हर एक *पर आ* ठहरी।

*और वे सब भर गए थे*... ("और," साथ ही।)... *और वे सब पवित्र* आत्मा *से भर गए, और जिस प्रकार आत्मा ने उन्हें बोलने की सामर्थ दी, वे अन्य अन्य भाषा बोलने* लगे।

अब *वहां आकाश के नीचे की हर एक जाति में से भक्त यहूदी यरूशलेम में रहते थे।*

... *जब ऐसा हुआ था*... और यह खबर हर कहीं फ़ैल गयी... *तो भीड़ लग गई; और लोग* घबरा गए, *क्योंकि हर एक को यही सुनाई देता था... कि* वो *उसकी अपनी भाषा में बोल रहे हैं।*

34 अब ध्यान दें! जब आग आयी, ये जीभे थी; जब वे बोल रहे थे, ये भाषा थी। अब, वहां जुबानो और भाषाओं के बीच बहुत बड़ा अंतर है। हमारे लिए यह सब समान है। लेकिन, यूनानी में, "जुबान" का अर्थ *यह* होता है। [भाई ब्रन्हम जुबान बताते हैं—सम्पा।] कान *यह* है। देखा? इसका मतलब भाषा नहीं है; इसका मतलब है आपके शरीर का वह भाग जो जीभ है। यदि आप ध्यान दें, तो इसका अनुवाद किया गया *आग की जीभे* जिसका अर्थ है "जुबान के जैसे," बस जैसे आग की जीभे, आग की एक बड़ी लपट। अब, अब इस बात पर जोर को देखें। और उन स्थानो में से हर एक अब, इसे मत भूलना।

35 अब, हम आज रात थोड़ा नाटक बताने जा रहे हैं। और मैं इसे आप पर छोडूगा। अब याद रखना, यदि कुछ विपरीत है, तो यह आप पर निर्भर करता है। लेकिन केवल एक ही जरिया है कि कोई भी व्यक्ति कभी भी

परमेश्वर से कुछ भी प्राप्त कर सकता है, वो है विश्वास के द्वारा। और इससे पहले कि आप कर सकें...

36 मुझे जानना चाहिए कि मैं क्या कर रहा हूं इससे पहले मैं उसमें विश्वास कर सकूँ मैं क्या कर रहा हूँ। आपने अपनी पत्नी से विवाह क्यों किया? आपको उस पर विश्वास था। आपने उसे परखा था, उसे देखा था, देखा था कि वह किस से आई है, वह कौन थी। इसी तरह से वचन के साथ है, परमेश्वर के साथ है। यही है जो इन दर्शनों को बनाता है, ये—इस आग के खंभे को, ये सारी चीजें, क्योंकि परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा की है। परमेश्वर ने ऐसा कहा है। मैंने उसके वचन के द्वारा उसे चखा है और जानता हूँ कि यह सच्चाई है। और आप उसके वचन का पालन करते है। फिर यदि वहां कहीं तो जरा सी भी गड़बड़ होती है, तब कहीं तो कुछ गलत है। क्योंकि परमेश्वर (सुनना!)—परमेश्वर ने कभी ऐसा नहीं किया या अपने आप से कभी काम नहीं करेगा—या उसकी अपनी व्यवस्थाओ के विपरीत नहीं करेगा। सर्दीयां, गर्मियों में नहीं आएगी, और गर्मीयां, सर्दियों में नहीं आएगी। पत्तियाँ वसंत ऋतु में गिरकर और पतझड़ में फिर से वापस नहीं आती है। आप इसे बस ऐसा नहीं बना सकते है।

37 जैसा कि मैंने कल रात उमड़ते हुए कुएं के बारे में कहा था, आपकी फसल को पानी देता है। या यदि आप यहाँ एक खेत के बीच में खड़े होते हैं, और ये घोर अंधेरा है, और आप कहते है, “ओह, बड़ी बिजली, मैं जानता हूँ कि तुम खेत में हो। अब, मैं खो गया हूँ, पता नहीं कि मैं कहाँ जा रहा हूँ। मुझे प्रकाश दो, जिससे कि मैं देख सकूं कि कैसे चलना है! वहां खेत पर प्रकाश होने के लिए पर्याप्त बिजली है।” यह सच है। जी हां, श्रीमान! इस कमरे में इतनी बिजली है कि इसे यहाँ तक बिना उन प्रकाश के भी रोशन कर सकते हैं, बिना उसके। लेकिन आपको इसे नियंत्रित करना होगा। अब, आप उस पर चिल्ला सकते हैं आप अब और चिल्ला नहीं सकते तब तक, यह कभी भी रोशन नहीं होगा। लेकिन यदि आप बिजली के नियमों के अनुसार काम करेंगे, तब आपको प्रकाश मिलेगा।

38 खैर, यह ठीक उसी तरह से परमेश्वर के द्वारा होता है। परमेश्वर आकाश और धरती का महान सृष्टिकर्ता है, वो कल, आज और हमेशा एक सा है। वह अब भी परमेश्वर है। लेकिन वह तभी काम करेगा जब आप

उसके नियमों और निर्देशों का पालन करेंगे। मित्रो, मैं यह कहता हूं: मैंने इसे कभी असफल होते हुए नहीं देखा, और यह नहीं होगा।

39 अब, आइए ध्यान दें। यीशु ने 24:49 में प्रेरितों को आज्ञा दी थी उनके वचन के अनुसार बचाए जाने और पवित्र किए जाने के बाद; प्रभु यीशु पर विश्वास करने के द्वारा उन्हें धर्मी ठहराया; यूहन्ना 17:17 में पवित्र किये गये जब यीशु ने कहा, "पिता, सत्य के द्वारा उन्हें पवित्र करे। तेरा वचन सत्य है।" और वो वचन था।

40 अब, उन्हें बीमारों को चंगा करने, दुष्टात्माओं को निकालने, मरे हुओं को जिलाने की सामर्थ दी; और वे आनन्दित होते हुए वापस लौटें। और उनके नाम मेम्ने की जीवन की किताब में थे। आपको याद होगा कि अब हम इन बातों में से होकर किस तरह से आये हैं। लेकिन वे अभी तक परिवर्तित नहीं हुए थे। यीशु ने पतरस को उसके सूली पर चढ़ाए जाने की रात को बताया; उसने कहा, "तुम्हारे परिवर्तित होने के बाद, तब अपने भाइयों को मजबूत करना।"

41 पवित्र आत्मा जो... आप अनन्त जीवन पर विश्वास करते हैं, लेकिन जब पवित्र आत्मा आता है तो ये अनन्त जीवन है। आप विश्वास करते है... आप पवित्रीकरण में आत्मा से उत्पन्न हुए हैं, लेकिन कभी भी आत्मा से जन्म नहीं लेते है जब तक पवित्र आत्मा अंदर नहीं आता है। यह सही है। माँ के गर्भ में एक बालक को जीवन मिलता है, छोटी–छोटी मांसपेशियां कंपन हो रही होती हैं; यही जीवन है। लेकिन यह एक अलग जीवन है जब यह इसके नथुनो के अंदर जीवन की सांस को लेता है। यह एक अलग होता है। यही है, यह है, ये...

42 मेरे प्रिय मेथोडिस्ट भाईयों, और पिलग्रिम होलीनेस, और नाज़रीन, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा पवित्रीकरण से भिन्न होता है। पवित्रीकरण ये साफ़ करना होता है, जो कि जीवन की तैयारी है। लेकिन जब पवित्र आत्मा अंदर आता है, तो ये जीवन होता है। तैयारी करना बर्तन की सफाई करना है; पवित्र आत्मा बर्तन को भरता है। *पवित्रीकरण* का अर्थ है "साफ किया गया और सेवा के लिए अलग रखा गया।" पवित्र आत्मा इसे सेवा में रखता है। आप वो बर्तन हैं जिसे परमेश्वर ने साफ किया है।

43 और हम देखते हैं कि पवित्र आत्मा परमेश्वर है जो स्वयं आप में है। मूसा के साथ आग के खंभे में परमेश्वर आपके ऊपर था। यीशु मसीह में

परमेश्वर आपके साथ था। अब पवित्र आत्मा में, परमेश्वर आपके अंदर है। कोई तीन ईश्वर नहीं, तीन कार्य स्थानो में काम करने वाला एक परमेश्वर।

44 परमेश्वर अपने स्तर से नीचे आते हुए, मनुष्य के ऊपर से नीचे आ रहा हैं। वो उसे छू नहीं सकता था, क्योंकि उसने अदन की वाटिका में पाप किया था और उसकी संगति से अपने आप को अलग किया था। तब क्या हुआ? उसे उसके ऊपर होना था। बैलों और बकरियों के लहू उसे फिर से मनुष्य के साथ संगति नहीं करने देता है; लेकिन व्यवस्थाओं और विधियों के द्वारा, जो इस समय के आने की पूर्वछाया को बताता हैं, कि बैल, और इत्यादि और भेड़–बकरियों की बली चढ़ाना... फिर जब परमेश्वर नीचे आया और एक पवित्र शरीर में वास किया, एक कुंवारी स्त्री से जन्मा, वो स्वयं परमेश्वर... आप जानते हैं परमेश्वर ने क्या किया? उसने—उसने कुछ भी नहीं किया लेकिन बस... उसने अपना तम्बू हमारे बीच में रखा। परमेश्वर ने तम्बू में वास किया जो यीशु मसीह कहलाया। उसने बस हमारे साथ अपना तम्बू खड़ा किया, वो बना... (मैं—सुबह को उस पर प्रचार करूंगा, इसलिए बेहतर होगा कि मैं इसे ऐसे ही छोड़ दूं।) अब वो—परमेश्वर किस तरह से तम्बू–या हमारे साथ रहा था...

45 और अब परमेश्वर हम में है। यीशु ने यूहन्ना 14 में कहा, "उस दिन तुम जानोगे कि मैं पिता में हूं, पिता मुझ में है, और मैं तुम में और तुम मुझ में।" परमेश्वर हम में। उद्देश्य क्या था? ताकि उसकी योजना को पूरा करे।

46 परमेश्वर के पास एक योजना थी। वो मनुष्य के बीच काम करना चाहता था, और उसने इसे आग के खंभे में लाया, जो कि रहस्यमयी आग थी जो इस्राएल के बच्चों के ऊपर मंडरा रही थी। उसके बाद वही आग यीशु की देह में प्रकट हुई। और उसने कहा कि वो वही आग था, "इससे पहले अब्राहम था, मैं हूँ।" वह वही आग थी। उसने कहा, "मैं परमेश्वर से आया हूं, और मैं परमेश्वर के पास वापस जाता हूं।" और उसकी मृत्यु, गाड़े जाने और जी उठने के बाद, संत पौलुस ने उससे रास्ते पर भेंट की—जब उसका नाम अब भी शाऊल था—दमिश्क के रास्ते पर, और वो वापस फिर से उस आग के उस खम्भे में बदल गया। एक रोशनी ने उसकी आँखें बाहर कर दीं। ये सही है।

47 और वो आज यहाँ पर है, वही अग्नि का स्तंभ, वही परमेश्वर उन्ही चिन्हों को कर रहा है, वही कार्य कर रहा है। क्यों? वह अपने लोगों के बीच काम कर रहा है। वो हम में है। मैं... वो अब तुम्हारे साथ है, "लेकिन मैं तुम में रहूंगा। मैं तुम्हारे साथ रहूँगा, यहाँ तक कि तुम में होऊंगा, समापन के अंत तक," संसार का अंत। वो हमारे साथ होगा।

48 अब, ध्यान देना। यीशु ने उन्हें आज्ञा दी थी कि ऊपर यरूशलेम में जाकर रुके रहो। *ठहरे रहो* शब्द का अर्थ है "रुके रहना," मतलब प्रार्थना करना नही होता है, मतलब "रुके रहना।" वे अभी तक प्रचार करने के उचित अधीनता में नहीं थे, क्योंकि वे केवल उसके व्यक्ति के द्वारा उसके पुनरुत्थान को जानते थे, उसे बाहर से देखते हुए। उसने—उसने उन्हें आज्ञा दी कि वे अब और प्रचार न करें, जब तक उन्हें ऊपर से सामर्थ नहीं मिल जाती, तब तक कुछ न करें।

मैं विश्वास नहीं करता कि कोई भी प्रचारक जो परमेश्वर का भेजा हुआ है या सही ढंग से ठहराया जा सके... क्योंकि परमेश्वर अनंत है। और जो परमेश्वर एक बार करता है, वो हर समय करता है। अब, यदि परमेश्वर उन्हें तब तक प्रचार नहीं करने देता है, जब तक कि वे पेंटीकोस्ट तक नहीं आ जाते और पेंटीकोस्ट के अनुभव को नहीं पा लेते, ना ही मनुष्य, जब तक कि उसकी खुद की तीव्र इच्छा न हो या कोई भी संस्था उसे मान्यता नहीं देती है, उसके पास एक पुलपीट पर प्रवेश करने का अधिकार तब होता है जब तक वह पवित्र आत्मा से भर नहीं जाता। यह बिल्कुल सही है। क्योंकि ये किसी संगठन की बौद्धिक विचारधारा के द्वारा उनका नेतृत्व कर रहा होता है जब तक कि वह पवित्र आत्मा से भरा हुआ ना हो; और तब, वो उन्हें पिंडुक का भोजन देता है; *मेमना और पिंडुक,* जैसा कि हमने पिछली शाम को इस पर बोला था।

49 अब ध्यान दे। उसने कहा, "ऊपर यरूशलेम को जाओ, और वहां बने रहो; बस रुके रहो जब तक मैं पिता की प्रतिज्ञा को ना भेज दूं।" और फिर, उन्होंने क्या किया? वहां उनमें से एक सौ बीस लोग थे, पुरुष और स्त्रियाँ। वे मंदिर के एक ऊपरी कमरे में चले गए।

अब, ये पेंटीकोस्ट के पर्व का दिन निकट था, भवन के शुद्धिकरण से लेकर, पास्का मेमने को घात करना, उस—उस पेंटीकोस्ट के आने

तक, जो कटनी का पहिला फल था, वो जुबली, पेंटीकोस्टल जुबली। और इमारतों पर...

50 अब, मैं उन देशों में रहा हूँ। पूर्वी देशों में अंदर से शायद ही कभी सीढ़ी होती थी। सीढ़ीयां बाहर की ओर होती थी। हमें बताया गया है कि मंदिर के बाहर एक सीढ़ी थी जो एक छोटे से कमरे के रास्ते तक जाती थी; ऊपर जाने के लिए, और ऊपर, और ऊपर, जब तक आप ऊपर एक छोटे से कमरे तक नहीं पहुंच जाते, मंदिर के सबसे ऊपर में एक गोदाम कक्ष के जैसा होता है, किसी प्रकार का एक छोटा सा कमरा, एक ऊपरी कोठी। और बाईबल ने कहा, कि वे वहां पर थे, और द्वार बन्द थे, क्योंकि वे यहूदियों से डरते थे, क्योंकि प्रभु यीशु की आराधना करने पर उन्हें खींच कर अलग कर देते थे, उस महायाजक कैफा, और पुन्तियुस पीलातुस, और उनके उसे मार डालने के बाद। सो वे सारे नाम के कहलाने वाले मसीहो से छुटकारा पाने जा रहे थे। और द्वार बन्द थे, और वे रुके हुए थे।

51 अब, उस तरह के कमरों में, वहां खिड़कियाँ नहीं होती हैं। दरवाजे के साथ खिड़कियों के छोटे झरोखे जैसी चीजें थीं, आप खींच कर खोल दे। उन कमरों में तेल के छोटे−छोटे दीपक होते हैं जो नीचे की ओर लटकते और जलते हैं... यदि आप कभी कैलिफ़ोर्निया में क्लिफ्टन के जलपान गृह में गए हैं, तहखाने में नीचे जाये, और आप बिल्कुल ऊपरी कोठरी के तरह का देख सकते है। क्या पहले कभी आप वहां पर गए है? यहाँ कितने लोग वहां पर गए हैं? मैं देखता हूं कि लोग अपने सिर हिला रहे हैं। तो ठीक है, आप जानते होंगे कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। तो ठीक है। वहाँ आप नीचे जाये, और आप गतसमनी के बगीचे को देखेंगे; इससे पहले आप जाये, आप उन पूरबीवासी के कमरों में से एक कमरे में जाएंगे। यह बिल्कुल सच है। वहाँ आप जलते हुए, जैतून के तेल से भरा एक छोटा दीपक देखते है, जिसमें छोटी ऊन की बाती रखी हुई होती है।

52 अब, आइये हम कहेंगे कि वे वहाँ ऊपर थे, इस पर बाहर से होकर चढ़ रहे थे। वे वहाँ जाकर छिप गए, क्योंकि वे यहूदियों से डरते थे। यीशु ने उन्हें ऊपरी कमरे में जाने के लिए नहीं कहा। उसने इतना ही कहा, “यरूशलेम में रुके रहो।” वे यहाँ एक घर में थे, यह कहना मुश्किल था कि क्या बात जगह लेगी। वे अंदर आकर और उन्हें पकड़ लेंगे। सो वे ऊपर के एक छोटे से पुराने कमरे में चले गए, जो वहां ऊपर अटारी में था, और वहाँ, कमरे

को बंद कर दिया ताकि यहूदी उनमें उन तक न पहुँच सकें। और वे दस दिन तक वहीं ठहरे रहे।

53 अब, अब, हम प्रेरितों के काम 1 में हैं। अब, अब ध्यान से सुनें। आपको तस्वीर मिल गयी? इमारत के बाहर छोटी सीढ़ियाँ ऊपर की ओर जाती है, और वे इस छोटे से कमरे में चले गए। वहां नीचे मंदिर में वे पेंटीकोस्ट का पर्व मना रहे थे। ओह, वहां बहुत अच्छा समय चल रहा था। अब, जब पेंटीकोस्ट का दिन पूरी तरह आ गया, तो वे सब एक मन के साथ थे, एक मन, यह विश्वास करते हुए कि परमेश्वर उस प्रतिज्ञा को भेजने जा रहा है। यहाँ पर आज रात हर एक व्यक्ति को उसी मन में आने दो और देखो कि क्या बात जगह लेती है। इसे दोहराया जाना है। यह बस वही प्रतिज्ञा है जैसी उनके पास थी। समझे?

54 वे क्या कर रहे थे? निर्देशों का पालन कर रहे थे, उन—उन—उन परमेश्वर के नियमो का पालन कर रहे थे: "रुके रहो जब तक... "

55 अब, वे यहूदियों से डरते थे। अब, इसे याद रखें। वे यहूदियों से डरते थे। अब, अचानक तेज सनसनाती आंधी के जैसी आवाज आई। यह कोई तेज़ आंधी नहीं थी; यह एक तेज आंधी के समान थी। मैं अनुवाद करने वाले पर कुछ ही मिनटों में टिप्पणीयों को पढ़ूंगा। यह एक सनसनाती आंधी के समान थी। दूसरे शब्दों में, यह एक अलौकिक आंधी थी (ओह!), कुछ तो ऐसा जो वे महसूस कर सकते थे। वो आंधी उनके अंदर थी। वहाँ एक—एक तेज़ सनसनाती आंधी आयी, तेज़ सनसनाती आंधी के जैसे। आंधी सनसनाती हुई नहीं थी, लेकिन यह तो केवल एक तेज सनसनाती आंधी की तरह लग रही थी, जैसे कुछ तो चल रहा हो: व्यूह! क्या आपने कभी इसे महसूस किया है? ओह, प्रभु! तेज सनसनाती आंधी की तरह। अब देखो। और इसने भर दिया... अब, यहाँ इसने कहा "वे सारे," लेकिन यूनानी में इसने कहा "संपूर्ण (बड़े अक्षर में डब्लू–एच–ओ–एल–ई), संपूर्ण भवन," वहाँ हर जगह पर। हर एक दरार, कोना, और खाँचा इससे भरा हुआ दिखाई दे रहा था। ऐसा नहीं कहा, "कहो, भाइयो, क्या आप वही महसूस कर रहे हो जो मैं महसूस करता हूं?" नहीं! यह पूरी तरह से हर स्थान पर था, एक तेज सनसनाती आंधी के जैसे। अब देखो। "वहां एक सनसनाती आंधी के जैसे आवाज़ आई और (संगम या जोड़। अब उन्हें देखे *और*। यदि आप जोड़ नहीं करते हैं, तो आप इसे कुछ तो कहते हैं जो यह नहीं

कहता है। समझे? )—और जैसे (यही है जो पहले हुआ वो एक आवाज़ थी, कुछ तो जैसे एक—एक सनसनाती आंधी उनके ऊपर आती है)—और (आपको याद है, पिछली रात मैं किराने की दुकान गया और कुछ डबल रोटी और कुछ गोश्त खरीदा। ऐसा ही है जो इसके साथ कुछ हुआ। रोटी एक चीज होती है, गोश्त दूसरी चीज है। और आवाज़ एक चीज थी जो उन पर आ गयी)—और वहां उन्हें दिखाई दी (उनके सामने) जीभे—विभाजित जीभे।"

56 क्या यहाँ पर किसी ने कभी सेसिल डेमिल की *दस आज्ञाएँ* देखीं है? क्या आपने ध्यान दिया जब आज्ञाएँ लिखी जा रही थीं? उसने इस बात को कैसे पकड़ा, मैं नहीं जानता। वहां इसमें मैंने दो या तीन चीजें देखीं जो मुझे बहुत अच्छी लगीं। पहली चीज यह है कि मरकत रंग का प्रकाश, जो बिल्कुल ठीक उसी तरह से दिखता है। समझे? दूसरी चीज यह थी कि जब आज्ञा लिखी गई थी, और इसके पूरा लिखे जाने के बाद, क्या आपने अग्नि के उस बड़े खंभे से उड़ते हुए ध्यान दिया, वहां आग की छोटी–छोटी जीभे उड़ रही थीं? क्या आपने इसे ध्यान दिया? अब, यही है जो मैं सोचता हूँ कि ऐसा पेंटीकोस्ट के दिन पर था। वहाँ उन्हें दिखाई दिया... तो वे इसे देख सकते थे। इसने ऐसा नहीं कहा, "यह वहां उनमें उतर आई।" लेकिन उन्हें वहाँ जीभे दिखाई दी (हम इसे कहेंगे), जुबाने, इस जुबान की तरह यहाँ यह जुबान, [भाई ब्रन्हम प्रदर्शित करते है—सम्पा।], जुबान के आकार में, आग की जीभ। अब, कान—जैसा मैंने कहा, कान, कान है; ऊँगली, ऊँगली है। ऊँगली का मतलब यह नहीं है कि आपने इसे महसूस किया; इसका मतलब यह एक ऊँगली की तरह दिखाई दिया। और यदि ये कान था, तो इसका अर्थ यह नहीं कि उन्होंने इसे सुना; ये एक कान की तरह दिखा। यह आग थी जो जुबान की तरह दिखाई दी थी, ना ही कोई तो बोल रहा है, एक अग्नि जो जुबान की तरह दिखाई दी।

57 अब, सुनना। देखना कि यूनानी इसे यहाँ कैसे लिखते है:

> *और अचानक से एक आवाज आई... एक तेज़ सनसनाती आंधी की* तरह... (3रा—3रा पद।)
>
> और *उन्हें* विभाजित *जीभे दिखाई दी,...* (ना ही विभाजित जुबाने उनके अंदर थीं, या वे विभाजित जुबानो से बोल रहे थे; यह एक विभाजित जुबाने थी जो उन्हें दिखाई दी। अब, देखना।

यह अब भी उन पर नहीं है। यह वहाँ कमरे में है, जैसे इस हवा में हर कहीं गोल–गोल घूम रही हो।)... *उनके* लिए... *जैसे... अग्नि...* विभाजित *जुबाने... उन्हें दिखाई दी...* (यही उनके सामने है) *जैसे... आग,* (आग की तरह जुबाने) *और* एक (एकवचन) *उनमें से हर* एक पर आ ठहरी। (उनके अंदर नहीं गयी, लेकिन उन पर आ ठहरी।)

58 अब, देखें कि किंग जेम्स संस्करण इसे किस तरह से बताता है: "और उन पर फटी जीभें आ जाती हैं, या आ ठहरती है (यह वहां किंग जेम्स में कैसे दिखाता है? ) उन पर आ बैठी।" देखा? अब, यह वहाँ ऊपर जाकर बैठ नहीं सकती। हम यह जानते हैं। लेकिन मूल में कहा गया, "यह उन पर आ ठहरी," मैं सोचता हूँ; क्या ऐसा नहीं है? मुझे इसकी बिल्कुल ठीक सच्चाई को लाने दे। जी हां! "... उनमें से प्रत्येक पर आ ठहरी।" एक अग्नि की जुबान उनमें से प्रत्येक पर आ ठहरी। वहां देखा? आप इसे समझे? यह दूसरी चीज थी जिसने जगह ली। पहले वहां एक आंधी थी, उसके बाद आग की जुबानो का प्रकट होना।

59 यह यहाँ इस छोटे से कमरे में थी जिसमें ये छोटे तेल के दिए जल रहे थे। उनके विषय में सोचे जो वहां बैठे हुए थे। और एक कहता है, "ओह!" उसने पूरी इमारत की ओर देखा; यह पूरी तरह से सारी इमारत पर थी। तब उन्होंने कहा, "देखो!" इमारत के चारों ओर आग की जुबाने आने लगती हैं। अब देखो। और वहां आग की ये जुबाने दिखाई दीं।

अब अगली चीज को देखें:

*और* (एक और जोड़; कुछ और भी घटित हुआ।) *वे सब पवित्र आत्मा से भर गए थे,...* (दूसरी बात ने जगह ली।)

60 अब देखिए, हम यह कहते हुए इसे बदलना चाहते हैं, "उनके पास अग्नि की जुबाने थी, और यहाँ पूरे हकलाते हुए; और वे फिर बाहर निकल पड़े और एक अज्ञात भाषा से बोलना आरंभ किया।" वहां वचनों में ऐसी कोई चीज नहीं है, मित्रो। कोई भी जो पवित्र आत्मा को पाने पर अज्ञात भाषा से बोलता है, वो बाइबल के विपरीत करता है। और मैं आपको कुछ ही मिनटों में दिखाने जा रहा हूं और आपको साबित करूंगा कि मैं अज्ञात भाषाओं में बोलने में विश्वास करता हूं, लेकिन ना ही पवित्र आत्मा को पाने पर। यह तो पवित्र आत्मा का दान है। पवित्र आत्मा एक आत्मा है।

61 अब देखो। ये जुबाने कमरे में आग की नाईं थीं, और ये हर एक पर बैठ गयी। तब वे पवित्र आत्मा से भर गए (दूसरी चीज), और फिर, उसके बाद जब वे पवित्र आत्मा से भर गए, तो अन्यभाषाओं में बोले, जुबानो से नहीं, भाषाओं में बात की। क्या आपने इसे ध्यान दिया? उन्होंने अन्य भाषाओं से बोलना आरंभ किया जैसे–जैसे आत्मा ने उन्हें बोलने को दिया। अब, यह आवाज़ बाहरी देशो की थी।

62 अब देखो। अब, उदाहरण को फिर से लेंगे जिससे कि आप इसे अब न भूल पाए। वचन के अनुसार, ऊपर के कमरे में वे रुके हुए थे, अचानक एक तेज सनसनाती आंधी की तरह एक आवाज, जो उन पर थी; यह पवित्र आत्मा था। कितने लोग यह विश्वास करते हैं कि यह पवित्र आत्मा का प्रकट होना था? एक आंधी की तरह, एक अलौकिक आंधी। तब उन्होंने ध्यान दिया। और वहां पर छोटी–छोटी आग की जीभें थी, उनमें से एक सौ बीस पर, और उन में से हर एक पर आकर रुक गयी और उन पर हर एक आकर बैठ गयी। यह क्या था? यह क्या था? आग का खंभा, जो परमेश्वर अपने आप को उसके लोगों के बीच बांट रहा था, लोगों में आ रहा था। यीशु के पास सम्पूर्ण चीज थी; उसके पास बिना माप का आत्मा था; हमें ये माप में मिलता हैं (आपने देखा कि मेरा क्या मतलब है? ), क्योंकि हम लेपालक पायी हुई संतान हैं। उसका—उसका अनन्त जीवन आ रहा था। अब, क्या हुआ? तब वे सब पवित्र आत्मा से भर गए।

63 अब, मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूँ। अफवाह फैलना कब आरंभ हुई थी? यदि उन्हें उस ऊपरी कमरे से बाहर आना था जिससे कि उन सीढ़ियों से नीचे जाये और राजमंदिर के आंगन में बाहर निकलना था—या बाहर—मंदिर के आंगन में, जो कि शायद एक शहर का खंड था जहाँ पर वे लोग थे, सीढियों के ऊपर और नीचे आते हुए, वहां उस आंगन में जहां सब लोग इकट्ठे हुए थे... और वे वहाँ से मदिरा पीये हुओ की नाईं आत्मा में बाहर आये। क्योंकि लोगों ने कहा, “ये लोग पूरी तरह नई मादिरा पीये हुए हैं।” उन्होंने कभी भी इस तरह से कुछ भी नहीं देखा था।

64 और हर एक जन यह कहने की कोशिश कर रहा था, “पवित्र आत्मा आ चूका है। परमेश्वर की प्रतिज्ञा मुझ पर है। मैं—मैं आत्मा से भर गया हूँ।” और वो गलीली होने के कारण, जिस व्यक्ति से वो बात कर रहा था, एक अरबी या फारसी ने उसे अपनी भाषा में बोलते सुना।

65 “हम कैसे सुनते हैं (अज्ञात भाषा में नहीं)—उस भाषा में हम हर एक जन किस तरह से सुनते हैं, जिस भाषा में हमारा जन्म हुआ था। क्या ये सब जो बोल रहे हैं गलीली नहीं हैं? ” और शायद गलीली बोल रहा था... लेकिन जब उन्होंने इसे सुना, तो यह उसी भाषा में था जिसमें उनका जन्म हुआ था। यदि ऐसा नहीं है, तो मैं चाहता हूं कि आप मुझसे पूछें—इस प्रश्न का उत्तर दे: ये किस तरह से था कि वहां पतरस खड़ा हो गया और गलीली में बोलने लगा, और सारे झुण्ड ने सुना कि वो क्या कह रहा था? तीन हजार प्राण ठीक वही पर मसीह के पास आ गए और पतरस एक ही भाषा में बोल रहा था। निश्चय ही! यह परमेश्वर था जो अद्भुत कार्य को कर रहा था। पतरस, उन्हीं श्रोतागणों से जो मेसोपोटामिया के रहनेवाले थे, और अजनबी लोग, और धर्मांतरित लोग, और सारे संसार भर से हर एक जन वहीं पर खड़े हुए थे... और पतरस खड़ा हुआ और एक ही भाषा में प्रचार कर रहा था, और हर एक जन ने उसको सुना, क्योंकि तीन हजार लोगो ने पश्चाताप किया और तुरंत ही यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया। यह किस तरह से है?

66 देखो, मित्रो, मैं अपने संप्रदायिक, पेंटेकोस्टल भाईयों से ठीक अभी इसे स्वीकार करने की उम्मीद नहीं कर सकता हूँ। लेकिन आप बाइबिल में से होते हुए इसे ढूंढे और मुझे कभी भी बता सकते हैं जहां उन्होंने कभी पवित्र आत्मा को पाया और एक ऐसी भाषा में बोले कि उन्होंने नहीं समझा हो कि वे क्या बोल रहे थे। और यदि इस तरह से उन्हें ये वहां पर मिला, तो सर्वश्रेष्ठ परमेश्वर... इसे हर समय उसी तरह से ही होना है।

67 अब, मैं नहीं... अब, घर पर–... हमें याद होगा, जब हम कल रात वहां सामरिया में गए थे, हमने पाया कि वहां उनके बारे में किसी और भाषा में सुनने के विषय में एक भी चीज नहीं बतायी गयी थी, इसके बारे में कुछ नहीं कहा गया। लेकिन जब वे कुरनेलियुस के घर में गए, जहाँ पर लोगों की तीन भिन्न–भिन्न राष्ट्रीयताये थीं, उन्होंने अन्य जुबानो में बोला। और जब उन्होंने बोला, यदि उन्होंने ऐसा किया, तो उन्होंने इसे समझ लिया, पतरस ने कहा, इसी तरह से उन्हें ये आरंभ में मिला था। और वे जान गए कि अन्यजातियों ने परमेश्वर के अनुग्रह को पाया है, क्योंकि उन्होंने पवित्र आत्मा को उसी तरह से पाया था जैसे उन्होंने आरंभ में पाया था। मेरे पास यहां एक प्रश्न है, कुछ तो उसी बात पर कुछ ही मिनटों में। मैं बुनियाद को रखना चाहता था, जिससे कि आप देख सकेंगे कि यह क्या है।

68 अब, मैं ऐसे लोगों से आशा नहीं कर सकता हूँ जिन्हें अलग शिक्षा दी गयी है... और मेरी बात को सुनना, मेरे प्रिय, बहुमूल्य, पेंटीकोस्टल भाइयों। मैं इस शिक्षा को बाहर नहीं देता हूँ। ये है... मैं विवाद पैदा करने के लिए कुछ भी नहीं करूंगा। लेकिन यदि हमें सत्य नहीं मिलता है, तो हम शुरुआत कब करेंगे? हमारे पास कुछ तो होना है ताकि यहाँ पर वो जगह ले हमें समझाने के लिए। हमारे पास अब यहाँ रेपचर के अनुग्रह को लेना है। सत्य को सामने आना ही होगा।

69 एक मनुष्य क्या करेगा यदि वो बहरा और गूंगा था, और बिल्कुल भी नहीं बोल सकता है? क्या वो पवित्र आत्मा पा सकता है? क्या हो यदि उसके पास आरंभ से कोई जुबान न हो, और वह बेचारा व्यक्ति बचना चाहता हो? समझे? यह पवित्र आत्मा है, ये एक बपतिस्मा है। और फिर, ये सारे दान जैसे अन्यभाषा में बोलना, अन्यभाषा का अनुवाद करना, ये उस पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के द्वारा आप जब देह के अंदर आते है उसके बाद आता है। क्योंकि वे दान मसीह की देह में होते हैं।

70 अब, मेरे इसे कहने का कारण... अब, यहाँ देखना। क्या आप कैथोलिक कलीसिया से उम्मीद कर सकते हैं, जो कि प्रेरितों के बाद संसार की पहली संगठित कलीसिया थी... तब कैथोलिक कलीसिया को संगठित किया गया था, ओह, अंतिम प्रेरित की मृत्यु के कई सौ वर्षो के बाद, कुछ छह सौ और—प्रेरितों के जाने के वर्षों बाद, निसियन परिषद के ठीक बाद, जब निसियन पिता एक साथ आ गए और संगठित हो गए; उसके बाद उन्होंने विश्वव्यापी कलीसिया को रखा, जो कैथोलिक कलीसिया थी। वहां उन्होंने एक विश्व कलीसिया बनायी। और *कैथोलिक* शब्द का अर्थ है "विश्वव्यापी"; यह हर जगह पर है। वे... रोमन—पागान या मूर्तिपूजक रोम पापल या पोप के रोम में बदल दिया गया। और उन्होंने पतरस के स्थान पर प्रधान होने के लिये एक पोप को खड़ा किया, जिसे उन्होंने सोचा और कहा कि यीशु ने उसे राज्य की चाबियां दी हैं। और कहा वो पोप कभी गलती नहीं करता था, और आज भी कैथोलिक कलीसिया के लिए ऐसा ही है। वह... उसके शब्द नियम और व्यवस्था है। वो अचूक पोप है। जो आगे चलता गया।

71 और फिर, क्योंकि वे जो इस कैथोलिक मत–सिद्धांत से सहमत नहीं होते, उन्हें मौत के घाट उतार दिया जाता, खूंटे पर जला देते, और बाकी की हर एक चीज करते। हम जोसेफस के पवित्र लेखों और *फॉक्स की*

*शहीदों की किताब* के जरिये से सभी यह जानते हैं, और बहुत से अन्य पवित्र... हिसलोप की *दो बाबुल,* और वो—वो महान इतिहास। तो यह—पंद्रह सौ वर्षों के बाद, जैसा कि हम जानते हैं, अंधकार के युगों में, बाइबल लोगों से ले ली गई थी। और इसे—इसे एक छोटे भिक्षु और इत्यादि के द्वारा छुपाया गया था, हम समझते हैं।

72 फिर उसके बाद पहला सुधारक आता है जो मार्टिन लूथर था। और उसने बाहर कदम रखा और कहा कि जिस प्रभु भोज को कैथोलिक ने देह कहा—वास्तविक मसीह की देह, यह केवल मसीह की देह का प्रतिनिधित्व करता है। और उसने प्रभु भोज को वेदी के कटघरे पर, या सीढ़ियों पर फेंक दिया, और उसे वास्तविक मसीह की देह कहने से इनकार कर दिया, और प्रचार किया, "धर्मी जन विश्वास से जीयेगा।" अब, आप कैथोलिक कलीसिया से उम्मीद नहीं कर सकते कि उसके साथ सहमत होंगे, निश्चित रूप से नहीं, जब उनका गलती ना करने वाला प्रधान उन्हें कहता है नहीं। तो ठीक है।

73 फिर मार्टिन लूथर के बाद, जो धर्मीकरण का प्रचार कर रहा था, जॉन वेस्ली पवित्रीकरण के प्रचार करने के साथ आता हैं। और उसने प्रचार किया कि एक मनुष्य, धर्मी ठहराए जाने के बाद (ये ठीक है) लेकिन आपका पवित्रीकरण होना है, शुद्ध होना है, बुराई की जड़ को यीशु के लहू के द्वारा आप में से निकाल दिया जाता है। अब, आप लूथरन लोगो से पवित्रता का प्रचार करने की अपेक्षा नहीं कर सकते, क्योंकि वे ऐसा नहीं करेंगे।

74 वेस्ली के द्वारा पवित्रीकरण का प्रचार करने के बाद, और उसमें से बहुत से छोटे-छोटे टूकडे हो गए, जो आते हैं, वेस्लीयन मेथोडिस्ट, और नाज़रीन, और इत्यादि, जिन्होंने अपने युग में से होते हुए आग को जलाये रखा, तब साथ ही पेंटीकोस्ट ने आकर और कहा, "क्योंकि, पवित्र आत्मा ये बपतिस्मा है, और जब ये हमें मिलता है हम अन्य जुबान में बोलते हैं।" निश्चय ही। फिर साथ ही जब यह आता है, तो आप अपेक्षा नहीं कर सकते नाज़रीन और वेस्लीयन मेथोडिस्ट, और इत्यादि से कि इस बात का विश्वास करे। वे इसे नहीं करेंगे। वे इसे शैतान कहते है। तो ठीक है। क्या हुआ? वे गिरने लगे; पेंटीकोस्ट ऊपर आने लगते है। अब ये एक स्थान पर ऊपर आ गये है इतना तक पेंटीकोस्ट के पास उसकी हिलावट आ गयी।

यह संगठित हो गयी और बाहर निकल गयी, उससे कुछ भी और अपेक्षा नहीं करते। उनके पास उनके खुद के नियम और कायदे हैं, और इससे बात खत्म हो जाती है।

75 अब, जब पवित्र आत्मा अंदर आता है और किसी भी चीज़ के सत्य को प्रकट करता है और इसे उसकी खुद की उपस्थिति और उसके वचन के द्वारा साबित करता हैं, आप पेंटीकोस्ट के लोगों से यह कहने की अपेक्षा नहीं कर सकते, “मैं इससे सहमत हूँ।” आपको अकेले खड़े रहना होगा जैसे लूथर खड़ा था, जैसे वेस्ली खड़ा था, और जैसे बाकी के लोग खड़े थे। आपको उस पर खड़ा रहना होगा क्योंकि वो घडी यहाँ पर है। और यही है जो मुझे एक बदसूरत बत्तख बना देता है। यही है जो मुझे अलग बनाता है।

76 और मैं अपने बहुमूल्य भाई ओरल रॉबर्ट्स, और टॉमी ओसबोर्न, टॉमी हिक्स और उनकी तरह आरंभ नहीं कर सकता हूँ, क्योंकि कलीसियाये मुझसे सहमत नहीं होंगी। वे कहते हैं, “वो अनंत सुरक्षा में विश्वास करता है। वो एक बैपटिस्ट है। वो पवित्र आत्मा के प्रारंभिक प्रमाण के नाई अन्य जुबान बोलने में विश्वास नहीं करता है। उस मनुष्य से दूर रहो!” देखा?

77 लेकिन इसके साथ आमने सामने आये। इसका सामना करें। वे लूथरन का सामना कर सकते हैं, वो—वो मेथोडिस्ट कर सकते हैं। पेंटीकोस्टल मेथोडिस्ट का सामना कर सकता है। मैं इसके साथ पेंटीकोस्टल का सामना कर सकता हूं। यह बिल्कुल सही है। यह सच है। यह ऐसा क्यों है? हम उजियाले में चल रहे हैं जैसे वो उजियाले में है। देखा? हम राजा के राजमार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं, और जितना आगे आता है, उतना ही अनुग्रह दिया जाता है, अधिक सामर्थ दी जाती है, अधिक अलौकिक को दिया जाता है। और हम वहीं पर हैं। यह वो घडी है जब पवित्र आत्मा उजियाले के रूप में नीचे उतरा है जैसे वो आरंभ में था, एक अग्नि का खंभा, और उसने अपने आप को प्रकट किया है, उन्ही कामो को करते हुए जो उसने किये थे जब वो यहां धरती पर था। और यीशु ने कहा, “तुम कैसे जानोगे कि वे सही हैं या नहीं? उनके फलों के द्वारा तुम उन्हें जान जानोगे। वह जो मुझ में विश्वास करता है, जो काम मैं करता हूं, वह भी करेगा, ये चिन्ह उनके पीछे–पीछे जायेंगे जो विश्वास करते हैं।”

78 अब, मेरे पेंटीकोस्टल भाइयों। मैं आपके साथ हूँ। मैं आप में से एक हूं। मुझे पवित्र आत्मा मिला है। मैंने अन्य भाषाओं में बोला है, लेकिन ये मुझे पवित्र आत्मा प्राप्त करने पर नहीं मिला। मुझे पवित्र आत्मा का बपतिस्मा मिला है; मैंने अन्य भाषाओ में बोला है, भविष्यवाणी की है, मेरे पास ज्ञान के दान थे, बुद्धि, अनुवाद करना, और सब कुछ हो रहा था। लेकिन मैं उनमें से किसी भी चीज़ के अधीन हूँ, क्योंकि अब मैं परमेश्वर की संतान हूँ। वो सामर्थ, परमेश्वर की अग्नि मेरे प्राण में है; वो आग की जीभ जो ठहर गयी—मेरे अंदर आकर बैठ गयी और उस हर एक चीज को जला दिया जो परमेश्वर के विपरीत थी, और अब मैं उसकी आत्मा के चलाये चलता हूँ। वो कह सकता है, "*यहां* जाओ," और मैं जाऊंगा। "*यहां* जाओ"; मैं जाऊँगा। "*यहां* बोलो"; मैं बोलूंगा। "और *ऐसा* करो, *वैसा* करो, और *इत्यादि*।" वहाँ आप होते हो, बस जैसे... आप आत्मा के चलाये चलते हैं। यही है जो परमेश्वर आप में है, उसकी इच्छा पर काम करते हुए। कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह क्या है, वो उसकी इच्छा से काम करता है।

79 अब सुनना। इससे पहले कि हम शब्दकोष पर प्रश्न को आरंभ करें, मैं यहां से पढूंगा। अब, वेटिकन अनुवाद से, भाग 7, 190—1205:

> "यह निश्चित करना कठिन है कि क्या यह उन लोगों की आवाज थी जो अंजान या परायी भाषा में बोल रहे थे; या वो खबर या अफवाह जो अलौकिक सनसनाती हुई आंधी का मामला जिसने भीड़ को उत्तेजित कर दिया।"

वे इसे समझ नहीं पाए। अब देखो। चाहे ये लोग थे...

80 मैं बस इसका चित्रण करूंगा। यहाँ पर गरीब, फटे-पुराने वस्त्र पहने गलीलियो का एक झुंड है। और यहाँ वे बाहर रास्ते में हैं। उन्होंने ऐसा कुछ भी कभी नहीं देखा: उनके हाथ ऊपर हवा में थे, उस ऊपरी कोठरी से आते है, उन सीढियों से नीचे, वहां उसमें बाहर, बस भरे हुए; उन्होंने अभी तक कभी भी नहीं बोला। देखा? यहाँ पर वे वहाँ से नीचे आते हैं। और अब, हम कहेंगे, वे इसमें यहाँ-वहां लडखडा रहे थे। और लोगों ने कहा... एक यूनानी मेरे पास दौड़कर आता है और कहता है, कि मैं गलीली में बोलता हूं।

तुम उसके पास दौड़कर जाते हो और कहते हो, "और तुम्हारे साथ क्या मामला है, लड़के?"

81 “मैं पवित्र आत्मा से भर गया हूँ। परमेश्वर की सामर्थ वहां उस कमरे में उतर आयी। मुझे कुछ तो हुआ। ओह, परमेश्वर की महिमा हो!”

और एक और यहाँ पर है, वो एक अरबी से बात कर रहा था, और वो एक गलीली अरबी—अरबी भाषा बोल रहा था।

82 अब, वे नहीं बता सकते, कि क्या ये सनसनाती हुई आंधी थी जिसने लोगों को एक साथ खींचा जब भीड़ इकट्ठी हुई, या क्या वे भिन्न भाषा में बोल रहे थे जो वे बोल रहे थे? अब, बाइबल बिल्कुल नहीं... आपके पास दो चीजें हैं जिन्हें आप देख सकते हैं। ये थी... उस—उस बाहरी व्यक्ति ने कहा, “यह किस तरह से है कि हम हर एक मनुष्य को अपनी ही जुबान में सुन रहे हैं जिसमें हमने जन्म लिया था?” इसने ये नहीं कहा कि वे उस भाषा में बोल रहे थे, लेकिन वे इसे सुन रहे थे।

83 फिर वही झुण्ड, वही लोग, इसे समझाते हैं। पतरस किसी बात पर उछल पड़ा और कहा, “हे गलील के लोगों, और तुम जो यरूशलेम में रहते हो, इस बात को तुम जान लो (लोगों ने कहा कि उनकी भाषा गलीली नहीं है) इस बात को तुम जान लो और मेरे शब्दों पर ध्यान दो (वो कौन—कौन सी भाषा में उन सब से बात कर रहा था? ); क्योंकि, ये नशे में नहीं हैं, जैसा कि तुम समझते हो, देखते हुए यह दिन का तीसरा पहर है, लेकिन यह वो है जिसके विषय में योएल भविष्यद्वक्ता के द्वारा बोला गया: ‘और अंत के दिनों में ऐसा होगा, परमेश्वर यों कहता है, मैं अपना आत्मा सब प्राणियों पर उण्डेलूंगा। तुम्हारे बेटे–बेटियाँ भविष्यद्वाणी करेंगे।’” वह आगे और आगे बोलता गया, और कहा, “तूमने दुष्ट हाथों से परमेश्वर के निर्दोष पुत्र को क्रूस पर चढ़ाया है। दाऊद ने उसके बारे में बोला था... ‘उसके प्राण को अधोलोक में नहीं छोड़ेगा, न ही वो उसके पवित्र जन को सड़ने देगा।’” और कहा, “तुम्हे इस बात का ज्ञात हो कि परमेश्वर ने उसी यीशु को बनाया जिसे तुमने प्रभु और मसीह दोनों को क्रूस पर चढ़ाया।” और जब उन्होंने इसे सुना... आमीन! किसने? आकाश के नीचे हर एक मनुष्य ने। क्या बात जगह ले रही थी? वो ये नहीं कह रहा था, “अब, मैं गलीली में बोलूंगा; मैं *इस* भाषा में बोलूंगा; और मैं *इस* में बोलूंगा... ? ... ”

84 जब पतरस ने इन शब्दों को बोला, तब उन्होंने कहा, “पुरुषों और भाइयों, हम बचने के लिए क्या कर सकते हैं?” और पतरस ने उन्हें विधि को दिया। इसी तरह से हमेशा ही होता है। देखा?

85 यह ऊपर बढ़ रहा है, परमेश्वर के अंदर जोर देते हुए, निकट जाते। आप कैसे जानते है? अब, जब लूथर ने धर्मीकरण को ग्रहण किया, तो उसने उसे पवित्र आत्मा कहकर बुलाया। ये था। परमेश्वर इसमें थोडे से अंश में था। फिर उसने क्या कहा? वेसली ने पवित्रीकरण को ग्रहण किया, और कहा, "लड़के, जब तुम चिल्लाते हो, तो तुम्हें ये मिल गया है।" लेकिन उनमें से बहुतों ने चिल्लाया जिनके पास यह नहीं था। जब पेंटीकोस्ट ने अन्य जुबानो में बोला—अज्ञात भाषाएं, उन्होंने कहा, "लड़के, तुम्हें ये मिल गया है।" लेकिन उनमें से बहुतों के पास यह नहीं था।

वहां ना ऐसी कोई चीजे है जैसे उसे जानने के वे चिन्ह हो। "तुम केवल एक ही जरिये से पेड़ को जानते हो," यीशु ने कहा, "जो फल इसमें लगते है उसी के द्वारा," जो आत्मा के कार्य है, आत्मा का फल। फिर जब आप किसी ऐसे व्यक्ति को देखते हो जो सामर्थ से भरा हुआ है, जो पवित्र आत्मा से भरा हुआ है, तब आप एक ऐसे जीवन को देखते हैं जो बदला हुआ है। आप उन्ही चिन्हों को उनके पीछे जाते हुए देखते हैं जो विश्वास करते हैं: "मेरे नाम में वे दुष्टात्माओं को निकालेंगे, नई-नई भाषाये बोलेंगे। यदि कोई सांप उन्हें काट ले, तो इससे उन्हें कोई हानि नहीं पहुंचेगी। यदि वे एक घातक वस्तु भी पी जाते है, तो यह उन्हें नहीं मारेगी। वे बीमारों पर हाथ रखेंगे, और वे चंगे हो जाएंगे।" ओह! इस तरह के चिन्ह उनके पीछे-पीछे जाते हैं जो विश्वास करते हैं। लेकिन आप इसमें कैसे आते हैं? वे दान उस देह में होते हैं। आप उस देह में कैसे आते हैं? ना ही आपके तरीके से बोलने के द्वारा; लेकिन एक देह में बपतिस्मा लेने के द्वारा (पहला कुरिन्थियों 12:13)। एक आत्मा में हम सभी ने उस देह में बपतिस्मा लिया है और सभी दानो के अधीन। प्रभु आपको आशीष दे।

86 अब, यदि कोई भी इस टेप को सुनता है या यहां कोई असहमत होता है, याद रखे, इसे मित्रतापूर्ण से करे, भाईयों, क्योंकि मैं आपसे प्रेम करता हूँ।

**93.** आज रात का पहला प्रश्न: **भाई ब्रंहम, मैं सोचता हूँ कि टेलीविजन संसार के लिए एक शाप है। आप इस विषय में क्या सोचते है?**

87 तो, जिसने भी इसे लिखा है, मैं आपके साथ सहमत होऊंगा। उन्होंने इसे संसार के लिए एक शाप बना दिया है। यह संसार के लिए आशीष हो सकता है, लेकिन उन्होंने इसे एक शाप बना दिया है। ऐसी कोई भी चीज,

मेरे प्रिय लोगों, ये जो आप अपने स्वयं की ओर देखते हैं। यदि टेलीविजन एक शाप है, तो अखबार एक शाप है, फिर रेडियो एक शाप है, और बहुत सी बार टेलीफोन शाप है। देखो, देखो, देखो, समझे? यही है जो आप इसमें से उत्पन्न करते हैं। लेकिन उस भाई ने एक रात को कहा, कि वहां टेलीविजन पर अब शायद ही कोई कार्यक्रम हो; यह बहुत अधिक पैसा लेते है। एक गरीब प्रचारक जो सम्पूर्ण सुसमाचार का प्रचार करता है, वो टेलीविजन पर एक कार्यक्रम का खर्च नहीं उठा सकता है। तो इसलिए... उस रात भाई ने कहा, मुझे सोचता हूँ, कहीं तो, कहा, "अपने रेडियो पर पड़ी धूल को साफ़ करे," या किसी ने तो कहा, या, "इसे कोने में से वापस बाहर निकाले और उन कार्यक्रम को सुनें।" ये सही है।

88 लेकिन, प्रिय व्यक्ति, आप जो भी हैं, मैं निश्चित रूप से आपसे सहमत हूं। यह मनुष्य जाति के लिए सबसे हानिकारक चीजों में से एक बन गयी है। वहाँ वे यह सब यहाँ पर पैसे लेते हैं जो पैसा सरकार के पास टैक्स या करों के लिए जाता है, और इसे इन सारे सिगरेट और व्हिस्की कार्यक्रमों और इस तरह की चीजों के विज्ञापन में इसके ध्यान बाँट देते है, और इसे सरकार के करों या टैक्स के खाते में डाल देते है; और फिर वे वहां पर आते हैं, और प्रचारकों को पकड़ते हैं, और उन्हें अदालत में घसीटते हैं जिससे कि उनमें से थोड़ा सा पैसा निकाल सके। मैं आपसे सहमत हूं, यह एक भयानक बात है। अब, यह नहीं... आप जानते है, यह बस कुछ ऐसी चीज है जो आप पाते हैं। धन्यवाद, बहनो, भाईयों, आप जो कोई भी है जिसने इसे पूछा था।

**94.** अब, यहाँ पर एक अच्छा प्रश्न है। प्रश्न: **बाइबल में ऐसे स्थान हैं जैसे पहला शमूएल 18:10, जो कहता है कि परमेश्वर की ओर से एक दुष्ट आत्मा ने कामो को किया। मैं समझ नहीं पा रहा हूँ "परमेश्वर से दुष्ट आत्मा।" कृपया इसे समझाएं।**

89 तो ठीक है, हो सकता है प्रभु की सहायता के द्वारा, मैं समझा सकता हूँ। इसका मतलब ऐसा नहीं है कि परमेश्वर एक बुरी आत्मा है। लेकिन हर एक चीज की हर एक आत्मा परमेश्वर के अधीन होती है। और वो जो चाहता है उसके अनुसार हर एक चीज को वो काम करने को लगाता है। समझे?

90 अब, आपके प्रश्न पर, आप उस दुष्ट आत्मा के बारे में बात कर रहे हैं जो शाऊल को पीड़ा देने के लिए परमेश्वर के पास से निकली थी। वो उदासी में था, टूटी हुयी—स्थिति में था, क्योंकि, पहले ही, वो पीछे हटा हुआ था। और जब आप पीछे हट हुए होते हैं, तो एक दुष्ट आत्मा—परमेश्वर एक दुष्ट आत्मा को अनुमति देगा ताकि आपको कष्ट दे।

91 मैं आपके लिए थोड़ी देर में—में कुछ पढ़ना चाहता हूँ। मेरे पास यहां पर एक और विचार है। समझे? हर एक आत्मा को परमेश्वर के अधीन होना है। क्या आपको याद है जब यहोशापात और अहाब युद्ध करने जा रहे थे? और पहली बात जो आप जानते हैं, वहां एक—वे फाटकों में तैयार हो गए थे। और यहोशापात एक धर्मी व्यक्ति था, और उसने कहा (दोनों राजा वहां तैयार है, और उन्होंने उनकी सेना को एकसाथ एकत्र किया) और सो उसने कहा, "आओ हम प्रभु से परामर्श ले कि हम बाहर जाये या नहीं।"

92 और अहाब ने जाकर और चार सौ भविष्यव्यक्ताओ को ले आया, जो सारे उसके पास थे, और उनको खिलाता रहा, और परिपुष्ट किया, और हर एक चीज को किया; वे अच्छी दशा में थे। और वे वहां पर आये, और सभी ने एक मन होकर भविष्यवाणी की, कहा, "आगे जाओ, और परमेश्वर तुम्हे विजय देगा। वहां गिलाद के रामोत पर जाओ, और वहां परमेश्वर उस चीज को तुम्हारे लिये ले लेगा।" उनमें से एक ने अपने आप के लिए सींगों का जोड़ा बनाया और चित्रण के रूप में इधर–उधर दौड़ने लगा, कहा, "इन लोहे के सींगों से, तुम उन्हें देश से बाहर धकेल दोगे; जो तुम्हारा है।"

93 लेकिन आप जानते हैं, वहां परमेश्वर के एक मनुष्य के विषय में कुछ तो बात है जो उस सब के साथ नहीं जाता है। देखा? यदि यह वचन के साथ सही नहीं बैठता है, तो वहां कुछ तो गड़बड़ है। कोई भी सच्चा विश्वासी... तब यहोशापात ने कहा, "तो ठीक है, वे चार सौ नबी सही दिखाई देते हैं। वे भले मनुष्य की तरह दिखाई देते हैं।"

"ओह, वे हैं," हो सकता है अहाब ने कहा।

लेकिन यहोशापात ने कहा, "क्या तुम्हारे पास एक और नहीं है?" एक और क्यों जब कि तुम्हारे पास एक मन के साथ चार सौ हैं? क्योंकि वो जानता था कि कुछ तो ऐसा था जो ठीक नहीं लग रहा था। समझे?

उसने कहा, “जी हाँ, हमारे पास एक और है, इम्ला का पुत्र, यहाँ ऊपर,” कहा, “लेकिन मैं उससे घृणा करता हूँ।” निश्चय ही। आप उसकी कलीसिया को किसी भी समय बंद कर देंगे जब भी आप कर सकते हैं। आप उसे देश से बाहर कर देंगे। देखा? निश्चय ही। “मुझे उससे घृणा है।”

“तुम उससे क्यों घृणा करते हो?”

“वो हमेशा ही मेरे विरुद्ध बुरी भविष्यवाणी करता है।” मैं सोचता हूँ कि यहोशापात ठीक तभी जानता था वहाँ—कुछ तो सही नहीं था।

तो उसने कहा, “ऊपर जाकर और मीकायाह को ले आओ।”

सो वे उसे लेने ऊपर चले गए, और वह यहां नीचे आता है... सो जब वे ऊपर गए, तो उन्होंने एक संदेशवाहक को भेजकर कहा, “अब, एक मिनट रुकना। अब, उनके पास वहां नीचे धर्मज्ञान के चार सौ विद्वान हैं। वे देश में पीएच, एलएलडी, और हर एक चीज में सबसे उत्तम हैं।” कहा, “अब, आप जानते हैं, तुम जो तुच्छ छोटे अनपढ़ मनुष्य हो, तुम उन सारे याजकगण से असहमत नहीं होंगे।”

94 इम्ला ने यह कहा, या मेरा मतलब है, मीकायाह ने यह कहा: “मैं तब तक कुछ भी नहीं कहूँगा जब तक कि परमेश्वर इसे मेरे मुँह में न डाल दे, और तब मैं ठीक वही कहूँगा जो परमेश्वर कहता है।” मैं इसे पसंद करता हूँ। मैं इसे पसंद करता हूँ। दूसरे शब्दों में, “मैं वचन के साथ बना रहूंगा।” बाकी लोगों ने क्या कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसने कहा, “तो ठीक है,” कहा, “मैं तुम्हे बताता हूं। यदि तुम चाहते हो कि तुम्हे बाहर नहीं फेंका जाए, तो बेहतर होगा कि तुम उसी बात को कहो।”

सो वो वहां नीचे गया। और उसने कहा, “क्या मैं ऊपर जाऊं?”

उसने कहा, “आगे बढ़ो।” कहा, “मुझे आज रात का समय दो। मुझे इस पर प्रभु के साथ बात करने दो।” मैं इसे पसंद करता हूँ। सो उस रात प्रभु उसके सामने उपस्थित हुआ, और दूसरे दिन वो वहां ऊपर जाता है। और उसने कहा, जब वो ऊपर जा रहा था, उसने बोला, “आगे बढ़ो; पर मैंने इस्राएल को उन भेड़ों की नाई देखा जिनका कोई चरवाहा नहीं है, वे सब पहाड़ियों पर बिखरी हुई थी।” ओह, प्रभु! कि वो आंधी उसमें से बाहर आने दो।

और उसने कहा, “क्या मैंने तुम्हे नहीं बताया? मैं इसे जानता था। बिल्कुल ठीक इसी तरह से वह हर समय करता है, मेरे विरुद्ध कुछ तो बुरा कहता है।”

95 क्यों? वो वचन के साथ बना हुआ था। क्यों? उसके सामने एक भविष्यव्यक्ता, परमेश्वर का वचन एलिय्याह की ओर से आ रहा था, सच्चा भविष्यद्वक्ता, उसने बोला, “क्योंकि तूने निर्दोष नाबोत का लहू बहाया है, कुत्ते भी तेरा लहू चाटेंगे।” और उसने उसे बुरा बताया। एलीशा स्वर्ग चला गया था। लेकिन वो जानता था कि एलीशा के पास परमेश्वर का वचन था, इसलिए वो वचन के साथ बना रहा। मैं इसे पसंद करता हूँ। वचन के साथ बने रहे।

96 यदि बाइबल ने कहा यीशु मसीह को कल, आज और युगानुयुग एक है; उसकी सामर्थ अब भी वही है; पवित्र आत्मा जो कोई भी चाहे उसके लिए है, उसे आने दो, वचन के साथ बने रहो। जी हां, श्रीमान! कोई फर्क नहीं पड़ता बाकी के लोग क्या कहते है। कितना अच्छा सिखाया गया और वे कितने स्कूलों में से होकर आये हैं, इसका इससे कोई लेना-देना नहीं है।

तो फिर उसने कहा... यह बड़ा विशाल व्यक्ति जिसके सिर के ऊपर सींग है, इसे बाहर निकालने जा रहा है—देश से बाहर राजा से दूर, वो ऊपर चला गया और उसके मुंह में जोर से मारा (इस छोटे से प्रचारक को)। वह जानता था कि वह बस एक छोटा सा पवित्र शोर शराबा करने वाला था इसलिए इसके बारे में कुछ भी नहीं कहा जाएगा, तो उसने बस उसके मुंह में जोर से मार दिया। उसने कहा, “मैं तुमसे कुछ पूछना चाहता हूँ।” कहा, “परमेश्वर का आत्मा किस ओर चला गया जब वह मुझ में से निकल गया क्या तुमने इसे पाया है? ”

97 उसने कहा, “तुम समझ जाओगे जब तुम वहां पिंजरे में उस ओर एक बंधुवे की नाई बैठे रहोगे।” उसने कहा, “मैंने परमेश्वर को सिंहासन पर बैठा हुआ देखा (आमीन! अब सुनना!), और स्वर्ग की सेना उसके चारों ओर इकट्ठा हुई थी।” मामला क्या था? उसके नबी ने पहले ही बता दिया था कि अहाब के साथ क्या होने वाला है। परमेश्वर... यह एलिय्याह ने ऐसा नहीं कहा था; यह तो अभिषिक्त नबी था। यह प्रभु का वचन था, **यहोवा यों कहता है**। और मीकायाह ने कहा, “मैंने एक बड़े सभा में स्वर्ग के सारे

समूह को परमेश्वर के चारों ओर इकट्ठा होते देखा। और वे एक दुसरे के साथ बातें कर रहे थे। और प्रभु ने कहा, 'हम किसे ले कि वहां नीचे जा सके तुम में से कौन एक नीचे जाकर अहाब को भरमा सकता है, कि वहां उसे ले सके ताकि परमेश्वर का वचन पूरा हो, उसे मारने के लिए? हमें वहां नीचे जाने के लिए किसे ले सकता है? '"

98 तो, यह एक कह रहा था *यह* एक या *वो* एक है। और थोड़ी देर के बाद, एक दुष्ट आत्मा, एक झूठ बोलने वाली आत्मा नीचे से ऊपर आई और कहा, "यदि आप मुझे अनुमति दोगे। मैं एक झूठ बोलने वाली आत्मा हूँ। मैं नीचे जाकर और उन सारे प्रचारकों को ले लूँगा, क्योंकि उनके पास पवित्र आत्मा नहीं है; और मैं उन्हें बनाऊंगा (वे बस स्कूल में प्रशिक्षित लड़के ही हैं)—और मैं नीचे जाकर, उन में से हर एक को ले लूंगा, और उन्हें भरमाऊंगा, और उनसे एक झूठी भविष्यवाणी करवाऊंगा।" क्या उसने इसे कहा? और उसने कहा, "हम इसी तरह से भरमायेंगे।" तो वो नीचे चला गया।

उसने कहा—परमेश्वर ने कहा, "मैं तुम्हे जाने की अनुमति देता हूँ।"

99 और वह नीचे गया और उन झूठे भविष्यद्वक्ताओ, स्कूल–प्रशिक्षित सेवकाई के अंदर चला गया, और उनसे झूठी भविष्यवाणी करने को लगाया। यह एक झूठ बोलने वाली आत्मा थी जो परमेश्वर की इच्छा के अनुसार काम कर रही थी। मुझे... अब कुछ और भी है जो आप यहाँ देख सकते हैं, बस एक मिनट। इसे देखो। मैं चाहता हूं कि आप मेरे साथ पहला कुरिन्थियों के 5वें अध्याय को खोलें, पहला पद, बस एक मिनट। पहला कुरिन्थियों... और यदि आप कुछ देखना चाहते हैं तो इसे देखे, परमेश्वर कुछ तो बना रहा हैं—किस तरह से वे बुरी आत्माएं, किस तरह से वे—वे आगे बढ़ेंगी... तो ठीक है, पौलुस बोल रहा है:

> *यहां तक सुनने में आता है, कि तुम्हारे बीच में* व्यभिचार *होता है, वरन ऐसा* व्यभिचार जो ये... *अन्यजातियों के बीच में भी नहीं होता है,...* (आप इसके बारे में क्या सोचते हैं कलीसिया के बीच? )... *कि एक मनुष्य अपने पिता की पत्नी को रखता है।*
>
> *और तुम फूले हुए हो, और ना ही...* (आइए देखते हैं। मैं सोचता हूँ कि मैंने दो पन्नो को पलट दिया हैं... )... *तुम जो—और तुम फूले हुए हो, और ना ही शोक करते हो जो, कि...* (अब, यहां

एक मिनट रुकना। क्या मैं... हाँ, यह सही है। हां।)... *शोक नहीं करते*... (ऐसा ही है।)... *फूले हुए हो, और ना ही... शोक करते हो, जिस से ऐसा काम करने वाला तुम्हारे बीच में से निकाला जाता।*

100 मुझे नहीं पता। मैं नहीं सोचता कि कोई भी इस पर कहेगा या पीछे हटेगा, लेकिन मैं केवल उसी का बचाव कर रहा हूं जिस पर मैं विश्वास करता हूं: यदि कोई व्यक्ति एक बार आत्मा से भर जाता है तो वो इसे खो नहीं सकता। देखा, समझे?

*क्योंकि मैं तो शरीर के भाव से दूर था, परन्तु आत्मा के भाव से तुम्हारे साथ होकर, पहले ही न्याय हो चूका है, मानो उपस्थिति की दशा में, उसके विषय में जिस ने ऐसा काम किया है,*

*प्रभु यीशु मसीह के नाम में, जब तुम एक साथ एकत्र हुए हो, और मेरी आत्मा, प्रभु यीशु मसीह की सामर्थ के साथ,*

*कि शरीर के विनाश के लिये शैतान को उस एक को सौंपा जाए, ताकि उस की आत्मा प्रभु यीशु के दिन में बचाया जाए।*

101 परमेश्वर, पवित्र कलीसिया को बता रहा हैं, जो धरती पर उसका शरीर है, कि (अब, यह पुराने नियम के बाद है, नए नियम में) एक मनुष्य को बताना जो लोगों के बीच बहुत ही गंदा और मलीन था कि वह अपने पिता की पत्नी के साथ रहता था। कहा, “मसीह की देह में ऐसी बात... तुम, कलीसिया, उसे नाश के लिए शैतान के हवाले कर दो... ” देखा? परमेश्वर अनुमति देता है... और जब उसे कुछ तो मिलता है तो उसे करते हुये देखना है, किसी पर चाबुक को लगाने के लिए, वो उन पर एक दुष्ट आत्मा को छोड़ देगा, जिससे कि वे उस व्यक्ति को कष्ट दे और—और उन्हें वापस लेकर आए। अब, बाद में हम इस मनुष्य को पाते हैं...

102 यही है जो आज कलीसियाओं के साथ मामला है। जब कोई मनुष्य मसीह की देह के अंदर आता है और सदस्यों में से एक बन जाता है और बुराई करना आरंभ करता है, बजाय इसके आप सब एक साथ इकट्ठा होकर और इसी काम को करते हो... और तुम, ब्रंहम टेबरनेकल, इसे करो। क्योंकि जब तक तुम उसे संभाले हुए होते हो, वो लहू के नीचे होता है। और वो बस उसी पुराने काम को हर समय बार–बार और बार–बार और बार–बार करता रहता है। तुम एक साथ मिलकर और उसे देह के नाश

के लिए शैतान के हवाले कर दो, कि उसकी आत्मा—जैसे—हो सकता है प्रभु के दिन में बचायी जाये। और देखो, परमेश्वर का चाबुक आता है। देखो, शैतान उसे पकड़ के रखता है। यही एक बुरी आत्मा उसे पकड़ने लगती है।

103 और यह यहाँ लड़का सीधा हो जाता है। वह वापस आ जाता है। हम दूसरे कुरिन्थियों में देखते हैं जहां वो वास्तव में परमेश्वर के सामने साफ़ किया।

104 अय्यूब की ओर देखो, एक सिद्ध मनुष्य, एक धर्मी मनुष्य। और परमेश्वर ने दुष्ट शैतान को उस पर आने की अनुमति दी, और उसकी ताड़ना की, उसकी आत्मा को सिद्ध करने के लिये बाकी की हर एक चीज को किया। देखा? सो बुरी आत्माएं... परमेश्वर अपनी योजना और अपनी इच्छा को पूरा करने के लिए बहुत बार दुष्ट आत्माओं का उपयोग करता है।

**95.** अब, यहाँ एक है जो असल में एक साथ ही लगा हुआ है। प्रश्न (मैं सोचता हूँ है कि यह वही व्यक्ति है, क्योंकि इसकी लिखावट एक जैसी दिखती है): **यदि किसी व्यक्ति के पास अवश्य ही पवित्र आत्मा होना है—पवित्र आत्मा होना है परिवर्तित होने के लिए और रेपचर में जाने के लिए, तो उन बच्चों की दशा क्या होगी जो उत्तरदायी होने ही उम्र के पहले ही मर जाते है? और वे कब ऊपर आयेंगे?**

105 अब, मेरे भाईयो, बहनो, मैं आपको यह नहीं बता सकता। बाइबिल में इस पर कोई वचन नहीं है जैसा कि मैं कहीं भी पा सकता हूं। लेकिन मैं अपने विचार को व्यक्त कर सकता हूं। अब, यह आपको मजबूत करेगा जो परमेश्वर के अनुग्रह में विश्वास करते है। आप देखिए, वो व्यक्ति जानना चाहता है (जो कि बहुत अच्छा प्रश्न है। समझे? ) वो व्यक्ति जानना चाहता है कि कौन सा पुनरुत्थान—उस बालक का क्या होगा, कि यदि रेपचर में जाने के लिए उसके पास पवित्र आत्मा होना चाहिए... जैसा कि मैंने कहा है, यह सही बात है। यह बाइबिल के अनुसार है। यही वचन की शिक्षा है। ना ही स्वर्ग में जाने के लिए... क्योंकि पवित्र आत्मा से भरे हुए लोग पहला पुनरुत्थान है, चुने हुए। और वे बचे हुए शेष... शेष मरे हुए एक हजार वर्ष तक जीवित नहीं रहते। सह–शताब्दी के बाद, उसके बाद दूसरा पुनरुत्थान होता है, बड़े सफ़ेद सिंहासन का न्याय। देखा? ठीक यही बाइबल का क्रम

है। लेकिन यह व्यक्ति जानना चाहता है कि इन बच्चों के बारे में क्या है। वे... दूसरे शब्दों में, क्या उनके जन्म से पहले उनके पास पवित्र आत्मा था? क्या उन्होंने इसे पाया? अब, यह मैं आपको नहीं बता सकता हूँ।

106 लेकिन अब, आइये हम इसे इस तरह से कहे: हम जानते हैं कि जो बच्चे मर जाते हैं, उनके माता–पिता के बावजूद, वे बच जाते हैं। अब, मैं इस बात पर भविष्यवक्ताओं के स्कूल से असहमत हूं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता है—वो एक ऐसे माता–पिता के साथ मर जाता है जो पापी थे, वो बालक नर्क में जाएगा, सड़ जाएगा; इसमें अब उसका कुछ नहीं होने वाला है। तो ठीक है, यीशु... जब यीशु आया तो यूहन्ना ने कहा, "परमेश्वर के मेमने की ओर देखो जो संसार के पाप को उठा ले जाता है।" और यदि वह बालक मनुष्य जाति था, जिसे परमेश्वर के न्याय के नीचे आना होगा, और यीशु पाप को दूर करने के लिए मरा, सारे पाप परमेश्वर के सामने से निकाल दिए गए जब यीशु उस उद्देश्य के लिए मरा था। आपके पाप क्षमा हुए थे। मेरे पाप क्षमा हुए थे। और केवल एक ही जरिया है कि आपको कभी भी क्षमा किया जा सकता है, वो है उसकी क्षमा को स्वीकार करना। अब, वो बालक उसकी क्षमा को स्वीकार नहीं कर सकता है, इसलिए कि उसने कुछ भी नहीं किया है। इसने बिल्कुल कुछ भी किया ही नहीं है। इसलिए ये स्वर्ग जाने के लिए बिल्कुल स्वतंत्र है।

107 लेकिन आप कहेंगे, "क्या वे रेपचर में जाएंगे? " अब—अब, यह मेरे अपने शब्द है; यह अब मेरा विचार है। ना... मैं इसे बाइबल से साबित नहीं कर सकता हूँ। लेकिन देखो। यदि परमेश्वर, दुनिया की नींव डालने से पहले, कि हर मनुष्य जो कभी धरती पर होगा वो उसे जानता था... क्या आप यह विश्वास करते है? वो हर एक मच्छर, हर एक पिस्सू, हर एक मक्खी को जानता था, वह सब कुछ जानता था जो कभी भी धरती पर होगा। यदि वो जानता था कि...

108 देखो। आइए उदाहरण के लिए, मूसा को लें। जब मूसा का जन्म हुआ था, वो एक भविष्यव्यक्ता था। यिर्मयाह से पहले... परमेश्वर ने यिर्मयाह से कहा, "इससे पहले तू अपनी माँ के गर्भ में रचा जाता, उसके गर्भ में रचने से पहले, मैं तुझे जानता था, और पवित्र किया, और जाति–जाति के लिये तुझे भविष्यव्यक्ता ठहराया।" यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला, उसके जन्म के

सात सौ बारह वर्ष पहिले, यशायाह ने उसे एक दर्शन में देखा था, कहा, "वो जंगल में पुकारने वाले की एक आवाज है।"

109 परमेश्वर का पहले से ठहराया जाना या पूर्वज्ञान, छोटे बच्चों के बारे में सब कुछ जानता है (देखा? ), उन्हें क्या करना था। और वह जानता था कि वे मरेंगे। वो जानता था। परमेश्वर के इसके बारे में जाने बिना कुछ भी नहीं हो सकता है। कुछ नहीं हो सकता... बस अच्छे चरवाहे की तरह, वो कैसे अंदर जाता है... अब, वचन के द्वारा इसे लेने के लिए, मैं यह नहीं कह सकता कि वचन *ऐसा–और–ऐसा* कहता है। मैं इसे केवल अपने विचार के लिए ले रहा हूं।

**96.** अब, अगला प्रश्न एक जो मैं सोचता हूँ कि हो सकता है कोई तो वही था जो मैंने एक रात को बताया था। **समझाये कि पत्नी एक बालक को जनने के द्वारा बचायी जायेगी।**

110 पत्नी एक बालक को जनने के द्वारा नहीं बचती है। लेकिन आइए अब हम पहला तीमुथियुस 2:8 की ओर जाये, बस एक मिनट। और आइए देखेंगे कि बालक के बारे में बाइबल क्या कहती है। अब, मैं समझता हूँ कि यह एक कैथोलिक सिद्धांत है, कि कैथोलिक कहते है कि स्त्री बालक को जन्म देने में बच जाती है, बालक को जन्म देने के द्वारा। लेकिन आइये ना ही... मैं इसे विश्वास नहीं करता। पहला तीमुथियुस 2रा अध्याय, और आइए आठवें पद से आरंभ करें, और अब एक क्षण पढ़ेंगे। तो ठीक है, सुनना।

> *वैसे ही स्त्रियां भी सुहावने वस्त्रों से अपने आप को संवारे...* (हमें यह नहीं पूछना चाहिए, क्या हमें करना चाहिए? इसको सुनना।)... *लज्ञा संकोच के साथ...* (व्यूह!)... *और संयम; ना ही उसके बाल* गूंथने *से, या सोने, और मोतियों, और बहुमोल कपड़ों से;* (भाइयों, मुझे आशा है मैं यहाँ आपकी सहायता कर रहा हूँ। ये सारी नयी–नयी स्त्रियों के पहनने वाली टोपीयां हर दिन या तीन दिन। आपने देखा? यह मसीही नहीं बनाता है।)
>
> *लेकिन (क्योंकि परमेश्वर की भक्ति ग्रहण करने वाली स्त्रियों को यही उचित भी है) पर भले कामों से।*
>
> तुम्हारी स्त्रीयों *को चुपचाप पूरी* आधीनता *में सीखना चाहिए।*
>
> *लेकिन मैं कहता हूं, कि स्त्री न उपदेश करे, और न पुरूष... पर आज्ञा चलाए, परन्तु... चुपचाप रहे।*

*क्योंकि आदम पहिले, और उसके बाद हव्वा बनाई गई।*

*... आदम बहकाया न गया, लेकिन स्त्री बहकाने में आकर अपराधिनी हुई।*

*ऐसा होते हुए भी वो बालक को जनने के द्वारा बचायी जायेगी यदि...* (अब, वो संसार की स्त्री से बात नहीं कर रहा है, बच्चो को जन्म देना।)... यदि वो *विश्वास में* स्थिर बनी रहती है... (देखा? यदि वो स्थिर बनी रहती है। वह पहले से ही... यही वो स्त्री है जिसके बारे में वो बात कर रहा है, वो स्त्री यही है जो बचाई जा चुकी है। देखा? ) ... *और संयम* सहित *विश्वास, प्रेम, और पवित्रता में।*

111 ना ही बच्चो के होने से, वो बचती है, लेकिन इसलिए कि वह बच्चों की परवरिश कर रही है, अपना कर्तव्य निभा रही है, ना ही बच्चों की जगह वो बिल्लियों, कुत्तों, और जो भी है उन्हें पाल–पोस रही हो, जैसा कि वे आज करते हैं, इन्हें माँ का प्यार देती है जिससे कि वो बाहर जा सके और पूरी रात यहाँ–वहां घूम सके। कुछ लोग ऐसा करते हैं। क्षमा करें, लेकिन वे ऐसा करते हैं। मेरे लिए यह कहना बहुत ही भद्दा है, लेकिन सच तो सच है। देखा? वे नहीं चाहते कि कोई बच्चा उनके साथ बंधा हुआ हो। लेकिन जन्म देने में, यदि वो विश्वास, पवित्रता और सारे संयम में स्थिर बनी रहती है, तो वो बचाई जाएगी। लेकिन *यदि* है, तो आप भी बच जाएंगे, *यदि* आप फिर से जन्म पाए हुए हैं। आप चंगे हो सकते हैं *यदि* आप विश्वास करते हैं। आप पवित्र आत्मा को पा सकते हैं *यदि* आप इसे विश्वास करे, इसके लिए तैयार हो जाए, *यदि* आप इसके लिए तैयार हैं। और वह बच जाएगी यदि वो इन कामों को करती रहे (देखा? ), लेकिन इसलिए नहीं कि वो एक स्त्री है। तो यह सही है, भाईयो, बहनो। यह बिल्कुल भी कैथोलिक की शिक्षा नहीं है। अब मैं चाहता हूं... यहाँ एक और है जो कि एक बहुत ही कठिन है। फिर हमारे पास एक और है। मैं सोचता हूँ कि शायद हमारे पास इसके लिए समय है। मैंने अभी अपना समय लिया। अब, यह तो केवल—यह तो बस बेदारी के बाद का असर है। यह सभा के बाद का असर है, ये प्रश्न।

**97.** अब: **भाई ब्रंहम** (यह टाइप किया हुआ है), **क्या एक व्यक्ति के लिए अन्यभाषा में बोलना और अपने खुद के संदेश का अनुवाद करना ऐसा**

**वचन में है? यदि ऐसा है, तो कृपया समझाएं। पहला कुरिन्थियों या कुरिन्थियों 14:19 और कुरिन्थियों 14:27 भी।**

112 तो ठीक है, आइए हम उस वचन की ओर जायेंगे और देखें कि यह क्या कहता है। और फिर हम देखेंगे कि क्या हम इस वचन के अनुसार रख पाते हैं। हम हमेशा ही वचन अनुसार बने रहना चाहते हैं। और कुरिन्थियों 14। अब, ये व्यक्ति जानना चाहता है क्या ये वचन के अनुसार है एक मनुष्य के लिए कि उसके खुद के सन्देश का अनुवाद करे जो उसने अन्य जुबान में बोला है। "यदि ऐसा है, तो कुरिन्थियों 14:19 को समझाए।" आइए देखें, 14 और 19। तो ठीक है, हम यहां हैं।

> *परन्तु* कलीसियाओ *में, मैं... बल्कि यह मुझे और भी अच्छा जान पड़ता है, कि औरों के सिखाने के लिये बुद्धि से पांच ही बातें कहूं, अन्य भाषा... में... दस हजार बातें कहने से।*

अब, अगला 27वां पद है, वे जानना चाहते हैं।

> *यदि कोई मनुष्य अन्य भाषा में* बातें *करता हैं, तो ऐसा करे कि दो, या तो... बहुत हो तो तीन जन बारी बारी बोलें; और एक व्यक्ति अनुवाद करे।*

113 अब, मैं उसे लेता हूं जो व्यक्ति जानने की कोशिश कर रहा है (जिसे मैं चाहता हूँ—मैं आपके लिए थोड़े समय के लिए कुछ पढ़ने जा रहा हूँ)। लेकिन मैं सोचता हूँ कि भाई या बहन इसे जानने की कोशिश कर रहे हैं, "क्या एक व्यक्ति के लिए जो अन्यभाषा में बोल रहा है, उसी के द्वारा कहे गए संदेश का अनुवाद करना सही है?" अब, प्रिय प्यारे मित्र, यदि आप उसी अध्याय के 13वें पद को पढ़ेंगे, तो यह आपको बताएगा:

> *इस कारण जो अन्य भाषा बोले, तो वह प्रार्थना करे, कि वो उसका अनुवाद भी कर सके।*

114 निश्चय ही। वो अपने खुद के संदेश का अनुवाद कर सकता है। अब, यदि हम सिर्फ... आइये बस... अच्छा, आप... इसे यहाँ से सारा पढ़ें, और आप देख सकते हैं ये... बस इस पूरे अध्याय को पढ़ें। यह बहुत अच्छा है, इसे समझाता हैं।

115 अब, अन्य जुबान में बोलना... अब, जबकि हम उस पर हैं, और इसे टेप किया जा रहा है, मैं कहना चाहता हूं कि मैं अन्य भाषाओं में बोलने में

उतना ही विश्वास करता हूं जितना कि मैं दैविक चंगाई में विश्वास करता हूं, और उस—उस पवित्र आत्मा के बपतिस्मा में, मसीह के दूसरे आगमन में, और आने वाले संसार की सामर्थ; मैं उस पर उतना ही विश्वास करता हूं जितना मैं इसे विश्वास करता हूं, लेकिन मैं विश्वास करता हूँ कि अन्य जुबानो में बोलने का अपना स्थान है बिल्कुल वैसे ही मसीह के आगमन का अपना स्थान है; दैविक चंगाई का अपना स्थान है; हर एक चीज अपनी जगह पर है।

116 अब, आप लोगों के लिए, मुझे अब इसे कहने का मौका मिला है, और मैं इसे समझाना चाहता हूं। और यदि मैं किसी को ठेस पहुँचाता हूँ, तो मेरा ऐसा कोई मतलब नहीं है। मेरा मतलब गड़बड़ी पैदा करना नहीं है। लेकिन सुनना। पेंटेकोस्टल लोगों के द्वारा अज्ञात भाषा में बोलने से क्या बात रही है (जो मैं खुद हूं; मैं पेंटेकोस्टल हूं। समझे? )... अब, इसकी परेशानी क्या रही है: कि वे इसका आदर नहीं करते हैं। और एक और बात, वे इसे बिना व्यवस्था के होने देते है। वे वचन पर वापस नहीं आते हैं।

117 अब सुनना। यहाँ ये तरीका है—होने का—यहाँ वो तरीका है जिसमें कलीसिया को रखा गया है। अब, एक पेंटीकोस्टल कलीसिया में, यदि मैं इस कलीसिया में पास्टर का काम रहा होता, तो मैं आपको बताता कि मैं इसे किस तरह से व्यवस्थित करता (देखा? ), यदि मैं—हर समय इसका पास्टर होने के लिए यहाँ पर होता। मैं बाइबिल में हर एक दान का समर्थन करता। विश्वासियों को पहले पवित्र आत्मा में बपतिस्मा लेने के लिए कहता। और फिर, पहला कुरिन्थियों 12 के हर एक दान को मेरी कलीसिया में कार्य करने देता, यदि मैं उन्हें वहां पर ला सकता, सारी देह कार्य कर रही होती।

118 अब, यदि आप ध्यान दें... मैं अब कोई आलोचना नहीं कर रहा हूँ। और याद रखना, मैं इसके विपरीत एक शब्द भी नहीं कहूंगा—मैं हो सकता पवित्र आत्मा की निन्दा कर दूंगा। और परमेश्वर जानता है कि मैं इसे गलत नहीं कहूंगा। समझे? लेकिन मैं यह केवल इसे कह रहा हूँ ताकि आपको वचन के दृष्टिकोण को देने की कोशिश करूं, इसका लगभग मैंने बीस वर्षों तक अध्ययन करने के बाद। मैं लगभग तीस वर्षों से प्रचार करते आ रहा हूं। और मैं बस सारी बातो में से होते हुए आया हूं, बस इसमें से होकर निकला हूँ; आप कल्पना कर सकते हैं कि यह कैसा रहा है। और सारे संसार के

हर मनुष्य और उनके सिद्धांत को देख रहा हूँ। और इसे लेता हूँ क्योंकि यह मेरी दिलचस्पी है। यह मेरे खुद के अलावा मनुष्य जाति की दिलचस्पी है। मुझे यहाँ से छोड़ कर जाना है। आपको यहां से छोड़ कर जाना है। और यदि मैं एक झूठे भविष्यद्वक्ता के नाई जाता हूं, तो मैं अपने खुद के प्राण को खो दूंगा और मेरे साथ आपके भी प्राण को खो दूंगा। तो यह रोज की रोटी से कहीं अधिक—कहीं अधिक है; यह लोकप्रियता से कहीं अधिक है; यह किसी भी और चीज से कहीं अधिक है; यह मेरे लिए जीवन है। समझे? और मैं हमेशा बहुत ही ईमानदार बने रहना चाहता हूं।

119 अब, आप एक पेंटीकोस्टल कलीसिया में जाते हैं, पहली चीज... (मेरा मतलब उन सभी से नहीं है। कुछ जो... ) ज्यादातर समय आप कलीसिया में जाते हैं और प्रचार करना आरंभ करते हैं; जब आप प्रचार कर रहे होते है, तो कोई तो उठकर अन्य जुबान में बोलेगा। अब, वो प्रिय व्यक्ति हो सकता है पूरी तरह से पवित्र आत्मा से भरा हुआ हो, और यह पवित्र आत्मा हो सकता है जो उस व्यक्ति के जरिये से बोल रहा हो, लेकिन बात यह है कि वे प्रशिक्षित किये हुए नहीं हैं। यदि मंच पर यह सेवक प्रेरणा के द्वारा बोल रहा है, तो भविष्यवक्ताओं की आत्मा भविष्यव्यक्ता के अधीन होती है। समझे? "सारी चीजे की जाये... " अब, यहाँ पौलुस की ओर जायेंगे वो ऐसा क्यों कहता है कि "जब कोई एक बोल रहा होता है," इत्यादि... "जब वो बीच में आता है, तो वहां बस एक गड़बड़ी हो जाती है।"

120 अब, मैं एक वेदी की पुकार को करता आ रहा हूं, और कोई व्यक्ति उठकर और अन्य जुबान में बोलने लगता है। यह बस... ठीक है, हो सकता है कि आप बस वेदी की पुकार करना भी छोड़ दें। यह इसे रोक देता है। समझे?

121 और फिर, एक और बात। बहुत सी बार लोग उठते है और अन्य जुबान में बोलते है, और लोग बैठ कर और च्युइंग गम को चबाते है, यहाँ–वहां देखते रहते हैं। यदि परमेश्वर बोल रहा है, तो स्थिर रहकर, सुनो! यदि यह सत्य है, यदि वो पवित्र आत्मा उस व्यक्ति में से बोल रहा है, तो आप शांत बैठ जाये और सुनें, आदर करे। आपके लिए अनुवाद आ सकता है। देखा? शांत बैठे; उसके अनुवाद को सुनने के लिए। अब, यदि कलीसिया में कोई अनुवादक नहीं है, तब उन्हें देह में उनकी शांति को बनाए रखना चाहिए।

122 और फिर, जब वे एक अज्ञात भाषा से बोलते हैं, तो बाइबल ने कहा, वे अपने आप से उनसे और परमेश्वर से बाते करे। वो जो एक अज्ञात भाषा में बोलता है वह खुद की उन्नति करता है। अब, यही अज्ञात भाषाएं हैं; बोलियाँ, भाषायें भिन्न हैं। "वे कुछ भी नहीं हैं," वह कहता हैं... लेकिन जो आवाज को करता है उसका एक अर्थ होता है। लेकिन आप... यदि कोई तुरही बजती है, तो आपको पता होना चाहिए कि ये किस तरह की आवाज़ कर रही है (... बस इसे फूंके) या आप नहीं जान पाएंगे कि युद्ध के लिए अपने आप को कैसे तैयार करना है। यदि कोई अन्य जुबान में बोल रहा है, और बस "सिटी बजाना"; इस के लिए बस इतना ही है, कौन जानता है कि क्या करना है। लेकिन यदि यह *जगाने* का बिगुल बजने लगता है, इसका मतलब है "उठ जाओ!" यदि यह *थपथपाहट* की आवाज़ को करता है, तो इसका मतलब होता है "नीचे उतरो।" समझे? यदि यह *आक्रमण* करने की आवाज़ को करता है तो इसका मतलब है "आक्रमण करो।" ये एक अर्थ को देता है, और बस अपने आप के लिए अकेले नहीं बोलती है। तो कलीसिया में, यदि कोई अनुवादक न हो, लेकिन वहां एक अनुवादक है, तब अन्य जुबान वही है जो कलीसिया से संबंध रखता है।

123 अब, आपके प्रश्न पर, प्रिय मित्र, जो कहता है, "मैं बल्कि पांच हजार शब्द कहने से... पाँच शब्द कहूँगा, और जिससे लोग मुझे समझ सके बजाये पांच हजार शब्दों के कहने के (या इससे अधिक जो कुछ भी कहते हैं) अज्ञात भाषा में।" यह सच है। लेकिन नीचे पढ़ें: "... यह उन्नति के लिए प्रकाशन के द्वारा या अनुवाद के द्वारा होना चाहिए।" समझे? उन्नति के लिए।

124 अब, मैं आपको छोटा सा विचार देता हूँ कि क्या हो यदि—क्या... यदि मैं आने वाले इस कलीसिया का पास्टर का काम करना होता था, यदि परमेश्वर मुझे इसके पास्टर के काम को करने के लिए बुलाता है, तो मैं इसे इस तरह से चलाऊँगा: मैं वहां हर उस व्यक्ति को ढूंढने की कोशिश करूंगा जिसके पास दान हो। और मैं चाहता हूं कि वे लोग सभाओ के शुरू होने से लगभग एक घंटे पहले, वे स्वयं एक कमरे में भेंट करे। उन्हें आत्मा के नीचे रहने दो। और पहली बात जो आप जानते हैं, कोई एक वहां पर आता है, उसे अन्यभाषा में बोलने का दान मिला है। और वो अन्य जुबान में बोलता है। सब शांत बैठते हैं। और फिर कोई एक उठता है और अनुवाद करता है जो वो कहता है। अब, इससे पहले कि इसे कलीसिया को

दिया जा सके, बाइबल कहती है कि इसे दो या तीन गवाहों के बीच जांचा जाना चाहिए। अब, वो मनुष्य जिसके पास आत्मा की परख है (देखा? ), क्योंकि वहाँ बहुत सी बार दुष्ट शक्तियाँ आ जाती हैं। (देखा? ) पौलुस ने इसके बारे में बोला है। लेकिन तब, वहाँ पर परमेश्वर की सामर्थ भी होती है। मुझे एक ऐसी सभा बताये जहाँ पर दुष्ट नहीं बैठा हुआ हो। मुझे बताये कि जहाँ पर परमेश्वर के पुत्र एकत्र हुए हो वो शैतान उनके बीच में नहीं हो। यह हर एक चीज में होता है। इसलिए उस पर क्रोधित मत हो जाओ। देखा? शैतान हर जगह पर होता है। अब, हम यहाँ पर हैं। कोई तो अन्य जुबान में बोलता है। अब, वहाँ तीन जन बैठे हुए हैं जिनके पास परखने की आत्मा है। और एक अन्य भाषा में बोलता है और एक संदेश को देता है। अब, यह वचन का हवाला नहीं कर सकता, क्योंकि परमेश्वर व्यर्थ में दोहराने का उपयोग नहीं करता है, और उसने हमें बताया है कि ऐसा ना करे। देखा? इसलिए ये ऐसा नहीं होता है। यह तो कलीसिया के लिए एक संदेश होता है।

125 इस बेदारी में अब तक हमारे पास दो चीजें थी। देखें कि उनमें से हर एक—बिल्कुल सिद्ध थी, बिंदु दर बिंदु सही। समझे? अंदर आयी। एक मनुष्य ने उठकर अन्यभाषा में बोला, और उसका अनुवाद दिया, और सीधे पीछे घुमा, और उस संदेश को प्रमाणित किया जो अभी–अभी दिया गया। दूसरे एक ने उस रात को उठकर, और कहा—भविष्यवाणी की प्रेरणा के नीचे, और कुछ तो कहा, नहीं जानते हुए कि वो क्या कह रहा था; और फिर अंत में वो बोल उठा, “धन्य है वो जो प्रभु के नाम से आता है।” तुरंत ही कुछ तो मुझे तभी प्रेरणा मिली और कहा, “दुसरे शब्दों में धन्य है वो जो यह विश्वास करता है कि यह प्रभु आया है।”

126 अंतर देखें—तब पवित्र आत्मा कल रात ईमारत में उतर आया। देखा? यह उन्नति के लिए है। मैं वहाँ खड़ा था और लोगों को यह बताने की कोशिश कर रहा था कि उन्हें अवश्य ही पवित्र आत्मा को पाना है। और शैतान लोगों के पास आकर यह कहता है, “मत सुनो; शांत बैठे रहो।”

मेरी बहन ने कहा, “बिल, जिस समय आप प्रचार कर रहे थे तो मैं बहुत ही खुश थी; ऐसा लगा कि मैं उठ कर और दीवार पर से छलांग लगा सकती हूं।”

मैंने कहा, “उठो और छलांग लगाओ।” ऐसा ही है।

और उसने कहा, “लेकिन जब आप ऐसा करने लगे,” और कहा, “लोग चिल्लाना आरंभ करते हैं,” कहा, “तब मैंने बस ऐसा महसूस किया जैसे मैं कुछ नहीं एक बूढी हूँ।”

127 मैंने कहा, “यही दुष्ट है। यही शैतान है। जब वह ऐसा करने के लिए आता है,” मैंने कहा, “कुछ भी हो तुम्हे उठ कर खडा होना चाहिए।” हम परमेश्वर के याजक हैं, आत्मिक बलिदान—बलिदान को कर रहे हैं, हमारे होठों के फल उसके नाम को स्तुति देते हैं। देखा?

128 अब, अब, यहाँ पर क्या हुआ। तब पवित्र आत्मा उतर आया, क्योंकि यह बस… “धन्य है वो जो विश्वास करता है।” दो, तीन रातें सीधे मैंने इसे वहां रखने की कोशिश की; और फिर, पवित्र आत्मा ने बोला और कहा (प्रेरणा के नीचे) कहा, “धन्य है वो जो प्रभु के नाम से आता है।” और इससे पहले कि मैं कुछ कह पाता, मैंने इसे वहां पर बोल दिया। “धन्य है वो जो विश्वास करता है कि इसमें प्रभु आया है।” आपने समझा? और मैं अभी यही बात कर रहा हूँ, पवित्र आत्मा आप में स्वयं परमेश्वर है। देखा? और उन्होंने इसे पकड़ लिया। देखा? और उसके बाद पवित्र आत्मा लोगों के बीच उतर आया। देखा कि कैसे भविष्यवाणी ये—ये उन्नती करती है?

129 अब, भविष्यवाणी और भविष्यव्यक्ता के बीच अंतर है। भविष्यवाणी एक से दूसरे तक जाती है, लेकिन एक भविष्यव्यक्ता, पालने से ही एक भविष्यव्यक्ता पैदा होता है। उनके पास **यहोवा यों कहता है** होता है! ना ही उनकी कोई जाँच होती है। आप उन्हें यशायाह वा यिर्मयाह के साम्हने खड़ा हुआ नहीं देखते, उन में से किसी भी भविष्यद्वक्ता के सामने, क्योंकि उनके पास **यहोवा यों कहता है** था! लेकिन लोगों के बीच भविष्यवाणी की आत्मा होती है; आपको इसे देखना होगा, क्योंकि शैतान वहाँ उसमें घुस जाएगा। देखा? अब। लेकिन इसे अवश्य ही जांचा जाना चाहिए।

130 अब, हमारे—हमारे पास एक बेदारी होने जा रही हैं। अब, इसे अब आप सेवकगण बहुत ही करीब से देखे। हम एक बेदारी की तैयारी करते हैं। तो ठीक है। या हो सकता है कि हम सिर्फ एक नियमित कलीसिया की सभा को कर रहे हों। कलीसिया आग में है। ऐसा हर समय होना चाहिए। तो ठीक है, हो सकता है हमारे पास पाँच या छह लोग हो जो दान पाए हुए लोग हैं; कोई अन्य जुबान से बोलता है, दो या हो सकता है तीन लोग अन्य जुबान में बोलते हैं, चार या पांच अन्य जुबान से बोलते हो, उनके

पास जुबानो में बोलने का दान हो, अज्ञात भाषा में बोलने का। उनमें से दो या तीन अनुवाद कर सकते हो। हो सकता है एक—दो, या उनमें से तीन जिनके पास बुद्धि का दान है। तो ठीक है। वे सभी मिले, वे जो दान पाए हुए लोग है... आप... आपको वे दान दिए गए हैं ना ही उनके साथ खेलने के लिए, ना ही कहने के लिए, "परमेश्वर की महिमा हो, मैं अन्यजुबानो में बोलता हूं! हाल्लेलुय्या!" आप—आप—आप खुद को नीचा दिखा रहे हैं। वे, आपको दिए गए हैं ताकि इसके साथ काम करे। और कलीसिया में आपका भाग मुख्य सभा के आरंभ होने से पहले आना चाहिए, क्योंकि हमारे बीच में अशिक्षित लोग होंगे।

131 फिर आप कमरे में चले जाये, और आप वहाँ बैठ जाये, आप लोग एक साथ हो जाये, क्योंकि आप सुसमाचार में सहकर्मी हैं। उसके बाद आप वहां बैठ जाएं। "प्रभु, क्या ऐसी कोई बात है जो आप चाहते हैं कि हम आज रात को जानें? हमसे बात करे, ओह, स्वर्गीय पिता," प्रार्थना का प्रस्ताव, याचनाये; गीतों को गाना। आत्मा सीधे नीचे उतर आता है, किसी पर तो उतर आता है, वो अन्य जुबान में बोलता है। एक उठकर और कहता है, "**यहोवा यों कहता है**।" यह क्या है? सुनना। "जाकर भाई जोन्स को उस स्थान से दूर जाने के लिए कहो जहां वो रह रहा हैं, क्योंकि कल दोपहर को उस देश में वहां एक चक्रवाती तूफान आने वाला है; और यह उसके घर को उडा देगा। वो उसके सामान को लेकर और दूर चला जाये!"

132 अब, यह—यह अच्छा दिखाई देता है। लेकिन एक मिनट रुकिए। वहाँ तीन मनुष्य होने है जिनके पास आत्मा की परख है। उनमें से एक कहता है, "यह प्रभु की ओर से था।" दूसरा कहता है, "यह प्रभु की ओर से था।" वह तीन के सामने दो लोग है—दो या तीन गवाह। तो ठीक है। वे इसे एक कागज के टुकड़े पर लिख देते हैं। यही है जो आत्मा ने कहा। तो ठीक है। वे प्रभु का धन्यवाद करते हुए, वापस प्रार्थना करते हैं।

133 थोड़ी देर के बाद, "**यहोवा यों कहता है** (एक भविष्यव्यक्ता उठ खड़ा होता है) **यहोवा यों कहता है**, कि आज रात न्यूयार्क शहर से एक स्त्री आएगी; वह एक स्ट्रेचर या खाट पर होगी; वो खाट पर ईमारत के अंदर आएगी। उसके सिर पर हरे रंग का दुपट्टा है। वह कैंसर से मर रही है। उसके इस तरह से होने का जो कारण है, प्रभु उसके विरुद्ध है—एक समय जब वो सोलह वर्ष की थी तब उसने उसकी कलीसिया से पैसे चुराए

थे। भाई ब्रंहम से कहो कि उसे इन बातों को बताये। **यहोवा यों कहता है**, यदि वो उसे सही कर ले, तो वो चंगी हो जाएगी।" ज़रा एक मिनट रुकना। यह बहुत अच्छा दिखाई देता है, लेकिन एक मिनट रुकना। आप इस पन्ने पर अपना नाम डालने जा रहे हैं, परखने वाले? क्या आप अपना नाम डालेंगे?

134 "यह प्रभु की ओर से था।" एक ने कहा, "यह प्रभु की ओर से था।" तब—तब आप इसे लिख लें, "**यहोवा यों कहता है**, आज रात एक महिला अंदर आएगी, *ऐसी–ऐसी* बात होगी।" जिसके पास आत्मा की परख है, उनमें से दो या तीन उसके नाम का हस्ताक्षर करते हैं। ये सारे संदेश दिए गए हैं। तो ठीक है।

135 फिर थोड़ी देर बाद वे घंटी को बजते हुये सुनते है। कलीसिया लेना शुरू कर दिया है। फिर वे इन संदेशो को लाते हैं, ठीक यहाँ मेज पर रख देते हैं। ठीक यहाँ पर जहाँ उन्हें रखना चाहिए। मैं कहीं पर अध्यन कर रहा होता हूं, प्रार्थना करता हूं। कुछ समय बाद गीत गाए जाने के बाद मैं बाहर आता हूं। कलीसिया पूरी तरह व्यवस्था में है, लोग आ रहे हैं, बैठ रहे हैं, मनन कर रहे हैं, प्रार्थना कर रहे हैं; यही है जो आपको करना है। कलीसिया में आकर और आपस में बात ना करें, कलीसिया में परमेश्वर से बात करने के लिए आएं। आपका मेल–मिलाप वहां बाहर करे। समझे? हम अभी परमेश्वर के साथ संगति कर रहे हैं। और हम यहाँ आकर बात करते हैं, हर एक जन शांतिपूर्ण, आदरपूर्णक है, आत्मा मंडरा रहा है। पियानोवादक गीत की सभा आरंभ होने से लगभग पांच मिनट पहले पियानो पर आता है, बहुत ही मधुरता में शुरुआत करता है:

> नीचे वहां क्रूस पर जहाँ मेरा उद्धारकर्ता मरा,
> नीचे वहाँ पाप से शुद्ध करने के लिए मैं पुकार उठा,...

या कोई तो अच्छा मधुर गीत, बहुत ही धीमे से। यह सभा के अंदर पवित्र आत्मा की उपस्थिति को लाता है। देखा? तो ठीक है।

136 लोग वहां पर बैठे हुए हैं। उनमें से कुछ वास्तव में—रोने लगते है और वेदी पर आते है, सभा शुरू होने से पहले पश्चाताप करते है। पवित्र आत्मा वहाँ पर है। देखा? कलीसिया प्रसव–पीड़ा में है। मसीही प्रार्थना कर रहे हैं; वे उनके स्थान पर बैठे हैं। वे वहाँ बैठ कर च्युइंग गम नहीं चबाते हैं, कहते हुए, "हे, लिडी, मुझे अपनी थोड़ी लिपस्टिक देना; मुझे चाहिए...

तुम्हे पता है। तुम समझती हो। मुझे आवश्यकता है... तुम्हें पता है, उस दिन जब मैं वहाँ खरीदारी कर रही थी, मैं तुम्हे बताती हूँ, मैंने तुम्हारे पैर की उंगलियों पर पाँव रख दिया था। क्या मैंने कभी ऐसा देखा... तुम उसके बारे में क्या सोचती हो? " ओह, दया करे! और इसे परमेश्वर का भवन कहते हैं। क्योंकि, यह एक शर्म की बात है। मसीह की देह एक साथ आ रही है। वहां हम बैठे है।

पास ही बैठा हुआ पुरुष कहता है, "कहो, तुम जानते हो जब हम वहाँ गए थे, ऐसा *फलां–और–फलां* और *फलां–और–फलां*... " यही सब ठीक हमें वहां बाहर करना है, लेकिन यहाँ पर यह परमेश्वर का भवन है।

137 अंदर आकर प्रार्थना करे; अपने स्थान को ले। मैं अब जो बोल रहा हूँ, ना ही आपकी कलीसियाओ के लिए, भाइयों। मैं नहीं जानता कि आप लोग क्या करते हो; मैं इस भवन के लोगो से बात कर रहा हूँ। मैं अपने खुद के लोगो के लिए बात कर रहा हूँ। देखा? ये सही है।

138 अब, जब आप इस तरह से अंदर आते हैं, तब पहली चीज जो आप जानते हैं, पास्टर बाहर चला जाता है। वह तरो–ताज़ा होता है। उसे *इसका, उसका,* और *इत्यादि* का उत्तर देने की जरुरत नहीं है। वो ठीक बाहर आता है उसकी सेवकाई की उस—उस ओस से। वो पवित्र आत्मा की सामर्थ के नीचे रहा है। वह ठीक वहीं पर चल कर जाता है जहां आग की और जुबाने एक साथ इकट्ठी हुई हैं। यह अब लगभग एक स्तंभ होता है (देखा? ), वह यहाँ–वहां मंडरा रहा है। वह चलकर यहां आता है, इसे उठाता है। "कलीसिया से एक संदेश: '**यहोवा यों कहता है**, भाई जोन्स को अपने घर से निकलना होगा। कल दोपहर दो बजे एक तूफान उसके क्षेत्र में दस्तक देगा। उसके सामान को लेकर और दूर निकल जाये।'" भाई जोन्स इसे जान लेता है। तो ठीक है। यह रिकॉर्ड पर होता है। "**यहोवा यों कहता है**, आज रात को *फलां–और–फलां* नाम की एक महिला यहां पर आएगी, और ऐसा था—उसने *फलां–और–फलां* किया है।" (जैसा कि मैंने अभी बताया है, देखो, इस तरह।) तो ठीक है, यह पूरा हो गया है। ऐसा ही है। उन्हें पहले ही कलीसिया में उनका स्थान मिल गया है। तो ठीक है।

139 उसके बाद वो संदेश को लेता है। और पहली बात जो आप जानते हैं, वह प्रचार करना आरंभ करता है। अनुवाद करने के लिए कुछ भी नहीं है;

यह पहले ही हो चुका है। अब, हम आगे बढ़ रहे हैं, हम संदेश को प्रचार करते हैं।

140 और कुछ समय बाद जब... पहली चीज जो आप जानते है जब संदेश समाप्त हो जाता है, चंगाई की पंक्ति आरंभ होती है। यहाँ एक महिला आती है। कोई तो एक अन्य जुबान में बोल चुका है और बताया है कि वो आ रही है। समझे? हम में से हर एक जन जानता है कि क्या होने वाला है। हम में से हर जन इसे जानता है। देखो किस तरह से विश्वास उनके साथ बढ़ना आरंभ होता है अब अग्नि की जीभे आपके ऊपर ठहरी हुई होती है। वह एक साथ एकत्र होने लगती है। क्योंकि, यह बस एक समाप्त हुआ काम है; ऐसा ही है।

वो महिला... मैं कहूंगा, "न्यू यॉर्क शहर से श्रीमती *फलां–और–फलां,* यहां पर बैठी हुई है... " देखा?

"ओह, ये सही हैं। आप उसे कैसे जानते हैं? "

"यह प्रभु की ओर से कलीसिया के लिए एक संदेश है। जब आप सोलह वर्ष की थी, तो क्या आप एक *ऐसे–ऐसे* स्थान पर नहीं थी और ऐसा किया था—कलीसिया से कुछ पैसे ले लिए थे, और इसकी चोरी की, और उन पैसो से नए वस्त्र ले आयी? "

"ओह ये सही हैं। यह सही है।"

"ठीक ऐसा ही परमेश्वर ने आज रात *फलां–और–फलां* भाई के द्वारा बताया है, जिसे अन्यभाषा में बोला गया; *फलां–और–फलां* भाई ने अनुवाद को किया; यहाँ *फलां–और–फलां* भाई ने कहा, इसे परखने के द्वारा, कहा कि ये प्रभु की ओर से था। और यही सच है।"

"जी हां!"

"तब, **यहोवा यो कहता है**, जाओ, इसे सही कर लो, और तुम अपने कैंसर पर जय पाओगी।"

141 भाई जोन्स घर जाता है, गाड़ी को लेता है, वापस जाता है, अपने फर्नीचर को लेता है, और वहां से दूर चला जाता है। कल दोपहर दो बजे: तूफान! सारी चीजे चली जाती है। देखा? तब कलीसिया महिमा करती है... "धन्यवाद, प्रभु यीशु, आपकी भलाई के लिए।" अब, कलीसिया के लिए, ये उन्नति करना है, यही है।

142 अब, क्या हो यदि उनके कहने के बाद भी ऐसा नहीं होता है? तब तुम्हारे बीच एक दुष्टात्मा है। आप वह दुष्ट चीज को नहीं चाहते हैं। आप भला किसी बुराई को क्यों चाहेंगे जब कि वो—वो आकाश वास्तविक पेंटीकोस्टल से भरा हुआ है? शैतान से कोई पुराने विकल्प को न लें। कुछ तो वास्तविकता को ले। परमेश्वर के पास यह आपके लिए है। तब आपके पास अब और सभाये नहीं होती है, और यहाँ पर किसी भी चीज को नहीं डालते है, जब तक कि परमेश्वर पहले ही इसे प्रमाणित नहीं करता है कि आप सही हैं, क्योंकि आप एक सुसमाचार के कार्य में कलीसिया के सहायक हैं। अब, आप इसे समझ गए कि यह क्या है?

143 और अन्य जुबान, अज्ञात भाषाएं... कोई मनुष्य नहीं वो—जानता है कि वह किस बारे में बात कर रहा है। वो बोलता है; लेकिन हर एक आवाज़ या ध्वनि का एक अर्थ होता है। इसका एक अर्थ है [भाई ब्रन्हम ताली बजाते हैं—सम्पा।] "ग्लुक, ग्लुक, ग्लक!" यह—यह एक—यह एक कहीं की भाषा है।

144 जब मैं अफ्रीका में था, मैंने कभी इस पर विश्वास नहीं किया, लेकिन हर एक चीज जो आवाज़ करती थी उसका किसी प्रकार का एक अर्थ होता था। बाइबल कहती है कि, बिना कोई महत्त्व के, बिना कोई अर्थ के कोई आवाज़ या ध्वनी नहीं होती है। हर एक ध्वनि जो होती है उसका कुछ न कुछ तो अर्थ होता है। क्योंकि, मैंने लोगों को कहते सुना है... मैं कहता हूँ, "यीशु मसीह, परमेश्वर का पुत्र।"

145 उनमें से एक **अनुवादक** बोलेगा [भाई ब्रंहम एक अफ्रीकी अनुवादक की आवाज करते है—सम्पा।]। दूसरा **अनुवादक** बोलेगा [भाई ब्रंहम फिर से करके दिखाते है।]। और यह था, "यीशु मसीह, परमेश्वर का पुत्र।" देखा? ये एक... और मेरे लिए कुछ भी मायने नहीं रखता, लेकिन उनके लिए यह एक भाषा थी बस जैसा कि मैं आपसे बोल रहा हूं। जब ज़ुलु, षोसा, बसुतो, और जिस किसी का भी अनुवाद साथ–साथ आता है, हर एक जन अनुवाद करता है जो कहा गया था, हर एक समझ गये। और ये बातें जो तुम इन लोगों को ऐसे ही बुदबुदाते हुए सुनते हो, और सोचते है कि यह बहुत से अस्पष्ट बोल है, ऐसा नहीं है; इसका एक अर्थ होता है। इसलिए हमें इसका आदर करना चाहिए, इसे इसके स्थान पर रखना चाहिए।

146 अब, हो सकता है कोई संदेश नहीं आया है। अब, सभा समाप्त हो गई है; वेदी की पुकार की जा चुकी है। और कुछ समय के बाद कोई तो (वहां कोई संदेश वापस नहीं आया) कोई मौका मिलते ही उठ खड़ा होता है। पवित्र आत्मा... अब, बाइबल ने कहा, "यदि अनुवाद करने वाला न हो, तो अन्य भाषा बालने वाला शान्त रहे।" कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना भी बोलने की कोशिश कर रहा हो, अपनी शांति बनाए रखें।

147 कहते है, "मैं यह नहीं कर सकता।" बाइबिल ने कहा कि आप कर सकते हैं। समझे? सो इससे—इससे बात ख़त्म हो जाती है। देखा? वो अपनी शांति बनाए रखे।

148 फिर, जब ये, मौका आता है, जहां सब कुछ व्यवस्था में होता है, फिर यदि पवित्र आत्मा उस पर सन्देश देने को उतर आता है, तो इसे दे। बिल्कुल ठीक यही है जो आपको करना चाहिए। तब अनुवाद आता है, कहता है, "सैली जोन्स के नाम से यहाँ पर एक महिला है (मैं आशा करता हूँ कि उस नाम की महिला यहां नहीं है, लेकिन... ) सैली जोन्स। (देखा? ) उसे बताये कि यह उसके पुकार की आखिरी रात है। इसे परमेश्वर के साथ सही कर ले क्योंकि उसके पास कम समय है वो यहां पर होगी।" अब, सैली जोन्स वेदी तक उतनी ही तेजी से दौड़ेगी जितनी जल्दी वो वहां जा सकती है (देखा? ), क्योंकि यह उसकी आखिरी पुकार है। देखा? यही एक संदेश को देना है, या एक प्रमाणित होना, या कुछ तो और।

149 यह पेंटीकोस्टल कलीसिया कार्य में होती है। वहां दुष्ट आत्माओं के अंदर घुसने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि यह पहले से ही... बाइबिल बिल्कुल ठीक बताती है, "इसमें में से दो या तीन बोलें, और शेष लोग उन के वचन को परखें।" यही कलीसिया है। लेकिन आज हम इसे कहाँ लाये है? कूदते है, करते ही जाते है, हंसते है और करते ही जाते है जब कोई अन्य जुबान में बोल रहा होता है; दूसरा एक देख रहा होता है, कुछ तो और बात कर रहा होता है और यहाँ–वहां भीड़ लगाते है; पास्टर कुछ तो कर रहा होता है; या कोई आसपास भीड़ लगा रहा होता है। तो, यह ठीक नहीं है। हो सकता है कि पास्टर प्रचार कर रहा हो, और कोई उठकर और उसे बीच में रोकता है... हो सकता है बाइबिल को पढ रहा हो और कोई तो... बाइबल को पढ़ रहा हो, और वहाँ कोई तो पीछे अन्य जुबान में बोलने लगता है। ओह, नहीं! समझे? प्रचारक उपर पुलपिट में प्रचार कर

रहा है, कोई तो उठता है और उसे रूकावट डालता है, अन्य जुबान में बोलने लगता है। ये ठीक है। मैं यह नहीं कहता कि यह पवित्र आत्मा नहीं है, लेकिन आपको यह जानना चाहिए कि पवित्र आत्मा का उपयोग कैसे करना है (देखा? ), इसके उपयोग करने के लिए।

अब, मैं—मैं ले रहा हूँ... क्या आपके पास एक और के लिए जगह है? तब, कल रविवार। फिर हम... आइये हम बस... यहां एक है। मैं सोचता हूँ कि यह सबसे कृपा से भरा है। और अब, यदि आप सब मेरे साथ बस कुछ अधिक मिनट के लिए कृपया धीरज धरे। और फिर, मैं... मैं आपसे चाहता हूँ—मैं आपसे चाहता हूं कि आप इसे समझे। मैंने इसे पहले से सोच कर रखा है। यह मेरा आखिरी एक है।

अब, पहले, मैं उन दो बातों को पढ़ने जा रहा हूँ जो उस व्यक्ति ने पूछी थीं। यह एक पुराने कागज के टुकड़े पर लिखा है, जिसे एक सुंदर हस्तलेख से लिखा गया है। नहीं जानता यह कौन है, उनमें से किसी के नाम के—के हस्ताक्षर नहीं हैं।

**98. भाई ब्रंहम, क्या सेवको के लिए उनके सभाओ में पैसे के लिए ज्यादा खींचतान करना सही है, कहते हुए कि परमेश्वर ने उन्हें बताया है कि श्रोतागण में इतने लोगो को इतना कुछ देना चाहिए? यदि यह सही है, तो मैं जानना चाहता हूं। या यदि यह गलत है, तो मैं जानना चाहता हूं। इस बात ने मुझे बहुत अधिक परेशान किया है।**

150 अब, आप देखिए, मित्र, मैं आपको बताऊंगा, मैं आपको यह बताने जा रहा हूं जो मैं सोचता हूं। देखा? अब, इसका मतलब यह नहीं कि ये ठीक है। मैं सोचता हूँ कि यह बहुत बेकार बात है।

151 अब, मुझे ऐसा लगता है। परमेश्वर ने मुझे कार्यश्रेत्र में भेजा है। मैंने उस समय को देखा है जहाँ मैं ऐसा दिखता था कि मैं सबसे से नीचे हूँ... और मेरे—मेरे पास बिल्कुल पैसे नहीं थे। और मैं कहूंगा, “बस पैसा एकत्र करने की प्लेट को घुमाये।”

और प्रबंधक मेरे पास आकर कहता है, “देखो, बिली, हमें आज रात लाल रंग के पाँच हज़ार डॉलर चाहिए, लड़के। क्या आपके पास इसे देने के लिए जेफरसनविल में पैसे है? ”

152 मैं कहता, “ये ठीक है। परमेश्वर ने मुझे यहां भेजा है, नहीं तो मैं नहीं आता। (देखा? ) बस दान लेने की प्लेट को घुमाये।”

और सभा खत्म होने से पहले, कोई कहता है, “आप जानते है, प्रभु ने मेरे ह्रदय में डाला है कि इसके लिए पाँच हज़ार डॉलर दूं।” देखो, समझे? सबसे पहले, इसे करने के लिए अगुवाही होना है।

153 मैं पैसे खींचने, निवेदन करने और मांगने में विश्वास नहीं रखता। मैं सोचता हूँ कि यह गलत बात है। अब भाई, यदि आप ऐसा करते हैं, तो मुझे आपकी भावनाओं को ठेस न पहुँचाने दें। समझे? आपके—आपके पास सकता है ऐसा करने के लिए परमेश्वर से मार्गाधिकार हो। लेकिन मैं सिर्फ अपने लिए बोल रहा हूं। मैं इसमें विश्वास नहीं करता हूं।

154 अब, मैं यहाँ तक उन सेवको को भी जानता हूँ जाते है और कहते है... मैं ठीक खड़ा था, ज्यादा समय नहीं हुआ... अब, यह पेंटीकोस्टल नहीं है, यह है... तो ठीक है, यह कलीसियाये है (देखा? ), दूसरी कलीसियाये हैं। ऐसा एक बड़े शिविर की सभा में था। गर्टी, आप मेरे साथ थे, कई अन्य लोग मौजूद थे। और उन्होंने पूरी दोपहर का समय एक प्रसिद्ध संप्रदाय पर लिया—उनमें से दो या तीन ने एक साथ मिलकर (यही औपचारिक नियमित कलीसियाये हैं, जैसे शहर में यहाँ हमारी आधुनिक कलीसियाये, और इत्यादि है) एक बड़े सम्मेलन में—और उन्होंने पूरी दोपहर का समय लिया, मंच पर खड़े होकर—और डराने लगा कि परमेश्वर उनकी फसलों को नष्ट कर देंगा, उनके बच्चों को पोलियो दे देगा, और उस तरह की चीजें करेगा, यदि उन्होंने उस सभा में पैसे नहीं डाले तो। बिल्कुल यही सच्चाई है, बाइबिल के साथ जो मेरे सामने है। मैंने कहा, “यह परमेश्वर और उसके अनुसरण करने वालो की ईशनिंदा है।” यदि परमेश्वर आपको भेजता है, तो वह आपकी देखभाल करेगा। यदि उसने आपको नहीं भेजा है, तब संप्रदाय को आपकी देखभाल करने दें। लेकिन—लेकिन आप... यदि परमेश्वर आपको भेजता है, तो वह आपकी देखभाल करेगा।

## 99. पवित्र आत्मा की कलीसिया में क्रिसमस के नाटक के विषय में क्या?

155 तो ठीक है, यदि यह मसीह के बारे में है, तो यह अच्छी बात हो सकती है। लेकिन यदि बात सांता क्लॉज की है, तो मैं उस पर विश्वास नहीं करता। मैं—मैं इस बात में बढा हुआ हूँ—मैं इन चीजो से दूर होकर बढा हुआ हूँ। मैं सांता क्लॉज में बिल्कुल भी विश्वास नहीं करता। समझे? और इनमें से कुछ छोटी क्रिसमस की बातें जो उनके पास हैं, मैं सोचता हूँ कि यह मूर्खतापूर्ण

है। और... लेकिन मैं सोचता हूँ कि उन्होंने क्रिसमस से पूरी तरह से मसीह को निकाल लिया है और इसमें सांता क्लॉज़ डाल दिया है।

156 और सांता क्लॉज एक काल्पनिक कहानी है। (मैं आपकी किसी भी भावना को ठेस नहीं पहुंचा रहा हूं, मैं आशा करता हूँ, बच्चों के विषय में।) लेकिन मैं आपको बताऊंगा। यहाँ ज्यादा समय पहले की बात नहीं है, लगभग पच्चीस, तीस साल पहले, जब इस शहर में एक सेवक, जो किसी बड़ी कलीसिया का—का पास्टर था, यहाँ शहर में, जिसे मैं अच्छी तरह से जानता था, मेरा एक गहरा मित्र है, वो मेरे पास चलकर आया। और चार्ली बोहनोन (भाई माइक, आपको चार्ली बोहनोन याद होंगे, मेरा एक अच्छा मित्र)... वहाँ अपने कार्यालय में बैठा हुआ था और कहा, "मैं अपने बच्चों को कभी नहीं बताऊंगा या मेरे पोते–पोतियों ने अब से इस झूठ को और नहीं बोलूंगा।" उसने कहा, "मेरा अपना छोटा बेटा मेरे पास आया जब वो बारह वर्ष का हो गया, और सांता क्लॉस के बारे में बात कर रहा था... " और उसने कहा, "क्यों... प्रिय, मुझे आपसे कुछ कहना है," कहा, "माँ... " आप जानते हैं, और आगे बढ़कर बताने लगा कि उसने क्या किया है।

फिर उसके वापस आने के बाद, कहा, "तब, पिताजी, क्या यह यीशु वही बात है? "

157 सच्चाई को बताये। सांता क्लॉज़ एक व्यक्ति, क्रिस क्रिंगल या संत निकोलस के विषय में कैथोलिक पहनावा है, बहुत वर्ष पहले का एक पुराना जर्मन कैथोलिक संत जो बच्चों की भलाई करते हुए घूमता–फिरता था। और उन्होंने इसे एक रीति–रिवाज़ के नाई आगे बढाया है। लेकिन यीशु मसीह परमेश्वर का पुत्र है। वो वास्तविक है, और जीवता है।

अब, यहाँ एक प्रश्न है, एक आखिरी, जो बहुत ही...

158 अब देखो। इस पर आप मुझसे असहमत हो सकते हैं। लेकिन यदि आप मुझसे असहमत होते है, याद रखें, इसे मित्रतापूर्णक करे, क्या आप करेंगे? मैं आपसे प्रेम करता हूँ, और मैं नहीं चाहता—आपको ठेस नहीं पहुंचाना चाहता। मैं बस, मैं ईमानदार बने रहना चाहता हूँ। यदि मैं नहीं कर सकता... यदि मैं अपने लड़के से झूठ बोलता हूँ, तो मैं एक झूठा हूँ। देखा? मैं उसे सच्चाई को बताना चाहता हूं।

159 अब, मैं उसे सांता क्लॉज़ के बारे में बताता हूँ, मैं कहता हूँ, "हाँ, ज़रूर, सांता क्लॉज़ है। क्रिसमस की रात पिता को देखो।" समझे? जी हां।

160 आप जानते है, उस दिन मैं वहाँ नीचे था, और मैंने बस देखने के लिए एक छोटी लड़की पर इसका प्रयास किया। मुझे यकीन है कि वेतन के परसों का दिन था। मैं इमारत में था। और वे वहां पर खड़े हुए थे, यहाँ नीचे क्रेकर मेड में। और मैं किराने का सामान लेने वहाँ चला गया। और इसलिए हम, पत्नी और मैं, वहाँ पर थे। और एक छोटी सी चुलबुली लड़की थी, जो लगभग अठारह महीने से अधिक की नहीं थी, और वह वहां पर खड़ी थी, गाते जा रही थी, "डिंगल बेल्स, डिंगल बेल्स... " और मैंने कहा... उसकी छोटी सी जगह में, आप जानते होंगे, छोटी पहियेदार गाड़ी के पीछे बैठी हुई थी।

मैंने कहा, "क्या तुम सांता क्लॉस के लिए देख रही हो? "

उसने कहा, "वह मेरे डैडी हैं, महोदय।"

मैंने कहा, "तुम्हारे छोटे ह्रदय को आशीष मिले, प्रिय। तुम्हारे पास बुद्धि है।"

अब, यहाँ एक वास्तव में पेचीदा है, मित्रो। और इसमें... उसके बाद मैं बंद कर दूंगा। ओह यह—यह एक बढ़िया वचन है, लेकिन यह हर उस व्यक्ति के लिए एक पेचीदा है जो ऐसा प्रतीत होता है। और ये मेरे मन में वर्षों और वर्षों से है; और केवल परमेश्वर के अनुग्रह से... और मेरी बहुमूल्य पत्नी, अभी वहां पीछे बैठी हुई है, जब उसने सुना कि आज दोपहर मेरे पास यह प्रश्न है, उसने कहा, "बिल, आप इसका उत्तर कैसे देंगे? " उसने कहा, "मैंने हमेशा ही इसे अपने आप में सोचा है।" कहा, "मैं इसे कभी नहीं समझ पायी।" और कहा...

मैंने कहा, "ह्रदयप्रिय, आज रात वहां सभा में आना। मैं परमेश्वर की सहायता से अपनी पूरी कोशिश करूंगा।"

**100. भाई ब्रंहम, कृपया इब्रानियों 6:4 से लेकर 6 का वर्णन करे।**

161 यह एक समय वास्तव में... देखो, अब आपको यहां हमारे विश्वास, अनुग्रह पर देखना होगा, विश्वासियों की सुरक्षा, संतों की दृढ़ता, दृढ़ता, मेरा मतलब संतों की। इब्रानियों का 6वां अध्याय, 4 से 6।

अब, जैसे ही यह... इसे समाप्त करता हूँ, तब मैं आशा करता हूँ कि परमेश्वर मुझे इसे आपके लिए स्पष्ट करने में सहायता करेगा। मुझे क्षमा करे, मेरे—मेरे पास आज रात के लिए मेरा संदेश है; हो सकता है कि मैं सुबह उसी बात पर प्रचार करूँ—सभा में। तब मैं चला जाऊंगा।

162 अब, यह एक वास्तव में पेचीदा है। देखा? अब, आपको देखना होगा। अब याद रखना, हम विश्वास करते हैं और इस कलीसिया में सिखाते हैं, यह नहीं कि प्रत्येक जो आता है और चिल्लाता है, प्रत्येक जो अन्य जुबान में बोलता है, प्रत्येक जो प्रचारक से हाथ मिलाता है, उसके पास अनन्त जीवन है। लेकिन हम परमेश्वर करते हैं कि यदि आपको अनंत जीवन मिला है, यदि परमेश्वर आपको अनन्त जीवन देता है, तो आपको ये हमेशा के लिए मिल गया है। देखा? क्योंकि देखो। यदि ऐसा नहीं होता, तो यीशु एक झूठा शिक्षक पाया जाता। संत यूहन्ना 5:24 में, उसने कहा, "वो जो मेरे वचनों को सुनता है और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनन्त जीवन है, और वो कभी भी न्याय पर नहीं आएगा, लेकिन मृत्यु से पार होकर जीवन में प्रवेश कर चूका है।" अब, उससे विवाद करे। "वे सब जिन्हें पिता ने मुझे दिया है... कोई मनुष्य मेरे पास नहीं आ सकता जब तक कि पिता उसे ना खींच लाये। (मैं वचन का हवाला दे रहा हूं।) वे सब जो आते है... कोई भी मनुष्य मेरे पास नहीं आ सकता जब तक कि मेरा पिता उसे पहले न खींच लाये। और वे सारे जिसे मेरे पिता ने मुझे दिया है वो सब मेरे पास आएंगे। (देखा? ) और जो कोई मेरे पास आता है, मैं उन्हें अनन्त काल का जीवन दूंगा (संत यूहन्ना 6), और उसे अंतिम दिनों में जिलाऊंगा।" यही उसके शब्द हैं।

163 अब देखो। यदि मैं इफिसियों के 1ले अध्याय में वापस जाना चाहूं, पौलुस प्रचार कर रहा है... अब, कुरिन्थियों, हर एक के पास एक जुबान और एक स्तुती के गीत थे। आपने ध्यान दिया कि अन्य कलीसियाओ में यह परेशानी नहीं थी। उसने इस बारे में कभी भी कुछ नहीं कहा। क्या उसने कभी इफिसियों कलीसिया, रोमन कलीसिया में कहीं भी जुबानो का उल्लेख किया है? नहीं! उनके पास अन्य जुबानो में बोलना और हर एक चीज थी, बिल्कुल कुरिन्थियों के जैसे, लेकिन उन्होंने इसे व्यवस्था में रखा था। कुरिन्थियों इसे व्यवस्था में नहीं रख सके। समझे? लेकिन पौलुस ने वहां जाकर और कलीसिया को व्यवस्था में रखा।

अब, वो... मेरा विश्वास है, जैसा कि ओरल रॉबर्ट्स कहते हैं, “परमेश्वर एक भला परमेश्वर है।” क्या आप ऐसा विश्वास नहीं करते?

164 और आप कहते हैं, “ठीक है, तब पेंटीकोस्टल के बारे में क्या जो अन्य जुबान के साथ है, भाई ब्रंहम? ” मैं सोचता हूँ कि उनके पास पवित्र आत्मा है। निश्चय ही उन्होंने किया। तो ठीक है, क्यों? देखो। आप विश्वास करते हैं कि वो एक भला परमेश्वर है? थोमा ने एक बार कहा, “आप जानते हैं, प्रभु... ”

बाकी सब ने उस पर विश्वास किया। कहा, “ओह, हम जानते हैं कि वो वास्तविक है!”

“ओह,” थोमा ने कहा, “नहीं, नहीं, मैं इसे विश्वास नहीं करता। एक ही तरह से मैं इस पर विश्वास करूंगा, उसके लिए मेरे पास कुछ प्रमाण होना चाहिए। मैं अपनी उँगलियों को उसके बाजू में और उसके हाथों के कीलों के निशानों में डालना है।”

वो एक भला परमेश्वर है। उसने कहा, “आगे बढ़ो, थोमा। यहाँ तुम हो।”

“ओह,” थोमा ने कहा, “अब मैं विश्वास करता हूँ।”

165 उसने कहा, “हाँ, थोमा, तुम्हारे मुझे देख लेने के बाद, और मुझे महसूस किया, और मेरा हाथ... तुम्हारे हाथ को मेरे बाजु में डालकर, तुम विश्वास करते हो। लेकिन उनका प्रतिफल कितना बड़ा है जिन्होंने कभी नहीं देखा और फिर भी विश्वास करते है।” वो एक भला परमेश्वर है। निश्चय ही, वो आपको आपके ह्रदय की इच्छा को देता है। आइये केवल उस पर विश्वास करें। यही है—यही है—यही शैतान के लिए मौत का प्रहार है। जब एक मनुष्य परमेश्वर को उसके वचन पर लेता है, भाई, तो वो हर समय शैतान को मारेगा। यही पूरी तरह से प्रहार होता है जो शैतान को मिल सकता है, जब एक मनुष्य परमेश्वर को उसके वचन पर लेगा। जी हां, श्रीमान। जैसा कि मैंने कहा, “मनुष्य केवल नहीं जीयेगा (यीशु, ने एक रात को कहा), लेकिन हर एक वचन जो निकलता है... ”

166 अब, इस पर ध्यान दें। अब मैं पहले पद से शुरू करने जा रहा हूँ:

*इसलिये आओ मसीह की शिक्षा की आरम्भ की बातों को छोड़ कर, हम सिद्धता की ओर आगे बढ़ते जाएं;...* (अब, पहली

चीज जो मैं चाहता हूं कि आप जाने: पौलुस यहां किससे बात कर रहा है? इब्रानियों से। वे कहते हैं, "इब्रानियों," सबसे ऊपर, इब्रानियों की किताब है। क्या यह सही है? जिन यहूदियों ने यीशु को ठुकरा दिया था... क्या आप—आप इसे अब पकड़ रहे हैं? वह यहूदियों से बात कर रहा है, उन्हें व्यवस्था की छाया को दिखा रहा है जो एक मसीह का नमूना है। सारी पुरानी बातें एक नई का नमूना हैं। अब देखे।)

*... मसीह की शिक्षा की आरम्भ की बातों को छोड़ कर, हम सिद्धता की ओर आगे बढ़ते जाएं;...*

167 अब, वो उनसे शिक्षाओ के बारे में बात कर रहा है। आइए हम चले और सिद्ध चीजों के बारे में बात करे। अब, आप परमेश्वर में सिद्ध होते हैं जब आप अपने छुटकारे के दिन *तक* पवित्र आत्मा के द्वारा मोहरबंद किए जाते हैं। "वह जो परमेश्वर से जन्मा है (पहला यूहन्ना) वो पाप नहीं करता; क्योंकि वो पाप नहीं कर सकता, क्योंकि उसमें परमेश्वर का बीज बना रहता है।"

168 एक व्यक्ति जो पवित्र आत्मा से भरा हुआ होता है, ना ही सोचता है कि वह भरा हुआ है, लेकिन जो परमेश्वर के आत्मा से जन्म लेता है, वो पाप नहीं करता है, क्योंकि परमेश्वर का बीज उस में है, और वह पाप नहीं कर सकता। देखा? क्या बाइबल ऐसा कहती है? तो वहां पर ये है। आप... यह नहीं कि आप क्या करते हैं, क्या है, क्या है, ऐसा नहीं कि संसार आपके बारे में क्या सोचता है, यह ऐसा है परमेश्वर आपके बारे में क्या सोचता है। देखो, देखा? आप नहीं... मेरे पास भला शहर के मेयर के द्वारा लिखा गया आदेश किस तरह से हो सकता है, कि मैं शहर में चालीस मील प्रति घंटे से ही गाडी को दौडा सकता हूँ, और कोई भी पुलिसवाला मुझे बन्दी बनाये? मैं नहीं कर सकता। मैं कैसे पाप कर सकता हूँ जब परमेश्वर के सामने निरंतर लहू अर्पण हुआ है, जहाँ वो मुझे देख भी नहीं सकता; जब वहां पर बम्पर है—पर... मेरे और परमेश्वर के साम्हने, लहू की ढाल है? क्योंकि हम तो मर चुके हैं, और हमारा जीवन परमेश्वर के द्वारा मसीह में छिपा हुआ है, जिस पर पवित्र आत्मा से मोहर लगी है। आप भला कैसे संसार में परमेश्वर की दृष्टि में कुछ भी गलत कर सकते हैं? "यदि हम जानबूझ कर पाप करते हैं (इब्रानियों 10) सत्य के ज्ञान प्राप्त करने के बाद, तब पाप के

लिए और कोई बलिदान नहीं है।” यहाँ पर असंभव है (देखा? ) जानबूझ कर पाप करना।

169 अब, आइये आगे बढ़ते हैं और पढ़ते हैं। तो ठीक है।

> *... सिद्धता; और ना ही फिर से मरे हुए कामों से मन फिराने की—की नीव डालते हुए, और... परमेश्वर पर विश्वास करने,*
>
> *बपतिस्मों की शिक्षा, ... और हाथ को रखने, और मरे हुओं का पुनरुत्थान... और अनंत न्याय।*
>
> *और... यदि* परमेश्वर *चाहे, तो हम यही करेंगे।*
>
> (अब यहां पर जहाँ वे चौथे पद से शुरू करना चाहते हैं।) *क्योंकि ये उनके लिए असंभव है... जिन्हों ने एक बार ज्योति पाई है, और जो स्वर्गीय वरदान का स्वाद चख चुके हैं और पवित्र आत्मा के भागी हो गए हैं,*
>
> *और परमेश्वर के उत्तम वचन का और आने वाले युग की सामर्थों का स्वाद चख चुके हैं,*
>
> *यदि वे भटक जाएं, तो उन्हें मन फिराव के लिये फिर नया—नया बनाना अन्होना है; क्योंकि वे परमेश्वर के पुत्र को अपने लिये फिर क्रूस पर चढ़ाते हैं और प्रगट में उस पर कलंक लगाते हैं।*

170 अब, अब, ऐसा दिखाई देता है, वहां से होते हुए आप इसे यहाँ समझे रहे हैं, कि एक मनुष्य पवित्र आत्मा को पा सकता है, और फिर पीछे हट सकता है और खो सकता है। लेकिन ऐसा करना उसके लिए असंभव है। देखा? वो इसे नहीं कर सकता। यदि उसने किया, तो मसीह झूठा ठहरता है। समझे? ये उनके लिए असंभव है जिन्होंने एक बार ज्योति पाई है। अब, यहाँ देखें। वो किससे बात कर रहा है? वो उन सीमारेखा के यहूदियों से बात कर रहा है। उसने कभी नहीं कहा कि एक मनुष्य पवित्र आत्मा से भरा हुआ है; उसने कहा, “यदि उसने परमेश्वर के वचन का स्वाद चखा है।”

171 अब, मैं इसे केवल एक नैतिक कथा के रूप में बताता हूं, जिससे कि आप इसे देख पाये और अब इससे चूकना नहीं। अब, वो इन यहूदियों को लिख रहा है। उनमें से कुछ सीमारेखा के विश्वासी हैं। देखा? उसने कहा,

"अब, हम इन कामो को छोडकर सिद्धता के बारे में बात करने जा रहे हैं।" कहा, "अब, हम बपतिस्मे, और मरे हुओं के पुनरुत्थान, और हाथ रखने, और हर एक चीज के बारे में बात कर रहे हैं; लेकिन आओ अब सिद्धता के बारे में बात करने के लिए आगे बढ़ते हैं। अब, हम बात करने जा रहे हैं जब आप पवित्र आत्मा में आते हैं। अब, आप बहुत अधिक समय से सभा के आस–पास बने रहे हैं... "

172 और आपने उन लोगों को देखा है। वे आसपास बने रहेंगे; वे ना ही अंदर आते है या ना ही बाहर जाते है। वे पवित्र आत्मा की सराहना करते हैं। वे नजदीक आएंगे। और हो सकता है कि पवित्र आत्मा कुछ तो करता है और, वे लोग उठकर और चिल्लाएंगे, और इस बात पर फर्श पर ऊपर और नीचे कूदेंगे, लेकिन वे इसे अपने खुद लिए कभी भी पाना नहीं चाहते है। नहीं, नहीं! देखा? और वे कहेंगे, "ओह, जी हाँ, यह अच्छा है। ओह, मैं अभी इसके बारे में नहीं जानता हूँ।" देखो, देखो, समझे? ये सीमारेखा के विश्वासी है। बस इतने नजदीक इतना तक कि वे इसका स्वाद चख सकते है, लेकिन फिर भी वे इसे ग्रहण नहीं करते हैं। देखा? अब, वे इतने लंबे समय तक ऐसे ही आना जाना करते हैं, कुछ समय बाद इतना तक कि वे धीरे–धीरे पूरी तरह से दूर निकल जाते है। मैं बहुत से लोगों के नाम बता सकता हूं जो भवन में थे, इसी तरह के काम को किया। पूरी तरह से फिर से भटक जाते है, पश्चाताप के लिए खुद को नया बनाना, उनके लिए कोई पश्चाताप नहीं है। उन्होंने बस आत्मा को शोकित करके अपने से दूर कर दिया है। वे यहाँ तक कि इतने नजदीक रहे हैं...

173 यहाँ, यदि आप मेरे साथ जायेंगे (आपके पास समय नहीं है, अब मैं जानता हूँ) लेकिन यदि आप व्यवस्थाविवरण के 1ले अध्याय को खोलेंगे और इसे पढ़ेंगे, तो आपको वही बात मिलेगी। इसे चिह्नित करते हुए, व्यवस्थाविवरण का 1ला अध्याय। अब, और 19वें पद से शुरू करते है और 26वे पद तक पढ़ेंगे। व्यवस्थाविवरण... आप देखेंगे... अब देखे। सारा इस्राएल... वे लोग क्या करते हैं, वे कादेश–बर्निया में आते हैं। ओह, मैं कुछ तो देख रहा हूँ! यह भवन, यह पेंटीकोस्टल संसार ठीक अभी कादेश–बर्निया में है। यह बिल्कुल सही है, भाई नेविल। हम कादेश–बर्निया में हैं, जो संसार का न्याय का आसन है (न्याय का आसन था)।

174 और भेदिये या गुप्तचर चले गए। यहोशू ने यहाँ कहा, "अब, मैंने भेदिये

भेजे," मेरा मतलब मूसा ने कहा, "मैंने तुम्हारे गोत्रों में से हर एक में से एक पुरूष, बारह भेदियों को भेजा। मैंने उन्हें देश का भेद लेने के लिए और वापस खबर लाने के लिए भेजा है।" क्या यह सही है?

और जब वे लौटे, तो बारह में से नौ ने कहा, "ओह, यह एक अच्छा देश है, लेकिन ओह, दया, हम इसे नहीं ले सकते है। ओह, प्रभु! वहाँ एमोरी लोग रहते हैं, और हम उनके सामने टिड्डियों के समान दिखाई पड़ते हैं। वे हथियार से लदे हुए पुरुष हैं। उनकी दीवारें बड़ी–बड़ी हैं। ओह, यह बहुत... क्योंकि, काश कि हम पीछे उस ओर मिस्र में ही मर जाते बजाये इसके तुम हमें बाहर निकालकर यहाँ ले आते।"

175 लेकिन, छोटे बूढ़े कालेब और वहां पर यहोशू कूद पड़े और उन्हें चुप कराया; कहा, "हम इसे लेने में सक्षम से बढ़कर हैं।" जी हां, श्रीमान! वहाँ वो एक है। अब देखो। क्या हुआ? कालेब और यहोशू जानते थे कि परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा की है: "मैं परवाह नहीं करता कि यह कितना बड़ा है, कितनी बड़ी रूकावटे हैं, वे कितनी ऊँची हैं, वे कितनी विशाल हैं, इसका इससे कोई लेना–देना नहीं है। परमेश्वर ने ऐसा कहा है, और हम इसे ले सकते हैं।" और क्या आप जानते हैं कि वे केवल दो ही लोग थे, जो कि ढाई लाख लोगो में से, जो कभी पार करके देश के अंदर आए थे? क्योंकि उन्होंने उनके विश्वास को थामे रखा था उस बात पर जिसे परमेश्वर ने सत्य होने के लिए कहा था। आमीन!

176 वो भवन, ठीक अभी, कादेश–बर्निया में खड़ा है। देखो, वे लोग इतने नजदीक थे इतना तक कि उन्होंने देश में से अंगूरों का स्वाद भी चखा था। वे अंगूर खाते हैं। जब कालेब और वे लोग वहां जाकर वापस अंगूरों को ले आए, तब उन लोगो ने कुछ अंगूर तोड़कर और उन्हें खाया। "ओह, वे अच्छे हैं, लेकिन हम इसे नहीं कर सकते।" "जिन लोगों ने परमेश्वर के भले काम के स्वाद को चखा है, पवित्र आत्मा का स्वाद चखा है, और इसकी भलाई को देखा है, इसका स्वाद चखा है, परमेश्वर के वचन का स्वाद चखा है... " इसे समझे? ना ही उनमें से किसी पुरुष को, उनमें से एक को भी कभी भी वहां पर जाने नहीं दिया गया था। वे उनके अपने ही देश में नाश हो गए, यहां पर जंगल में। वे कभी भी वहां पर नहीं गए, फिर भी वे इसका स्वाद चखने के बहुत ही नजदीक थे, लेकिन इसे लेने के लिए इतना अनुग्रह और विश्वास नहीं था। यह वही है।

177 अब। अब उस प्रिय व्यक्ति को सुनना जिसने इस पत्र को लिखा है। आइए अब अगले पद को पढ़ते है। बस एक मिनट देखें। पौलुस को देखे। आइए अब 7वा पढ़ते हैं:

> *क्योंकि जो भूमि... वर्षा के पानी को जो उस पर बार बार पड़ता है, इसे पी पीकर जिन लोगों के लिये वह जोती–बोई जाती है, उन के काम का साग–पात उपजाती है, वह परमेश्वर से* आशीष *पाती है।*
>
> *पर यदि वह झाड़ी और ऊंटकटारे उगाती है, तो निकम्मी, और स्रापित होने पर है, और उसका अन्त जलाया जाना है।*

178 अब, देखो वो क्या कहता हैं? अब देखो। यहाँ पर यह प्रश्न था; अब, और फिर हम बंद करेंगे... इस चीज ने मुझे वर्षो तक मारना चाहा।

179 मैं एक बार एक सभा में गया था, जहां मिशावाका, इंडियाना में लोग अन्य जुबान में बोल रहे थे। अब, मैं अपने खुद के झुण्ड के सामने हूँ। आपने उन लोगों को सुना है... मुझे मेरी जीवन कथा को बताते हुए सुना है, और उस अश्वेत मनुष्य के बारे में जिसने कहा, "यहाँ है वो। यहाँ है वो।" अब, मैंने यह बताया।

180 लेकिन इसका बाकी का: मैंने दो मनुष्यों को देखा। वे... एक संदेश को देगा, दूसरा एक उसका अनुवाद करेगा। दूसरा एक संदेश को देता है, और दूसरा एक उसका अनुवाद करता है। और भाई, वे सही थे। सिर्फ यह... मैंने सोचा, "हे प्रभु! मैंने कभी इस तरह कुछ भी नहीं देखा।" मैंने कहा, "मैं दूतों के बीच में हूँ।" मैंने सोचा, मैंने कभी ऐसा कुछ नहीं देखा... एक बोलेगा, और दूसरा एक...

181 और मैं वहां पीछे बैठा हूं, एक छोटे पुराने प्रचारक के नाई, आप... [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... दोनों पुरुष कभी–कभी और उनके हाथ को मिलाते हैं। मैंने अपने जीवन में ऐसे मनुष्य कभी नहीं देखे। वे एक संदेश को बोलते, और दूसरा एक उसका अनुवाद करता। और ओह, प्रभु! यह अद्भुत था! एक बोलेगा और दूसरा एक अनुवाद करेगा। दोनों... और वे बस चुने के पत्थर से सफेद हो जाते जब वे उनके हाथ ऊपर उठाते है। मैंने सोचा, "ओह मेरे, प्रभु, मैं सारी जिंदगी भर कहां रहा हूँ। यह वो बात है!" मैंने कहा, "ओह, पेंटीकोस्टल सही हैं।" यह बिल्कुल सही है।

182 मैंने कभी भी इतना नहीं देखा, लेकिन अभी जो ठीक लगभग यहाँ हुआ था, जहां... हो सकता है कि कुछ महिलाएं कहीं तो मिशन के साथ हों। और वे वाद–विवाद करते होंगे; और एक दूसरे को कहते हो, "गिद्धों का बसेरा," और, आप जानते होंगे, बस इसी प्रकार से कुछ तो, एक प्रकार से एक दूसरे पर विवाद करते हैं। ना ही स्त्रीयों की बिना परवाह किये या ना ही कुछ, लेकिन बस... यह—यह निचले स्तर पर था। यदि आप में से कोई... आपको याद होगा, भाई ग्राहम। आप उस समय बस एक छोटे से लड़के ही थे। और सो, यह इसी तरह से था।

और मैंने उसकी बात को सुना, और मैंने सोचा, "ओह, प्रभु, मैं दूतों तक पहुंचा हूँ।"

183 एक दिन घर के कोने के पास से आ रहा था, लगभग दूसरे दिन, मैं एक मनुष्य से मिला। मैंने कहा, "आप कैसे हैं, श्रीमान?"

उसने कहा, "आप कैसे हैं?" उसने कहा, "क्या... आपका क्या नाम है?"

और मैंने कहा, "ब्रंहम।"

उसने कहा, "आप कहाँ से हैं? यहीं से?"

और मैंने कहा, "नहीं, मैं जेफरसनविले से हूं।"

उसने कहा, "अच्छा, यह ठीक है। क्या आप पेंटीकोस्टल हैं?"

मैंने कहा, "नहीं श्रीमान, मैं नहीं हूं।" मैंने कहा, "मैं बस पवित्र आत्मा को ग्रहण करने के पेंटीकोस्टल के तरीके को स्वीकार नहीं करता," मैंने कहा, "हालाँकि," मैंने कहा, "मैं यहां सीखने को आया हूं।"

184 उसने कहा, "अच्छा, यह बहुत ही अच्छी बात है।" और उससे बात करते हुए, उसकी आत्मा को पकड़ रहा था (जैसे कुएं पर वो स्त्री), वो एक सच्चा मसीही था। भाई, मेरा मतलब है कि वो पूरी तरह सही प्रतित हुआ। वह अच्छा था। अब, आप सब... मेरी सभाओ में कितने लोग आए हैं और उन चीजों को होते हुए देखा है? आप समझे? और वो मनुष्य पूरी तरह से बिलकुल ठीक था। तो फिर, मैंने—मैंने सोचा, "वहां! ओह, क्या ही अद्भुत!"

185 लगभग उस शाम को, दोपहर के समय में, मैं दूसरे एक से मिला। मैंने कहा, "आप कैसे हैं, श्रीमान?"

उसने कहा, “आप कैसे हैं? आपका नाम क्या है?” और मैंने उसे बताया। और उसने कहा, “क्या... क्या—क्या आप पेंटीकोस्टल हैं?”

मैंने कहा, “नहीं, श्रीमान, ना ही वास्तव में पेंटीकोस्टल, मैं अनुमान नहीं लगाता।” मैंने कहा, “मैं बस यहाँ पर सीखने आया हूँ।”

उसने कहा, मैंने कहा, उसने कहा, “क्या आपने कभी पवित्र आत्मा पाया है?”

मैंने कहा, “मैं—मैं नहीं जानता।” मैंने कहा, “आप सभी ने जो पाया है, उसके अनुसार, मैं सोचता हूँ मेरे पास नहीं है।”

और उसने कहा, “आपने कभी अन्य जुबान में बोला है?”

मैंने कहा, “नहीं श्रीमान!”

उसने कहा, “तब तो आपके पास यह नहीं है।”

186 और मैंने कहा, “खैर, मैं—मैं सोचता हूँ कि यह सही है।” मैंने कहा, “मैं नहीं जानता। मैं बस लगभग दो वर्षो से प्रचार करते आ रहा हूँ, उससे कम,” और मैंने कहा, “मैं इसके बारे में अधिक नहीं जानता।” मैंने कहा, “हो सकता है मैं नहीं जानता।” मैंने कहा, “मैं नहीं समझ सकता... ” जो कारण था, मैं उसे वहां जानने की कोशिश कर रहा था (देखा?), इसे समझने के लिए। और जब मैंने जान लिया, यदि मैं कभी किसी ढोंगी से मिला हूँ, तो वो उनमें से एक था। उसकी पत्नी काले सिर वाली थी; और वह एक भूरे सिर वाली महिला के साथ रहता था, और उसके दो बच्चे थे; और अन्य–जुबानो में बोलता था, इसका बस उतना ही इसका सिद्ध रूप से अनुवाद होता था जितना ये हो सकता था। और मैंने कहा, “अब, प्रभु, मुझे इसमें क्या मिला है?” दूतों से, मैं नहीं जानता था कि मैं किस में था। मैंने कहा, “मैं—मैं—मैं मूल सिद्धांत वाला हूँ; इसे बाइबिल में होना है। इसे सही होना चाहिए। वहां कहीं कुछ तो गड़बड़ है, प्रभु। ऐसा भला कैसे हो सकता है?”

187 मैं उस रात सभा में गया, और वो आत्मा उतर आता है; और भाई, आप इसे महसूस कर सकते थे, कि यह पवित्र आत्मा था। जी हां, श्रीमान! यदि ये नहीं था, इसने मेरी आत्मा के साथ गवाही दी कि यही पवित्र आत्मा था। और मैं बस एक युवा प्रचारक ही था, और यह नहीं जानता था कैसे, आत्मा की परख के बारे में इतना कुछ नहीं जानता था। लेकिन मैं वहां पर

बैठा हुआ था। और मैं जानता हूँ कि वहीं परमेश्वर जिसने मुझे बचाया, यह वही अनुभूति थी... ऐसा महसूस हुआ जैसे मैं छत के पार जा रहा हूँ, ये उस इमारत में क्या ही अद्भुत अनुभूति हो रही थी। और मैंने सोचा...

188 उनमें से लगभग पंद्रह सौ वहाँ पर थे। और मैंने सोचा, "ओह, मेरे परमेश्वर!" उनमें से दो या तीन झुंड एक साथ मिले थे। और मैंने सोचा, "बताये, प्रभु! यह कैसे हो सकता है? अब, वो महान आत्मा इस ईमारत में इस तरह से उतर रहा है; और यहाँ, देखो यह वहाँ पर चल रहा है, वे लोग अन्य जुबान में बोल रहे हैं, अनुवाद कर रहे हैं, अच्छी तरह से संदेश को दे रहे हैं—और उन में से एक ढोंगी और दूसरा एक परमेश्वर का सच्चा मनुष्य है।" और मैंने सोचा, "अब, मैं पूरी तरह परेशान हो गया। मैं नहीं जानता क्या करना है।"

189 तो ठीक है, इसके तुरंत बाद, मेरा एक अच्छा मित्र, भाई डेविस (आप जानते होंगे), ऐसा कहना लगा कि मैं एक गुड़ियाँ हूं। यह एक लड़की का खिलौना होता है, आप जानते होंगे। और सो, मैं अविवाहित था, और तो मैं... उसने मेरे साथ चलना शुरू किया, और फिर बोलते ही जा रहा था, मेरे साथ थोडा हंसी–मजाक कर रहा था।

190 और हमारे पास कुछ... और आपकी माँ और हम सब अलग–अलग स्थानो पर छोटी–छोटी सभाओ में जाते थे। उस समय पर आराधनालय नहीं होता था—था और हमारी अलग–अलग स्थानो पर छोटी–छोटी सभाये हो रही थी। और अंत में एक दिन, आराधनालय के निर्माण होने के बाद, बहुत वर्षों के बाद, मैं ग्रीन मिल से अपनी गुफा तक प्रार्थना करने के लिए गया, क्योंकि भाई डेविस ने उसके अख़बार में—में—में मेरे बारे में कुछ ख़राब बातें कही थीं। मैंने उससे प्रेम किया। मैं नहीं चाहता था कि कुछ भी बात हो, और मैं—मैं वहाँ ऊपर उसके लिए प्रार्थना करने को चला गया। और मैं वहां ऊपर गया, और मैं गुफा में गया। और मैं वहाँ लगभग दो दिन तक रहा। और मैंने कहा, "प्रभु, उसे क्षमा करे। उसका—उसका मतलब नहीं—मतलब ऐसा नहीं था।" और मैंने सोचा, "आप जानते है... " मैं बस एक वचन के बारे में सोच रहा था।

191 और मैं बाहर चला गया। और वहां एक लकड़ी का लट्ठा था (वह लट्ठा अभी भी वहीं पड़ा हुआ है, यहाँ उस पर पड़ा था ज्यादा समय नहीं हुआ) पहाड़ से नीचे और एक छोटे से रास्ते में पड़ा रहता है जो छोटी नदी के

पास से आता है। और मैं बस पैर को फैलाकर खड़ा हो गया, पहाड़ों के पीछे की ओर देख रहा था वहां पीछे—पीछे बहुत दूर तक, और मेरी बाइबिल को इस तरह से मैंने वहां रखा। मैंने सोचा, "आप जानते है... " मैं एक वचन के बारे में सोच रहा था: "ठठेरे ने मुझ से बहुत बुराइयां की हैं और उन बातों को कहा है।" आप जानते है... मैंने सोचा, "मैं सोचता हूँ कि मैं इसे अभी पढूं।" मैंने बाइबल खोली, और मैंने कहा, "तो ठीक है... " मेरे चेहरे को साफ़ किया, और तेज हवा चली, और पन्ना इब्रानियों 6 की ओर पलट गया। "तो, " मैंने कहा, "यह वो नहीं है जहां पर यह वचन है।" और मैंने इसे इस तरह वापस रख दिया। और हवा फिर से चली और उसे फिर से वापस पलट दिया। और मैंने कहा, "अब, यह अजीब बात है, हवा इसे इस तरह से वापस उड़ा रही है।" तो मैंने सोचा, "तो ठीक है, मैं सोचता हूँ कि मैं इसे पढूंगा।" और कहा:

*क्योंकि ये उनके लिए असंभव है जिन्हों ने एक बार ज्योति पाई है,... पवित्र आत्मा के भागी हो गए हैं, और... परमेश्वर के उत्तम वचन का और आने वाले युग की सामर्थों का स्वाद चख चुके हैं।*

मैंने सोचा, "तो, मुझे इसमें कुछ भी नहीं दिख रहा है।" इसे आगे पढने लगा, बाकी का अध्याय। इसमें कुछ भी नहीं है। मैंने कहा, "तो, यही है—जो उसके लिए बात को सुलझाता है।" और मैंने—मैंने इसे इस तरह देखा, और यह फिर से पलट गया। और मैंने इसे उठाया, और मैंने सोचा, "तो ठीक है, क्या है ये? " मैं इसे पढ़ता गया, और इसे पढ़ता गया, और इसे पढ़ता गया, मैंने कहा, "तो, मैं नहीं समझ पा रहा हूँ।" फिर मैं पढता... और मैंने आगे पढ़ा:

*... ये उनके लिए असंभव है जिन्होंने एक बार ज्योति पायी हैं,...*

यह यहाँ आगे एक स्थान पर आता है जहाँ इसने कहा:

*और जो भूमि... वर्षा के पानी को पी पीकर जो उस पर बार बार पड़ती है, जिन लोगों के लिये वह जोती–बोई जाती है,* उन *के काम का साग–पात* उपजाती है, *वह परमेश्वर से* आशीष *पाती है:*

*पर यदि वह झाड़ी और ऊंटकटारे उगाती है, तो निकम्मी और... स्रापित होने पर है; और उसका न्याय जलाया जाना है।*

192 मैंने कहा, "सोचता हूँ कि इसका क्या मतलब है? " मैं बस... अब, मैं वहाँ इसके बारे में कुछ भी नहीं सोच रहा था। बस इसे सोच रहा हूँ। और तब फिर जब मैं वहाँ बैठा हुआ था, मैंने सोचा कि प्रभु मुझे भाई डेविस और उनके बारे में वहां पर एक दर्शन को देगा। और मैं वहां पर बैठा हुआ था; मैंने देखा, और मैंने कुछ तो देखा कि मेरे सामने गड्ढे में बदलते जा रहा है। और यह एक दुनिया का बदलाव हो रहा था। और मैंने देखा कि यह पूरी तरह खुला हुआ था, ऐसा दिखाई दिया, जैसे यह पूरी तरह से हल जोता गया हो। और एक मनुष्य आगे चला गया एक—एक—एक एक बड़ी चीज के साथ जो उसके सामने लगी हुई थी, बीज से भरी हुई थी, और जैसे–जैसे वो जा रहा था वो जाते–जाते सारी धरती पर बीज को बोता जा रहा था। और वो धरती के गोलाई में चारो ओर घूमा, और मेरी दृष्टि से ओझल हो गया। और जैसे ही वह मेरी दृष्टि से ओझल हो गया, यहाँ एक मनुष्य आता है, जो सचमुच डरपोक, काले वस्त्र पहने हुए था, इस तरह से चारो ओर घूमते हुए, जा रहा था, व्यूह, व्यूह, खराब बीज को फेंकते जा रहा था, व्यूह, व्यूह। और मैंने इसे देखा, और जैसे–जैसे धरती गोल धूमती जा रही थी...

193 थोड़ी देर बाद गेहूं ऊपर आता है। और जब गेहूँ ऊपर आने लगता है, वहां उसमें से कँटीली झाड़ी आती है, और काँटे, और जंगली घासपात निकलने लगते हैं, और हर एक चीज जो ऊपर आने लगती है, और दूध के जंगली पौधे, और जो हर एक चीज गेहूँ में उगने लगते हैं। और वे सब एक साथ बढ़ रहे थे। और वहाँ पर एक बहुत ही, बुरा अकाल आया, और छोटे से गेहूँ का सिर इस तरह से ऊपर की ओर था, और वो छोटी सी जंगली झाड़ी, और काँटे, और उनका सिर उनके ऊपर की ओर था। हर घासपात बस [भाई ब्रन्हम एक हांफने की आवाज करते है—सम्पा।] इस तरह सांस से ले रहे है। आप बस उन्हें सुन सकते थे। और वे बारिश, बारिश के लिए पुकार रहे थे।

194 और कुछ समय बाद, एक बहुत बड़ा बादल आया, और पानी तब नीचे की ओर फुट पड़ा। और जब पानी वहां पर गिरा, तो वह गेहूं उछलकर चिल्लाने लगा, "महिमा, हाल्लेलुय्या, प्रभु की स्तुति हो!" ऊपर छोटे–छोटे जंगली घासपात ऊपर कूदने लगे और चिल्ला उठे, "महिमा, प्रभु की स्तुति हो, हाल्लेलुय्या!" काँटे और सब के सब खेत में चारों ओर चिल्लाते हुए नाच रहे थे, "महिमा, हाल्लेलुय्या, प्रभु की स्तुति हो!"

तो, मैंने कहा, “मैं इसे नहीं समझ सकता हूँ।”

195 दर्शन ने मुझे छोड़ दिया; फिर मैं उस पर वापस चला गया: “वो जंगली झाड़ी उगाती है जो निकम्मी होने पर है।” तब मैंने पकड़ लिया। यीशु ने कहा, “बारिश धर्मी और अधर्मी दोनों पर पड़ती है।” एक मनुष्य सभा में बैठ सकता है, अन्य जुबान से बोल सकता है, सच्चे पवित्र आत्मा के साथ उनमें से बाकी लोगों की तरह ही चिल्ला सकता हैं और कार्य कर सकता हैं और फिर भी वो परमेश्वर के राज्य में नहीं हो सकता हैं। यह बिल्कुल सही है। क्या यीशु ने नहीं कहा, “उस दिन बहुत लोग से खड़े होकर और कहेंगे, ‘प्रभु, क्या मैंने तेरे नाम में शैतानो को नहीं निकाला; क्या मैंने तेरे नाम में भविष्यद्वाणी (प्रचार) नहीं किया? क्या मैंने तेरे नाम के बहुत से बड़े–बड़े काम नहीं किए? ’” यीशु ने कहा, “मुझ से दूर हो जा, तुम अधर्म के काम करने वालो, मैं तुम्हें यहाँ तक जानता भी नहीं।” इस बारे में किस तरह से है?

196 यहाँ पर वास्तव में जो इसका अर्थ है। देखा? उन्होंने स्वर्ग से अच्छी बारिश को चखा। लेकिन आरंभ से ही, वे गलत थे। आरंभ से ही उनके उद्देश्य सही नहीं थे; उनके इरादे ठीक नहीं थे। यह, आप नहीं बता सकते है। वो... आप जानते है, कटनी में उसने कहा, “क्या मैं आगे जाकर और उन सभी को उखाडू? ”

197 उसने कहा, “उन्हें साथ–साथ बढ़ने दो, और उस दिन पर इन काँटों और झाड़ियों को एक साथ जलाया जायेगा, और गेहूँ अनाज के गोदाम में चला जाएगा।” अब, आप कैसे जानेंगे कि कौन से कांटे है, या कौन जंगली झाडी है, या कौन सा गेहूं है? “उनके फल के द्वारा तुम उन्हें जानोगे।” आप देखना, भाईयों, बहनो, एक अच्छा पेड़ बुरा फल नहीं ला सकता। कोई फर्क नहीं पड़ता, सड़क के किनारे कहीं तो, यह आपके साथ पाए जायेंगे। सो, आप पवित्र आत्मा के बपतिस्मे की इच्छा में है... मैं हमेशा ही खुश होता हूँ जिसने इसे लिखा है। देखा?

198 अब, वहाँ वे पहले के सीमा रेखा के विश्वासी, वे ठीक उनके साथ थे। उनके खतने के साथ उनका खतना किया गया था। वे ठीक वहां उस देश पर चले गए, जिसकी परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की थी, ठीक इसके किनारे तक आये थे। बहुत से लोग उस किनारे तक चल कर जाते हैं। वो ठीक पवित्र आत्मा के बपतिस्मे तक चलेगा और इसे अस्वीकार कर देगा। वो

इसे छोड़ना नहीं चाहता। वो ठीक यीशु मसीह के नाम में के बपतिस्मा के वचन तक चलेगा, और अपनी पीठ को फेर देगा, और इसे देखते रहने से इसे अस्वीकार कर देगा।

199 वहां सारी बाइबल में एक भी वचन नहीं है जहाँ कभी किसी को पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा दिया गया था, एक वचन भी नहीं है। कैथोलिक कलीसिया ने इसे आरंभ किया, लूथर, आगे वेस्ली में, और यहां से होते हुए आगे लाया गया। यह बिल्कुल सही है। लेकिन वचन के अनुसार आदेश प्रभु यीशु मसीह का नाम है। यही प्रेरितो का बपतिस्मा है। आप एक संप्रदाय में बने रहकर और इसे नहीं कर सकते है। ये सही बात है।

200 अब, आप उन चीजों को देखते हैं? पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, आत्मा के दान, वे चीजें जिसे परमेश्वर आगे लाता है... आत्मा के फल प्रेम, आनंद, धीरज है (ओह, आप कहते हैं, "लेकिन भाई ब्रंहम, परमेश्वर धन्य है, मैं लंबे समय से धीरज धरे हुए हूं।" ये ऐसा दिखाई देता है। मैं कुछ समय पहले ओहीयो गया था, और किसी ने मुझसे पूछा, मुझे यहाँ पर एक पत्र लिखा और मुझसे पूछा कि क्या मैं लोगों को यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा देता हूँ। मैंने कभी एक शब्द नहीं कहा। उन्होंने इसे किसी भी तरह जान लिया, और सोलह सहयोग करने वाले सेवको ने हाथ पीछे खींच लिये। यही सहनशीलता है क्या ये नहीं है!)—धीरज धरना, भलाई, नम्रता, कोमलता, धीरज और पवित्र आत्मा। समझे?

201 ओह, भाईयो, बहनो, हम—हम कादेश–बर्निया में हैं। आप अभी चख रहे हैं। कल रात पवित्र आत्मा हम पर उतर आया, तेज आंधी की नाईं हम में आ गया। यह आप में से बहुतों पर ठहर गया। आज सेवक लोग यहाँ और वहां के घरों का दौरा कर रहे हैं, हाथो को रखते है और उनके लिए प्रार्थना करते है जो पवित्र आत्मा को इच्छा रखते हैं। आप कोई विकल्प न लें। आप किसी प्रकार के शोर को न ले। आप किसी तरह की अनुभूति होने को न लें। आप वहाँ तब तक रुके रहे जब तक कि परमेश्वर आपको आकार नहीं देता और आपको एक नई सृष्टी नहीं बनाता, आपको एक नया व्यक्ति नहीं बनाता। आप इसे अभी चख रहे हैं, बस इसे चख रहे हैं, लेकिन वो पिंडुक को आपको सीधे उस टेबल तक अगुवाही करने दें, और—और मेम्ना और पिंडुक एक साथ बैठते है, और हमेशा के लिए परमेश्वर के वचन का भोज

करते है। क्योंकि ये बना रहेगा जब वहां कोई आकाश या धरती नहीं होती है; परमेश्वर का वचन बना रहेगा। यह सच है।

202 कृपया करके ऐसा न सोचें कि मैं कट्टरपंथी हूं। यदि मैं रहा हूं, तो मेरा अर्थ यह नहीं था। यदि मैं... मैं आशा करता हूँ कि मैंने इन प्रश्नो के उत्तर दे दिये है; मेरे पास, जो मेरी सर्वोच्च जानकारी है।

203 और इसलिए, इब्रानियों 6 में, यदि आप देखेंगे, कि पौलुस इब्रानियों से बात कर रहा है, जिसने कहा, "तो ठीक है, हम दूर तक तुम्हारे साथ चलेंगे।" वे ऊपर आएंगे। आपने देखा? कहा, "अब, आपने... " वे जो ऊपर आते है और चख चुके हैं।

204 मैंने अभी इमारत में पीछे की ओर देखा। एक जीवित परमेश्वर के प्रमाण को आपको दिखाऊं। मैं आशा करता हूँ कि मैं इस व्यक्ति के नाम को ऊँचा नहीं कर रहा हूँ। ज्यादा समय नहीं हुआ मैं एक सभा से आया, और यहां पर आया, और आपको घोषणा की कि एक अच्छा मित्र, मेरा एक अपना दोस्त, एक शिकार का साथी, एक मनुष्य मेरे लिए भला रहा था, एक मनुष्य जो मेरे कलीसिया में रहा था, और मेरा भाई था; मैं उसे बस्टी कहता था। उसका नाम एवरेट रॉजर्स है; वो मिलटाउन में रहता था। कितने लोगों को याद है कि मैं यहां इसकी घोषणा करने आया था? वो यहाँ अस्पताल में पड़ा हुआ था; डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया, उसकी चीर–फाड़ की, और वो पूरी तरह कैंसर से भरा हुआ था कि उन्होंने बस उसे सील दिया। कहा, "वो सिकुडता जाएगा; कुछ ही हफ्तों में वो चला जाएगा; बस इतना ही इसमें होगा। वह समाप्त हो जाएगा, बस ऐसा ही है।"

205 आपको याद है कि कैसे मैं यहां मंच पर खड़ा हुआ था, उसके लिए प्रार्थना की? वहाँ पर नीचे चला गया और कमरे के अंदर गया, मेरे ह्रदय में कुछ तो खा रहा था। मैं कमरे के अंदर चलकर गया, और जैसे ही मैंने सबको बाहर किया जिससे कि मैं... भाई एवरेट वहाँ लेटे हुए थे। और आपको ये याद होगा। मैं अंदर चलकर गया; मैंने कहा, "भाई—भाई बस्टी." (मैंने उसे बस्टी कहकर बुलाया।)

206 बहुत पहले जब हमारी वहाँ नीचे ब्रश आर्बर में सभाये हो रही थी, वे सारे मेथोडिस्ट वहाँ पीछे की ओर जो पहाड़ी पर थे (गर्टी, उनमें से एक है), चुपके से वहां आते थे, अंगूर के बाग से झाँकते थे कि मैं क्या कहने जा रहा हूँ, और इसी तरह से कुछ, वे डरते थे कि मेथोडिस्ट कलीसिया

उन्हें बाहर निकाल देगी। और फिर, मैं गया और मुझे वहाँ एक दर्शन मिला था, और मैंने देखा कि भोजन या मांस एक डिब्बे में पूरा भरा हुआ था। मैंने मछलियों का एक ढेर पकड़ा था और उन्हें बाँधा, उन्हें इन डोरियों पर रखा—डाला, और मैंने उन्हें मैं ने उन डोरियों से बान्ध दिया। और जब मैंने देखा... और यह सब एक दर्शन में था; मैंने उस रात ब्रश आर्बर के नीचे खड़े लोगों के एक झुण्ड को छोड़—छोड़ कर और वहां ऊपर भाई राइट के यहाँ पहाड़ी की चोटी पर चला गया। और और वे मुझे अगली सुबह भी नहीं ढूंढ पाए। मैंने कहा, "आप में से कोई नहीं... "

207 जब मैं वहाँ खड़ा होकर प्रचार कर रहा था, तो यहाँ वो प्रकाश आया था; वो आग का खंभा ठीक मेरे सामने आकर यहाँ ठहर गया और कहा, "यहाँ से निकलो और जंगल में चले जाओ; मैं तुमसे बात करूंगा।" यह वही दिन था, अगले दिन जब उन्होंने मुझे ऊपर पहाड़ी पर पाया। और मैं वहाँ पर गया था; मैंने अपनी कार को घास–फूस में छिपा दिया था, और सारी रात भर और दूसरे सारे दिन तक एक पहाड़ पर जाकर प्रार्थना कर रहा था। उनमें से कुछ वहाँ ऊपर आये, कार को पाया और वहाँ पर आ गए... यही वो दिन था जब भाई ग्राहम स्नेलिंग ने यहां पवित्र आत्मा को पाया था और उन्हें सेवकाई के अंदर बुलाया गया।

208 वहाँ ऊपर पहाड़ी की ढाल पर मैं वहाँ लेटा हुआ था, और उसने—उसने मुझे भिन्न चीजो को करने के लिए बताया और हमने जो मिलकर वार्तालाप की थी। उसने इन बंधी हुई मछलियों के देखने का दर्शन दिया, कहा, "यह तुम्हारी मिलटाउन कलीसिया है।"

और उनमें से चार या पांच फडफडा कर निकल गए; और मैंने कहा, "वो कौन है? "

कहा, "उनमें से एक गाइ स्पेंसर और उनकी पत्नी हैं। दूसरा वहां पर एक और स्पेंसर है, और वे लोग।" और उसने अलग–अलग लोगों को बताया, कौन फडफडा कर निकलेगा।

209 मैंने उन्हें बताया; मैंने कहा, "आप में से कोई भी मत खाना।" मैं और मेरी पत्नी नहीं... हमारे विवाह से पहले की बात है; और वह एक बहुत अच्छी महिला बहन स्पेंसर के साथ रात भर रहने के लिए उसके घर पर गई। बहुत अच्छे मनुष्य, गाइ स्पेंसर बस वे एक ऐसे भले मनुष्य है जैसे वो मजबूती से खडे है। और—और वो वहां पर गया, और ओपल ने कहा,

“अब देखो... ” मेडा से, उसने कहा, “अब, मेडा, मैं भाई बिल पर विश्वास करती हूँ।” उसने कहा, “लेकिन जब ओपल को भूख लगती है, तो उसे सुखा मांस और अंडे खाने पड़ते हैं।” इसलिए वो वहां जाती है, और अपने लिए सुका मांस और अंडे पकाकर और उन्हें खाने के लिए बैठती है, और धन्य कहने लगती है, और रोते हुए टेबल पर झुक जाती है, इसे छू नहीं पाती है। उसके बाद वे शिकार करने आते है।

210 और वहाँ उस दिन पहाड़ी पर, उसने मुझे बताया कि वास्तव में क्या बात होगी। उसने कहा, “ये चले जाएंगे, और उसके बाद ये चले जाएंगे।” लेकिन उसके पास डिब्बा भर के भोजन या मांस का एक बड़ा डेर था। उसने कहा, “इसे मिलटाउन लोगों के लिए आगे उपयोग के लिए रखना।” और एक रात जब मैंने भाई क्रीच को सुना... वो पिछली रात यहां बैठे हुए थे। मैं नहीं... भाई क्रीच, क्या आप आज रात में थे? जब भाई क्रीच मेरे पास आए थे, तो मुझे फोन किया, और बहन क्रीच, रो रही थी; उसके पिता वहां पर पड़े हुए थे। कहा, “भाई बिल, उन्हें मत बताना। वो मर रहे है।” कहा, “कैंसर उन्हें खा रहा है; डॉक्टरों ने उनकी चीर–फाड़ की है, और वह उतने कैंसर से भरे हुए है जितने वे हो सकते है।” और विल हॉल (और आप सभी को वे याद होंगे), जब उसी डॉक्टर ने उसको चीर–फाड़ किया और वह कैंसर से बहुत ही भरा हुआ था... मैं उस सुबह गिलहरी के शिकार के लिए निकला था, और मैंने उन सेबो को कमरे में लटकते हुए देखा। (आपको इसकी वो कहानी याद है? ) और वहाँ वो व्यक्ति आज जी रहा है। यह वर्षो पहले की बात है। वो और भाई बस्टी मित्र थे।

211 और मैं अस्पताल में गया, नये अस्पताल में (मैं भूल गया कि वे इसे क्या कहते हैं, जो वहां न्यू अल्बानी में है) नया अस्पताल। और मैं वहाँ पर बस्टी को देखने के लिए गया; और जब मैं कमरे में गया, तो मैंने कहा, “भाई बस्टी।”

उसने कहा, “भाई बिल।” उसने मेरे हाथ को पकड़ लिया पहले के जैसे जोर से हाथ मिलाने के साथ; प्रथम विश्व युद्ध के एक अनुभवी, मैं इसलिए नहीं इसे कह रहा हूँ क्योंकि वो यहाँ पर मौजुद है, लेकिन एक पुरानी नीली कमीज के अंदर हमेशा की तरह एक अच्छा ह्रदय धड़क रहा है। उसने मेरा हाथ पकड़ लिया। मैं उसके घर में रहा हूँ; उसके घर में खाया

है; उसके घर में सोया हूँ, बस जैसे कि मैं उसका भाई था। उसके बच्चे और सब, हम बस—बस लहू के भाइयों की तरह है। भला मनुष्य।

212 और वो... लेकिन वो कभी भी प्रभु के साथ गहराई से नहीं आया। वो... मैंने उसे यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा दिया। लेकिन उस दिन जब उस मेथोडिस्ट प्रचारक ने कहा, "कोई भी जिसने यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया है, मेरे तंबू के नीचे से बाहर निकल जाओ।" यह ठीक था। जॉर्ज राइट और वे बाहर चले गए। उस दोपहर मैं वहाँ टोटेन फोर्ड में यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा देने के लिए चला गया। उसके सारे सभा के लोग पानी में उतर गए और उन्होंने यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया। तो मैं बस आगे चला गया। यह सब ठीक था। परमेश्वर आपके साथ हो, तो आपका विरोधी कौन हो सकता है? मैं यहाँ तक जानता भी नहीं कि वह मनुष्य कहां चला गया, उसके साथ क्या हुआ।

213 हालाँकि, मैं अस्पताल में चलकर गया। वहाँ बस्टी पूरी तरह से कैंसर से भरा हुआ वहां पड़ा हुआ था, यहाँ तक डॉक्टर भी कुछ नहीं करेंगे, उसे बस पीछे से एक साथ जकड़ने के आलावा उन्होंने कुछ भी नहीं किया। बस्टी ने मुझसे कहा; उसने कहा, "भाई बिल, यह एक उद्देश्य के लिए है। कुछ तो हुआ है।"

मैंने कहा, "हाँ, बस्टी।" उस आत्मा को सनसनाती आंधी की तरह महसूस करना आरंभ किया जिसके बारे में मैं बात कर रहा था, आप जानते हैं, अंदर आ रही थी।

उसने कहा... जब मैं यहां पर चल कर आया, वहां उस कोने में एक मेघधनुष था, जो उस कोने में ठहरा हुआ था। एक मेघधनुष एक वाचा है; परमेश्वर की वाचा। उस दिन उस पहाड़ पर परमेश्वर ने मेरे साथ वाचा बान्धी। मेरे हाथ को भाई बस्टी पर रखकर और उसके लिए प्रार्थना की।

डॉक्टरों का कहना है, "वह सिकुड़ता जाएगा। वह बस जल्दी समाप्त हो जाएगा। वहां कुछ भी नहीं कर... वो बस कुछ ही दिनों में चला जाएगा।" और बस्टी रोजर्स... यह सप्ताह और सप्ताह और सप्ताह पहले की बात है, और बस्टी रॉजर्स, आज रात यहां कलीसिया में ठीक यहाँ पीछे बैठे हुए है, स्वस्थ और मजबूत जितना कि मैंने कभी उसे अपने जीवन में देखा। खड़े हो जाये, भाई बस्टी। वहां है वो। आइए हर एक जन परमेश्वर की स्तुति करें।

वे ऊपरी कमरे में इकट्ठे हुए थे,
सभी उसके नाम में प्रार्थना कर रहे थे।
पवित्र आत्मा का बपतिस्मा लिया,
और सेवा करने की सामर्थ आ गई।
अब, उसने उस दिन उनके लिए जो किया,
वो आपके लिए वही करेगा।
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, "मैं उनमें से एक हूं।"

मैं उनमें से एक हूं, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, "मैं उनमें से एक हूं।" (हाल्लेलुय्या!)
उनमें से एक, मैं उनमें से एक हूं;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, "मैं उनमें से एक हूं।"

भले ही हो सकता है ये लोग होने का दावा नहीं करे,
या सांसारिक प्रसिद्धि का अहंकार,
उन सभी ने उसके पेंटीकोस्ट को पा लिया,
यीशु के नाम में बपतिस्मा लिया।
और वे अब दूर और दूर तक बता रहे हैं,
उसकी सामर्थ अब भी वही है।
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, "मैं उनमें से एक हूं।"

मैं उनमें से एक हूं, मैं उनमें से एक हूं;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, "मैं उनमें से एक हूं।" (हाल्लेलुय्या!)
उनमें से एक, मैं उनमें से एक हूं;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, "मैं उनमें से एक हूं।"

अब, आओ मेरे भाई, इस आशीष को मांगे
यह आपके हृदय को पाप से शुद्ध करेगा,

यह आनंद की घंटियाँ को बजाना आरंभ करेगा,
और आपके प्राण को अग्नि की ज्वाला पर रखेगा।
ओह, यह अब मेरे ह्रदय के भीतर जल रहा है,
ओह, उसके नाम की महिमा हो।
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।” (आइये इसे गाये!)

ओह, उनमें से एक, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।” (हाल्लेलुय्या!)
उनमें से एक, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।” (कितने जन उनमें से एक हैं? अपने हाथो को उठाये। ओह, प्रभु! ओह, मैं कितना खुश हूं कि मैं उनमें से एक हूं।)

उनमें से एक, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।” (हाल्लेलुय्या!)
उनमें से एक, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।”

वे उस ऊपरी कमरे में इकट्ठे हुए थे,
सभी उसके नाम में प्रार्थना कर रहे थे।
उन्होंने पवित्र आत्मा से बपतिस्मा लिया था,
फिर सेवा के लिए सामर्थ आ गयी।
अब, उसने उस दिन उनके लिए जो किया,
वो आपके लिए वही करेगा।
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।”

ओह, उनमें से एक, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।” (हाल्लेलुय्या!)

उनमें से एक, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक
हूं।”

अब, जब कि हम उस गीत के भाग को फिर से गाये, मैं चाहता हूं कि आप में से हर एक यहाँ–वहां घुमे, और आपके आस पास किसी से हाथ को मिलाएं, और कहे, “क्या आप उनमें से एक हैं? ” देखा? अच्छी बात है।

ओह, उनमें से एक (मैं जानता हूँ कि आप हो, भाई नेविल। मैं जानता हूँ कि आप हो, भाई कैप्स। मैं जानता हूँ कि आप हो। मैं जानता हूँ कि आप हो... ? ... )
... उनमें से एक।

ओह, उनमें से एक, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक
हूं।”

214 ओह, क्या आप खुश नहीं हैं कि आप उनमें से एक हैं। कितने लोग एक होना चाहेंगे? अपने हाथ को उठाये। तो ठीक है। अब, मैं आपके लिए इसे गाने जा रहा हूँ:

तब आओ मेरे भाई, इस आशीष को मांगे
यह आपके हृदय को पाप से शुद्ध करेगा,
यह आनंद की घंटियाँ को बजाना आरंभ करेगा,
और आपके प्राण को अग्नि की ज्वाला पर रखेगा।
ओह, यह अब मेरे हृदय के भीतर जल रहा है,
ओह, उसके नाम की महिमा हो।
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक
हूं।”

ओह, उनमें से एक, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक
हूं।” (हाल्लेलुय्या!)

उनमें से एक, मैं उनमें से एक हूं,
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।”

215 याद रखें कि छोटी लड़की ने पतरस से क्या कहा, “क्या आप उनमें से एक नहीं हैं? ” मैं बहुत खुश हूँ, क्या आप नहीं है? आप जानते हैं, पतरस ने पेंटीकोस्ट के दिन कहा, “ये वही है!” अब, मैंने हमेशा ही कहा है, “यदि *यह* वो नहीं है, तो मुझे खुशी है कि मुझे *यह* मिल गया, उसके आने की प्रतीक्षा कर रहा था।” ये सही है। मैं इससे खुश हूं।

क्योंकि मैं उनमें से एक हूं, मैं उनमें से एक हूं;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।”
ओह, उनमें से एक, उनमें से एक;
मैं बहुत खुश हूँ कि मैं कह सकता हूँ, “मैं उनमें से एक हूं।”

216 ओह, क्या यह अद्भुत नहीं है, मसीह यीशु में स्वर्गीय स्थानों में एक साथ बैठना, आत्मा के साथ वार्तालाप करना, वचन पर वार्तालाप करना, आने वाली अच्छी चीजों के बारे में बात करना। यह बहुत ही अच्छा है। मैं यह जानकर बहुत खुश हूँ, क्या आप नहीं है? क्या आप खुश नहीं हैं कि आप एक मसीही हैं? क्या आप खुश नहीं हैं कि आपके पाप लहू के नीचे हैं? वो इन दिनों में से किसी एक दिन आयेगा, और हम उसके साथ जायेंगे। तब सोचे, हम में से सारा बुढ़ापा छुट जाएगा; सारी बीमारियाँ, सारी पीड़ाये, सारा मरणहार जीवन बदल जाएगा। ओह, प्रभु! मैं बस उन प्रिय पुराने भाइयों के बारे में सोच सकता हूँ जो यहाँ खड़े थे। मुझे याद है... कितने लोग रब्बी लॉसन को याद करते हैं? ओह, आप सभी लोग। मैं उसे ठीक उस पुरानी छड़ी को लटकाये हुए देख सकता हूँ। और मैं वहाँ पीछे बैठा रहता। वो इस छोटे से गीत गाता... (बस एक मिनट भाई टेडी।) मैं कोशिश करूँगा, देखें कि क्या मैं इसकी धुन पकड़ सकता हूँ। मैं नहीं जानता।

वहां मेरे लिए एक सुखद कल की प्रतीक्षा है,
जहाँ मोती के द्वार हिलते हुए पूरी तरह से खुलते हैं,

और जब मैं इस दुख की घाटी को पार करता हूं,
मैं दूसरी ओर विश्राम करूंगा।

किसी दिन मरणहार दृष्टि की पहुंच के उस ओर,
किसी दिन, परमेश्वर ही जानता है बस कहाँ और कब,
मरणहार जीवन के पहिये पूरी तरह थम जायेंगे,
तब मैं सिय्योन की पहाड़ी पर रहने के लिए जाऊंगा।
(जी हां।)

217 ये छोटे पहिये जो हमारे अंदर घूम रहे हैं—देखना, चखना, महसूस करना, सूंघना और सुनना, ये छोटी–छोटी चेतनाए और पहिए जो इस मरणहार जीवन में घूम रहे हैं, किसी दिन वे थम जायेंगे। तब मैं, मैं खुद, और आप, हम सिय्योन की पहाड़ी पर रहने के लिए चलें जायेंगे। ओह, मैं इसे पसंद करता हूँ, क्या आप नहीं करते? जानते है कि हमारे पास वो धन्य आश्वासन है। तो ठीक है। कितने लोग हमारे पुराने बपतिस्मा के गीत को जानते हैं? अब, हम इसे बदलेंगे। आइए हमारे समाप्ति के गीत को लें:

यीशु का नाम अपने साथ ले,
दुःख और शोक की संतान;
ये तुम्हे आनंद और दिलासा देगा,
जहां कहीं भी आप जाये इसे ले।

218 यीशु के नाम को अपने साथ ले। बस ऐसा करे, जब आप जाते है। तो ठीक है, अब सब एक साथ गाये। भूलना नहीं, सुबह आठ बजे सभा के लिए प्रार्थना के कार्ड दिए जाएंगे। सभा साढ़े नौ बजे आरंभ होगी। मैं दस बजे प्रचार करूँगा। लगभग ग्यारह बजे बीमारों के लिए प्रार्थना की सभा आरंभ होगी।

219 कल दोपहर को, कल शाम को आराधनालय में सुसमाचारक का सन्देश होगा। और कल रात, आप सब जो अपने पापों से पश्चाताप कर चुके है और कभी भी बपतिस्मा नहीं लिया है, वहाँ पर... तालाब खुला रहेगा; हम लोगों को प्रभु यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा देंगे।

220 अब सब एक साथ मिलकर, जब हम अपनी आवाज को ऊँचा उठाकर गाते हैं। भाई बस्टी, आप नहीं जानते कि मैं कितना खुश हूं और परमेश्वर का धन्यवादित हूं। आप जानते है, वो डॉक्टर के पास गये। और उन्होंने मुझे बताया कि डॉक्टर ने उनकी ओर देखा, और बस नहीं समझ पा रहे

थे कि क्या सोचे। उसने विश्वास नहीं किया कि यह वही व्यक्ति है। ओह, यह कोई रहस्य नहीं है कि परमेश्वर क्या कर सकता है। क्या यह सही नहीं है? तो ठीक है।

नाम को ले (इसे बजाये!) यीशु के अपने साथ,
दुःख और शोक की संतान;
ये तुम्हे आनंद और दिलासा देगा,
अब, तुम जहां कहीं भी जाओ, इसे ले।

बहुमूल्य नाम (बहुमूल्य नाम!), ओह कितना मधुर!
धरती की आशा और स्वर्ग का आनंद;
बहुमूल्य नाम (ओह, बहुमूल्य नाम!), ओह कितना मधुर!
धरती की आशा और स्वर्ग का आनंद।

221 तो ठीक है। मैं अब सभा को पास्टर को सौंपता हूं। उनके पास कुछ शब्द होंगे, या किसी के लिए बोलेंगे कि हमें विदा करने के लिए, जो कुछ भी उनके मन में है।

***पवित्र आत्मा पर प्रश्न और उत्तर*** HIN59-1219

(Questions and Answers on the Holy Ghost)

**कलीसिया श्रृंखला का प्रबन्ध, व्यवस्था और शिक्षा**

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में शनिवार शाम, 19 दिसंबर, 1959, को ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरसनविल, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2021 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

## कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org